kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-159 ❒ गुरुवार, 09 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



युवा ज्ञान, संस्कार और नवाचार से विकसित भारत का सपना साकार करेंगे। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसे उत्तरदायी, संवेदनशील और संस्कारित नागरिक तैयार करना है। आनंदीबेन पटेल

17 जुलाई से चलेगी पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी 11
उत्तराखंड बनेगा विश्व की आध्यात्मिक राजधानी : धामी 12

## संक्षेप

### ओमान में दबोचा गया महादेव ऐप का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर

**नई दिल्ली।** महादेव सट्टेबाजी ऐप का प्रमोटर और मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान पुलिस ने हिरासत में लिया है। भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण या डिपोर्ट के जरिए भारत लाने की कोशिश में जुट गई है। अधिकारियों के अनुसार, छत्तीसगढ़ के रहने वाले चंद्राकर को कुछ सप्ताह पहले रॉयल ओमान पुलिस ने भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर हिरासत में लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आरोप है कि महादेव ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के कुछ प्रभावशाली राजनेता और नौकरशाह भी शामिल रहे हैं तथा इस नेटवर्क से करीब 6,000 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई।

### बाजार में चौतरफा बिकवाली के निवेशकों के 8.24 लाख करोड़ रुपये स्वाहा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ सीजफायर खत्म करने का एलान करते ही आज दुनिया भर के शेयर बाजार में कोहराम मच गया। इस ऐलान के बाद घरेलू शेयर बाजार भी बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा आठ लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 471.44 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 479.68 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.24 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

### शोपियां में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां ज़िले में शनिवार से चल रहे आतंकवाद-विरोधी अभियान में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शोपियां के चनापोरा इलाके में यह अभियान शनिवार से चल रहा था। सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। उसी दिन शाम को थोड़ी देर के लिए गोलीबारी भी हुई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा, ल आप भाग तो सकते हैं, लेकिन छिप नहीं सकते। एसओजी शोपियां ने राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर चलाये गये एक संयुक्त अभियान में लश्कर के एक आतंकवादी को मार गिराया। इससे पहले, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान इलाके से कुछ गोलियों की आवाज़ सुनाई दी थी।

# चाणक्य जैसा गुरु होगा तो देश कभी विपन्न नहीं हो सकता : योगी

एजेंसी

**आयोजन**

- ❒ वाराणसी से मुख्यमंत्री ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया
- ❒ डीबीटी के माध्यम से 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में 1320 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला है और इसके बगैर कुछ भी हो पाना संभव नही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से कहा है कि हमें विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा के बदले में सरकार आपसे कुछ नहीं चाहती, सिर्फ एक चीज मांगती है कि प्रत्येक शिक्षक बच्चों की पढ़ाई, विद्यालयों की स्वच्छता और उनके सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। विद्यार्थियों के लिए सही मार्ग प्रशस्त करना शिक्षकों का कर्तव्य भी है और राष्ट्रीय दायित्व भी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल, बड़ा लालपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों तथा शिक्षामित्रों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। साथ ही डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में 1320 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के कैशलेस इलाज पर प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च करेगी और इसका पूरा वहन राज्य सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है ताकि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ नई पीढ़ी का भविष्य संवार सकें। क्योंकि आचार्य चाणक्य जैसा गुरु होगा तो देश कभी विपन्न नहीं हो सकता,विदेशी ताकतें भी आंखें उठाकर नहीं देख सकतीं है। उत्तर प्रदेश की बहुत सी योजनाएं ऐसी है जो देश में रोल माडल है। आज विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के शिक्षक देशभर में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां के सांसद ने उन्हें बताया कि राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षक उत्तर प्रदेश से हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं तीन महीने तक चलती थीं, जबकि अब शिक्षकों के सहयोग से मात्र 15 दिनों में परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं और समयबद्ध तरीके से परिणाम भी घोषित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पिछले नौ वर्षों में परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सरल और नकलमुक्त बनाया है। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों का ही परिणाम है कि अब प्रदेश के विद्यार्थियों और युवाओं को पहचान के संकट का सामना नहीं करना पड़ता। शिक्षा का उन्नयन हुआ तो प्रदेश के विकास ने भी रफ्तार पकड़ ली हैं। मुख्यमंत्री ने योजना के शुभारंभ पर शिक्षकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि स्थायी शिक्षक एवं कर्मचारियों को 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म इंश्योरेंस, एक करोड़ रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट कवर, एक करोड़ रुपये का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर तथा 1.60 करोड़ रुपये तक का एयर एक्सीडेंट बीमा कवर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 हजार रुपये से अधिक वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों को भी 30 लाख से 80 लाख रुपये ● शेष पेज 11 पर

## विजिलेंस का भ्रष्टाचार के दोषी पूर्व एआरटीओ के घर छापा

# 20 करोड़ की संपत्ति बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच में आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊ के अलीगंज स्थित आवास से 13 किलो सोना समेत 20 करोड़ की संपत्ति बरामद की है। छापेमारी में उनकी कुल 35 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति मिली है। इसमें घर के कोने-कोने में छिपाकर रखे गए 1.62 करोड़ रुपये नकद भी शामिल हैं। आरोपी ने नोटों के बंडल बनाकर रखे थे।



ललित कुमार

विजिलेंस ने पिछले वर्ष आगरा से सेवानिवृत्त हुए आरोपी ललित कुमार के आवास पर मंगलवार को छापा मारकर छानबीन शुरू की थी, जो बुधवार दोपहर तक चली। घर से कई संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। जांच में काली कमाई का आंकड़ा और बढ़ सकता है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कार्रवाई करने वाली विजिलेंस टीम को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार आगरा के तत्कालीन एआरटीओ ललित कुमार के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में वर्ष 2024 में कानपुर एंटी करप्शन थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। शासन के निर्देश पर मामले की जांच विजिलेंस लखनऊ सेक्टर की टीम जांच कर रही है। विवेचना के दौरान भ्रष्टाचार के साक्ष्य जुटाए जाने के बाद कोर्ट से अनुमति लेकर आरोपी ललित कुमार के लखनऊ में चंद्रलोक कालोनी, अलीगंज स्थित आवास पर छापेमारी की गई। इस दौरान आरोपी के आवास से नकदी, सोने व चांदी के बिस्किट, सोना-चांदी व हीरे के बेशकीमती आभूषण व अन्य कीमती सामान बरामद हुआ।

- ❒ पिछले वर्ष सेवानिवृत्त हुए ललित कुमार के घर में मिला 13 किलो सोना
- ❒ नौ किलो चांदी के बिस्किट व आभूषण भी बरामद, कई संपत्तियों के दस्तावेज भी
- ❒ भ्रष्टाचार से कमाई गई 35 करोड़ की चल-अचल संपत्ति आई सामने, जांच जारी
- ❒ डीजीपी राजीव कृष्ण ने कार्रवाई करने वाली टीम को दिया एक लाख रुपये का इनाम

**आवासों का विवरण**

- ❒ लखनऊ, नोएडा, रायबरेली व बाराबंकी में 13 करोड़ की संपत्तियां
- ❒ अलीगंज, लखनऊ में आवास, सी-145, सेक्टर-ई में आवासीय भूमि
- ❒ मोहल्ला भरगवां कला, बालकगंज में आवासीय भूमि
- ❒ अलीगंज के बरारी टोला में आवासीय भवन
- ❒ कल्ली पश्चिम, मोहनलालगंज में आवासीय भूमि
- ❒ मोहनलालगंज परगना स्थित कृषि भूमि
- ❒ ग्राम बेहरिया, मोहनलालगंज में कृषि भूमि
- ❒ इस्माइलगंज में आवासीय भूमि
- ❒ इंदिरानगर योजना में आवासीय भूमि
- ❒ अंसल एपीजीओ, लखनऊ में फ्लैट बुकिंग
- ❒ माईसिटी इन्कटेक नोएडा में फ्लैट बुकिंग
- ❒ आशियाना सिटी मीठो, नोएडा में फ्लैट बुकिंग
- ❒ ग्राम जीतूपुरवा, बाराबंकी में कृषि भूमि
- ❒ ग्राम सहरो कोटी नूर मार्केट रायबरेली में कृषि भूमि

अन्य संपत्तियों की जानकारी : छापेमारी में आरोपी के घर से एक इनोवा व आई-20 कार, रिवाल्वर, विभिन्न बैंकों, पोस्ट आफिस, म्यूचुअल फंड, फिक्स डिपोजिट आदि में लगभग एक करोड़ रुपये से भी अधिक के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए।

घर की साज-सज्जा में खर्च किए करोड़ों : विजिलेंस ने आरोपी अधिकारी के घर में साज-सज्जा व घरेलू उपकरण में किए गए खर्च की भी लिखापढ़ी की है। इनमें करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है।

संभागीय निरीक्षक रहते हुए लगा था भ्रष्टाचार का आरोप : आरोपी ललित कुमार पर परिवहन विभाग में संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) के पद पर तैनात रहने के दौरान 2020 में भ्रष्टाचार को आरोप लगा था। तब कानपुर में ● शेष पेज 11 पर

# ईडी की सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण के झांसी व लखनऊ स्थित ठिकानों पर छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भ्रष्टाचार के मामले में बुधवार को सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव, उनके परिवार के सदस्यों व सहयोगियों के लखनऊ व झांसी स्थित कई स्थानों पर छापेमारी की। पूर्व विधायक व उनके करीबियों के आवास व व्यवसायिक ठिकानों पर छानबीन की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई कंपनियां भी जांच के घेरे में हैं। छापेमारी में संपत्तियों व संदिग्ध लेन-देन से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद की हैं।

सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने आरोपी झांसी के गरौठा विधानसभा क्षेत्र से चुने गए पूर्व विधायक दीप नारायण के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में जून 2022 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विजिलेंस जांच में पूर्व विधायक की 14 करोड़ रुपये की आय के बदले 37 करोड़ रुपये की संपत्तियां सामने आई थीं। ईडी के प्रयागराज स्थित जोनल कार्यालय ने विजिलेंस की एफआईआर को आधार बनाकर मामले में सितंबर 2022 में प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर अपनी जांच शुरू की थी। ईडी भ्रष्टाचार की कमाई गई बेनामी संपत्तियों की पड़ताल भी कर रही है। हालांकि जांच एजेंसी ने अभी छानबीन में बरामदगी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। ईडी के अनुसार मामले में छानबीन जारी है। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीमों ने लखनऊ में न्यू हैदराबाद स्थित और कानपुर रोड पर मानसरोवर योजना के सेक्टर-पी स्थित दो अपार्टमेंट में घंटों छानबीन की। झांसी में पूर्व विधायक के पुश्तैनी घर व उनके एक रिश्तेदार के आवास के अलावा कई अन्य स्थानों पर छानबीन की। लखनऊ के दोनों फ्लैट पूर्व विधायक की पत्नी के नाम होने की बात सामने आई है, हालांकि इन दोनों फ्लैट में वर्तमान में किराएदार रह रहे हैं। ईडी की टीमें प्रापर्टी से जुड़े कागजात, बैंक ● शेष पेज 11 पर

❒ आय से अधिक संपति का मामला, खंगाले गए करीबियों के भी ठिकाने

## टीएमसी के बैंक खातों में जमा 440 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी। ईडी ने धन के गबन से जुड़े एक मामले में बैंक में जमा तृणमूल कांग्रेस के 440 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक लगा दी है। अधिकारियों के अनुसार, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 17 (1-ए) के तहत आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 440.42 करोड़ रुपये की यह राशि तृणमूल कांग्रेस के तीन निजी बैंक खातों में जमा हैं। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को कोलकाता में पांच ठिकानों पर छापेमारी की गई। इनमें केयरवेल ग्रुप ऑफ कंपनीज के परिसर भी शामिल थे। यह समूह केयरवेल एविएशन नाम से निजी विमान किराए पर उपलब्ध कराने वाली कंपनी का भी संचालन करता है। अधिकारियों ● शेष पेज 11 पर

# कर्ज वसूली के लिए 'आईबीसी' हथियार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार राष्ट्रीय कंपनी लॉ अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के एक फैसले को बरकरार रखा। एनसीएलएटी ने एस्सार पावर गुजरात लिमिटेड के खिलाफ 85 करोड़ की दिवालियापन याचिका खारिज की थी। जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में जोर दिया कि जब पक्षों के बीच पहले से कोई असली विवाद हो, तो दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत ऑपरेशनल क्रेडिटर द्वारा दिवालियापन की कार्यवाही को कर्ज वसूली के लिए हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दे सकते। पीठ ने इसके साथ ही, एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अपील खारिज कर दी।

अपीलकर्ता यानी ऑपरेशनल क्रेडिटर का दावा था कि एस्सार पावर गुजरात पर कोयले की आपूर्ति के लिए लगभग 85 करोड़ बकाया थे और उसने आईबीसी की धारा 9 के तहत कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान कार्यवाही ● शेष पेज 11 पर

# देश के सभी हवाई अड्डों पर लगेगी एटीआरएस : अमित शाह

एजेंसी



❒ 2027 तक सभी राज्यों में एफआरआरओ कार्यालय

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने बुधवार को देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आव्रजन प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अध्यक्ष तथा गृह एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अमित शाह ने निर्देश दिया कि देश के सभी हवाई अड्डों पर स्वचालित एक्स-रे ट्रे रिटर्न प्रणाली (एटीआरएस) को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे मानव संसाधन की आवश्यकता कम होगी और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया अधिक तेज एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए हवाई अड्डों में इस प्रणाली की स्थापना के लिए उपयुक्त मानक निर्धारित किए जाएं। गृह मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डों पर प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच लेन और आप्रवासन काउंटर जैसी सभी प्रक्रियाओं को एकीकृत करते ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका-ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता खत्म: ट्रंप

एजेंसी



अंकारा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम और समझौता ज्ञापन (एमओयू) अब प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने हालिया सैन्य तनाव के बाद ईरान के साथ आगे किसी भी बातचीत में रुचि न होने की बात कहते हुए उसे ''समय की बर्बादी'' करार दिया है।

नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान नाटो महासचिव मार्क रूटे के साथ संवाददाताओं से बातचीत में श्री ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ''मैं अब उनके साथ कोई व्यवहार नहीं करना चाहता। जहां तक मेरा सवाल है, यह सब खत्म हो चुका है। उनसे बातचीत करना समय की बर्बादी है। वे झूठे हैं। श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हाल में दक्षिणी ईरान पर अमेरिकी हमलों और ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंध कड़े किये जाने के जवाब में बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया है। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने कहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कम से कम तीन वाणिज्यिक जहाजों पर कथित ईरानी हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान में कई ठिकानों पर ''शक्तिशाली'' सैन्य कार्रवाई की। सेंटकॉम ने कहा कि इन हमलों का उद्देश्य रणनीतिक जलमार्ग में नागरिक चालक दल वाले वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की कीमत ईरान से वसूलना था। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति इसी जलमार्ग से होती है। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा, ''ईरान की आक्रामक कार्रवाई अनुचित, खतरनाक और युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन है। श्री ट्रंप ने ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाकर युद्धविराम तोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें अब कूटनीतिक वार्ता में कोई सार नहीं दिखता। उन्होंने अमेरिकी वार्ताकारों का हवाला देते हुए कहा, ''वे बात कर सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। सच कहूं तो मैं भी अपना समय उनके साथ बर्बाद नहीं करना चाहता। यदि हमारे वार्ताकार चाहें तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन मुझे उससे कोई उम्मीद नहीं है। श्री ट्रंप ने कहा कि ईरान को बड़ा खतरा बनने से पहले रोकना आवश्यक है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार विकसित नहीं करने देगा। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने ताजा तनाव के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर ''संधि तोड़ने'' का आरोप लगाया। ईरान ने कहा कि अमेरिकी सैन्य हमलों, ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंधों की पुनर्बहाली और क्षेत्र में जारी सैन्य कार्रवाइयों ने समझौते के प्रमुख प्रावधानों को निष्प्रभावी बना दिया है और मौजूदा स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी अमेरिका की है। श्री ट्रंप ने नाटो सहयोगी देशों की भी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने ''आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजक'' ईरान के खिलाफ अमेरिका का पर्याप्त साथ नहीं दिया। उन्होंने एक बार फिर शिकायत की कि गठबंधन के रक्षा खर्च का असमान बोझ अमेरिका उठा रहा है। इस बीच, कतर ने ईरान पर कतर के एलएनजी पोत अल-रेकय्यात पर हमला करने, समुद्री यातायात बाधित करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। ईरान ने तेल टैंकरों को चेतावनी दी है कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा निर्धारित समुद्री मार्गों का ही उपयोग करें, अन्यथा उन्हें ''कड़े सैन्य जवाब'' का सामना करना पड़ेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रो-रसायन उत्पादों की ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिकी हमले युद्धविराम समझौते का उल्लंघन, तनाव बढ़ाने के लिए अमेरिका जिम्मेदार : ईरान

तेहरान। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्र में स्थित निगरानी एवं पर्यवेक्षण केंद्रों पर अमेरिकी सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार होगा।

विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि बुधवार तड़के अमेरिकी सेना ने ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित कई निगरानी और पर्यवेक्षण केंद्रों पर हमला किया, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन है।मंत्रालय ने कहा कि ये हमले पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के पहले प्रावधान का भी घोर उल्लंघन हैं, जिसमें सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने का प्रावधान किया गया था। बयान में कहा गया कि अमेरिकी वित्त मंत्रालय द्वारा एक रात पहले ईरान के तेल निर्यात की अनुमति वापस लेने, होर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित व्यवस्थाओं के उल्लंघन तथा लेबनान ● शेष पेज 11 पर

# सीवर खुदाई ने उजाड़ा नहर रोड का कारोबार, व्यापारियों ने जताया विरोध

❒ व्यापारियों के दुकानों पर दस दिन पसरा है सन्नाटा

❒ 48 घंटे में नहीं बनी वैकल्पिक व्यवस्था तो जल निगम व घ्डकके खिलाफ होगा निर्णायक आंदोलन : भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । जानकीपुरम की नहर रोड पर जल निगम द्वारा कराए जा रहे मुख्य सीवर लाइन निर्माण कार्य ने सैकड़ों व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। बिना किसी वैकल्पिक आवागमन व्यवस्था के पूरी सड़क बंद कर दिए जाने से पिछले लगभग दस दिनों से बाजार का कारोबार बुरी तरह प्रभावित है।

दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं और व्यापारियों को प्रतिदिन लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि संबंधित विभागों की लापरवाही ने पूरे बाजार को आर्थिक संकट में धकेल दिया है। व्यापारियों का कहना है कि विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन यदि विकास की कीमत व्यापारियों की आजीविका होगी तो इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन की असंवेदनशील कार्यशैली ने न केवल व्यापारियों बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी भारी परेशानी में डाल दिया है। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर विमल तिवारी को मौके पर बुलाकर व्यापारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि 48 घंटे के भीतर वैकल्पिक मार्ग, सुरक्षित आवागमन और व्यापारियों को राहत देने के ठोस इंतजाम किए जाएं, अन्यथा भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होगा। व्यापार मंडल ने कहा कि सरकारी विभागों की लापरवाही का खामियाजा व्यापारी क्यों भुगतें? यदि योजना बनाकर कार्य किया जाता तो न व्यापार चौपट होता और न ही जनता को इतनी परेशानी झेलनी पड़ती। विकास कार्यों की आड़ में व्यापारियों की आर्थिक रीढ़ तोड़ने का प्रयास किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 48 घंटे के भीतर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो जल निगम एवं लोक निर्माण विभाग (घ्डक) के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन, सड़क पर जनआंदोलन, घेराव और चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके चलते उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।

# मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के उद्घाटन समारोह में विधायक राजमणि कोल हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। आज मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के उद्घाटन समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमणि कोल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना प्रदेश सरकार की एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र शिक्षक को बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से शिक्षकों एवं उनके परिवार को गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधा मिलेगी और उन्हें इलाज के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरांव तहसील के उप जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सरकार की इस योजना की प्रशंसा की तथा शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की अपील की।

इसी क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक शिव शरण शुक्ल ने सैलरी एकाउंट से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मो. रिजवान खान ने की। उन्होंने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गणेश शंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्षा संतरा देवी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, मंडल अध्यक्ष बड़ोखर रामराज पटेल, मंडल अध्यक्ष कोरांव बबुआन द्विवेदी, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जामुनपार जिला संयोजक शशि द्विवेदी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अव्यक्त राम मिश्र, जी आई सी बेरी के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक धर्मेंद्र सिंह, अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह, एआरपी जय प्रकाश पटेल, दिनेश प्रसाद, लालमणि गुप्ता, संतोष तिवारी, अनुदेशक संघ के जिला अध्यक्ष भोला नाथ पांडेय, महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा सभी विद्यालयों के हेडमास्टर व शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

## एसीपी मेजा ने कोरांव में किया पैदल गश्त, थाना में की बैठक

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसीपी मेजा बृजेश पाठक ने गुरुवार को थाना प्रभारी कोरांव शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में क्षेत्र में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान उन्होंने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीपी ने आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गश्त के दौरान एसीपी ने पसना स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। वहां सीसीटीवी फुटेज की जानकारी ली और सुरक्षा की दृष्टि से पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद एसीपी ने थाना कोरांव में बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी विवेचनाओं को निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## 26 लुटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम पुरस्कृत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज, अमेठी एवं गंगागंज व्यापार मंडल की ओर से 23 जून को अमेठी के सर्राफ को गोली मारने और लूट करने वाले लुटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस को सम्मानित किया गया। इसी पुलिस टीम ने लूटे गये डेढ़ करोड़ के गहने बरामद भी बरामद किए थे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की ओर शीघ्र ही पुलिस उपायुक्त अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंत कुमार और सहायक पुलिस आयुक्त ऋषभ यादव गोसाईगंज थाना अध्यक्ष डी के सिंह सर्विलेंस टीम को भी सम्मानित किए जाने की बात कही गई।अमेठी व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपचंद वर्मा ,रवि वर्मा , गंगागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह , एवं गोसाईगंज व्यापार मंडल के महामंत्री जयप्रकाश रस्तोगी ,महेश चंद्र गुप्ता , अश्वनी यादव , व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष दिनेश साहू ,अंकित मिश्रा , गिरीश सोनी , आनंद कुमार सोनी, राजन सोनी, अंकित निगम , बृजेश गुप्ता ,अमित रस्तोगी , विजय गुप्ता ,नीरज गुप्ता , व्यापार मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज गांव के एक होटल पर काम करने वाला एक युवक के करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसके साथियों द्वारा इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस के अनुसार मूल रूप से अंबेडकर नगर स्थित नशेड़ी गांव के निवासी मृतक अवधेश (26) के भाई राकेश ने बताया कि उनके भाई बीते चार साल से सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अर्जुनगंज में खाने-पीने का होटल चलाते थे। वह वही होटल के पीछे रहते थे। मंगलवार को दोपहर चार बजे वह होटल में पंखे का स्विच लगाते समय अचानक करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। इलाज के लिए उन्हें वसिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

## फायर सेफ्टी का अभ्यास ही हादसों से बचाव का सबसे बड़ा उपाय

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रत्येक स्कूल में हर तीन महीने के भीतर कम से कम एक फायर सेफ्टी ड्रिल अनिवार्य रूप से कराई जानी चाहिए। इससे किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी मजबूत होती है। यह बात सिविल डिफेंस के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने फायर फाइटिंग एवं सेफ्टी ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान कही।रेड रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनोज वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में अग्निकांड की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिनकी चपेट में आकर कई बार मासूम बच्चों की जान भी चली जाती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अलीगंज स्थित एक कोचिंग संस्थान में लगी आग की घटना में 15 मासूम बच्चों की मौत हो गई। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा किसी दुर्घटना की स्थिति में नुकसान को न्यूनतम करने के लिए पहले से तैयारी और नियमित अभ्यास बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी ड्रिल का मुख्य उद्देश्य बिना घबराए मात्र तीन मिनट के भीतर सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने आग के प्रकारों की जानकारी दी, विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का प्रदर्शन किया तथा छात्र-छात्राओं, शिक्षिकाओं और विद्यालय की प्रधानाचार्या को आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।गौरतलब है कि सेवा संकल्प एवं एजुकेशन कॉसमॉस के संयुक्त तत्वावधान में सिविल डिफेंस के सहयोग से रेड रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फायर फाइटिंग एवं सेफ्टी ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, रेड रोज स्कूल की चेयरपर्सन स्मिता मिश्रा, प्रधानाचार्या श्रीमती आरती, सेवा संकल्प से सुखप्रीत कौर, अनीता सूद, रंजना तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक का शव मिलने से सनसनी, शरीर पर चोट के निशान हत्या की आशंका

**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकोरी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दोना गांव निवासी दिलीप कुमार रावत (35 वर्ष) पुत्र सीताराम के रूप में हुई है। युवक का शव आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर भलिया रोड़ के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों द्वारा शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद काकोरी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान दिखाई दिए, जिससे मौत को लेकर संदेह और गहरा गया है। शरीर पर मिले चोटों के निशान हत्या की आशंका की ओर इशारा कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि दिलीप कुमार की हत्या करने के बाद शव को घटनास्थल पर लाकर फेंका गया है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल युवक की संदिग्ध मौत से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। शरीर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका के एंगल से भी जांच कर रही है। मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

# बीजेपी नेता के बिगड़े बोल पर सपाइयों का हल्ला बोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर दिए गए बिगड़े बोल से सपाइयों में भारी आक्रोश है। इसी को लेकर गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोरांव थाने पहुंचकर हल्ला बोला और प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार* को शिकायती पत्र देकर विधिक कार्यवाही की मांग की।

इस मौके पर सोमदत्त पटेल ने कहा कि सत्ता के नशे में मदहोश होकर भाजपा नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। पिछड़ा और दलित समाज अपने नेता का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही उक्त प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस दौरान मंगलदेव कोल, रामदेव निडर, शहादत अली, मेहताब खान, नगर अध्यक्ष अजीत पटेल, रविंद्र जैसल, अश्वनी पटेल, नौशाद अंसारी, दीपक पटेल, सुमन कोल, पवन सोनकर, मनोजा देवी, यादवेंद्र अहीर, रामानुज यादव, शिवदानी पाल, पुष्कर यादव, अजय कुशवाहा, ओम प्रकाश कुशवाहा, महेंद्र यादव, संत पाल, हरि प्रसाद पाल, सीमा अंसारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक को मिला नया नेतृत्व, डॉ. विवेक सिंह तोमर बने सभापति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड, लखनऊ की आमसभा के प्रतिनिधियों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन के बाद मंगलवार (08 जुलाई 2026) को बैंक की प्रबंध समिति के सभापति और उपसभापति का चुनाव संपन्न हुआ।

बैंक की 323 शाखाओं में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 सदस्यीय प्रबंध समिति का गठन किया गया। अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षित सीट से कोई प्रतिनिधि निर्वाचित न होने के कारण सहकारिता विभाग द्वारा फिरोजाबाद निवासी राकेश कुमार को नामित किया गया।चुनाव में डॉ. विवेक सिंह तोमर निर्विरोध सभापति तथा रविन्द्र सिंह राठौर निर्विरोध उपसभापति निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश महामंत्री एवं सहकारिता प्रभारी राम प्रताप सिंह चौहान, सह-संयोजक आलोक सिंह, निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह (अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व) तथा ज्ञानचंद्र गुप्ता (सिटी मजिस्ट्रेट) की उपस्थिति में संपन्न हुई।नवनिर्वाचित सभापति डॉ. विवेक सिंह तोमर ने कहा कि बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुरूप किसानों तक बैंक की योजनाओं और सुविधाओं को पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से नई योजनाएं लागू कर बैंक के व्यवसाय का विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की स्थापना 12 मार्च 1959 को हुई थी। वर्तमान में बैंक के 14 लाख से अधिक सदस्य हैं और स्थापना से अब तक लगभग 15,716 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण 60.95 लाख से अधिक किसानों को वितरित किया जा चुका है। वही जन उदघोष व्यापार मंडल के पदाधिकारी बधाई देने पहुंचे प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# मलिहाबाद में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य स्वागत, गौ संरक्षण का दिलाया संकल्प

❒ पूर्व प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया समेत हजारों लोगों ने किया स्वागत, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 81 दिवसीय 'गविष्टि गोरक्षार्थ-धर्मयुद्ध यात्रा' बुधवार को मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र पहुंची। यात्रा के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। आरसी फाउंडेशन के नेतृत्व में अमानीगंज स्थित गुरु कृपा मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व डीएसपी एवं फाउंडेशन के संरक्षक शिव कुमार यादव, अध्यक्ष पुष्पा यादव तथा समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया सहित हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि के बीच शंकराचार्य का अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान सैदापुर चौराहा, माल कस्बा और नवीपनाह तिराहा समेत विभिन्न स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। गुरु कृपा मैरिज लॉन में आयोजित सभा में शिव कुमार यादव, पुष्पा यादव, उदित यादव, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र प्रकाश यादव, जय सिंह जयंत, डॉ. राजपाल कश्यप, सोनू कन्नौजिया, राजबाला रावत, कुमार दुर्गेश सिंह यादव, इन्दल कुमार रावत, संदीप पाण्डेय, सरनाम सिंह, टीबी सिंह, केशरी राव, धारा सिंह यादव और सोनीष मौर्य सहित अन्य लोगों ने शंकराचार्य की पादुकाओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब 45 मिनट तक चले अपने संबोधन में शंकराचार्य ने गौ संरक्षण और गौ सम्मान का संकल्प दिलाते हुए कहा कि गाय भारतीय संस्कृति में माता के स्वरूप में पूजनीय है और उसे राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार इस मांग को पूरा नहीं करती हैं तो जनजागरण अभियान और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को गौ संरक्षण के लिए एकजुट होकर आगे आना होगा। सभा के दौरान उन्होंने गौ संरक्षण, आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, अयोध्या राम मंदिर चंदा प्रकरण और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति नहीं, बल्कि उसके कर्मों के आधार पर होना चाहिए। साथ ही उन्होंने गौ संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किए गए। इस अवसर पर शंकराचार्य ने चन्द्र प्रकाश यादव को मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए अपना प्रतिनिधि घोषित किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया ने भी शंकराचार्य का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कोरांव की पसना गौशाला में अव्यवस्था तहसीलदार ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। विकास खंड कोरांव के पसना गौशाला का तहसीलदार रोशनी सोलंकी* ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गौशाला में भारी अव्यवस्था मिली।

तहसीलदार ने पाया कि साफ-सफाई संतोषजनक नहीं है, भूसा रखने का स्थान सही नहीं है और हरा चारा व पशु आहार मौके पर नहीं दिखा। कुछ पशु बीमार अवस्था में मिले। तहसीलदार ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कोरांव को तत्काल इलाज कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला का चौकीदार अनुपस्थित मिला। कई पशुओं के कान में टैग नहीं लगे थे और रख-रखाव रजिस्टर भी मौके पर नहीं मिला। पूछने पर बताया गया कि रजिस्टर प्रधान के पास है। गौशाला पर लगा त्रिपाल भी जर्जर हालत में मिला। तहसीलदार ने कहा कि *रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। साथ ही कहा कि वह समय-समय पर गौशाला का निरीक्षण करती रहेंगी। यदि मानकों के अनुरूप व्यवस्था नहीं मिली तो दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि कोरांव में कुल 17 गौशालाएं संचालित हैं। लेकिन लगभग 14 महीने से गौशाला अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक नहीं हुई है। उन्होंने इस संबंध में तहसील को 3 बार पत्र भी भेजा, लेकिन बैठक नहीं हो सकी। नियमों के अनुसार तहसील स्तर पर 3 माह में, ब्लाक स्तर पर हर माह और ग्राम स्तर पर 15 दिन में बैठक होनी चाहिए।

गौशाला में जो अव्यवस्था मिली है उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी

रोशनी सोलंकी तहसीलदार कोराव प्रयागराज

# बरामदे में फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव, गांव में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी चौकी के केसरीखेड़ा गांव में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव उसके घर के बरामदे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार, ग्राम केसरीखेड़ा निवासी 70 वर्षीय रजऊ रावत पुत्र स्वर्गीय लोढ़ा मंगलवार रात अपने घर के बरामदे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर लटक गए। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे परिजनों की नजर उन पर पड़ी। मृतक के पुत्र गणेश ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य संकलित कर पंचायतनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, रजऊ रावत शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि,प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।''

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अतिया बानो पत्नी मोहम्मद** नदीम मेरा नाम **आधार कार्ड** (473632035454) में **अतिया खातून** हो गया है जो कि गलत है। मेरा नाम **अतिया बानो** है जो कि सही है अतः मुझे **अतिया बानो** से जाना व पहचाना जाये।

**अतिया बानो पत्नी मोहम्मद नदीम निवासनी एच-16, सर्वोदय नगर, लखनऊ, उ.प्र.-226016**


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप मु० सिग० एवं दू० सं० अभि०/नि०-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन, उ०रे०, चारबाग, लखनऊ-226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा **एक पैकेट प्रणाली** के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:-

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम एवं स्थान** | लखनऊ डिवीजन के मुफ्तीगंज-महगांव सेक्शन के बीच कॉर्ड लाइन जौनपुर स्टेशन को बाईपास करते हुए के संबंध में जौनपुर स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (मेधा मेक) जोड़ और परिवर्तन CPB-MGW सेक्शन में LC-40 बंद करने के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग काम। |
| **पूरा होने की अवधि** | 06 (छः) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹4,60,52,949.77 (रुपये चार करोड़ साठ लाख बावन हजार नौ सौ उनचास और सतहत्तर पैसे केवल) |
| **निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि** | रुपये शून्य एवं धरोहर राशि आईआरईपीएस पर एनआईटी में उल्लिखित है। |
| **ऑफर की वैधता** | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| **निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय** | 31.07.2026 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 31.06.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है** | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 09.07.2026 से 31.07.2026 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजीटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

**निविदा सूचना संख्या: 287-सिग/सी०-II/लखनऊ/निविदा/04/26**
**दिनांक 09.07.2026** **2347/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं चित्रकूट स्थित लालापुर में बाल्मीकि आश्रम के लिए पीपीपी मोड पर शुरू होगा रोप-वे परियोजना

**❐ दोनों आस्था के स्थलों पर रोप-वे सेवा शुरू होने से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा और बढ़ेगा पर्यटन: जयवीर सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम पर रोप-वे परियोजना को पर्यटन विकास की दृष्टि से पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित और संचालित किया जायेगा। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा रही है। शीघ्र ही इस परियोजना की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए रोप-वे का संचालन शुरू करा दिया जायेगा। इससे गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम का दर्शन एवं भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्राप्त होगी। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गोरखगिरी जनपद महोबा का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। गोरखगिरी पर्वत बहुत ही खूबसूरत स्थल है। मान्यता है कि गुरू गोरखनाथ कुछ समय के लिए अपने सातवें शिष्य सिद्धो दीपकनाथ के साथ इसी पर्वत पर तपस्या की थी। यहां वर्ष भर श्रद्धालु आते रहते हैं। ऊँचाई पर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पधारते हैं। रोप-वे के संचालित हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद गोरखपुर में स्थित परमहंस योगानन्द की जन्म स्थली के पर्यटन विकास की परियोजना की पूरी हो जाने के पश्चात उसके रख-रखाव एवं संचालित किये जाने के लिए योगदा सत्संग सोसायटी, सोसायटी ऑफ इंडिया कोलकाता को हस्तान्तरित कराये जाने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराये जाने का प्रस्ताव है। समझौता ज्ञापन का ड्राफ्ट तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# स्ट्रीट लाइट के करंट से होटल संचालक की दर्दनाक मौत

**❐ घर से 200 मीटर दूर हुआ हादसा**

कैनविज टाइम्स संवाददात



चिनहट, लखनऊ । बीबीडी थाना क्षेत्र की गंगोत्री विहार कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय होटल संचालक संतोष कपूर की स्ट्रीट लाइट के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, संतोष कपूर अपने घर से चारबाग स्थित जय मां वैष्णो भोजनालय के लिए निकले थे। घर से करीब 200 मीटर दूर एसटीपी चौराहे के पास टीवीआर मैरिज लॉन के सामने सड़क पर बारिश का पानी भरा हुआ था। इसी दौरान स्ट्रीट लाइट का करंट पानी में उतर आया और संतोष कपूर उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बीबीडी पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर शव की पहचान नहीं होने पर उसे अज्ञात मानते हुए पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान मृतक के भतीजे विनोद कपूर मौके पर पहुंचे और शव की पहचान संतोष कपूर के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भतीजे विनोद कपूर ने बताया कि संतोष कपूर चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे और अविवाहित थे। वह अपने भाइयों के साथ गंगोत्री विहार कॉलोनी में रहते थे तथा चारबाग स्थित जय मां वैष्णो भोजनालय का संचालन करते थे। होटल जाते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रसाद मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कानपुर रोड जाम कर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ। बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने दोपहर करीब 12 बजे कानपुर रोड पर कानपुर से लखनऊ आने वाली लेन जाम कर दी और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

छात्रों का आरोप था कि कॉलेज प्रशासन ने पिछले करीब तीन सप्ताह से उन्हें हॉस्टल से बाहर निकलने पर रोक लगा दी है। पहले छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक बाहर जाने की अनुमति थी, लेकिन हाल ही में इसे बंद कर दिया गया। छात्रों का कहना था कि केवल रविवार को भी पूर्व अनुमति के बाद चार घंटे के लिए बाहर जाने की छूट दी जा रही है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने हॉस्टल में बुनियादी सुविधाओं की कमी का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि भीषण गर्मी के बावजूद कमरों में कूलर और एसी की व्यवस्था नहीं है। मेस में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है। परिसर में स्टेशनरी की दुकान तक न होने से आवश्यक सामान खरीदने के लिए बाहर जाना पड़ता है, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस और कृष्णानगर एसीपी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। बाद में संस्थान के चेयरमैन बी.पी. यादव भी मौके पर पहुंचे और छात्र प्रतिनिधियों से वार्ता की।

काफी देर चली बातचीत के बाद चेयरमैन बी.पी. यादव ने छात्रों को आश्वासन दिया कि फिलहाल नए नियमों को स्थगित किया जा रहा है तथा पहले की तरह छात्र-छात्राएं निर्धारित समय में हॉस्टल से बाहर आ-जा सकेंगे। आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने सड़क जाम और धरना समाप्त कर दिया।

# झुका बिजली का खंभा बना हादसे का सबब शिकायतों के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, दुबग्गा। शांति नगर माधवपुर स्थित प्रोग्रेसिव स्कूल के पास लगा बिजली का एक खंभा पूरी तरह से झुक गया है, जिससे स्थानीय लोगों में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि खंभा लंबे समय से टेढ़ा है और कभी भी गिर सकता है।

स्थानीय निवासी विनोद और उमेश ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित पावर हाउस और बिजली विभाग को शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक न तो पुराने जर्जर खंभे को हटाया गया और न ही बिजली की लाइन को पास में लगे नए खंभे पर स्थानांतरित किया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र के राहगीरों, स्कूली बच्चों और आसपास के निवासियों की जान जोखिम में है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर बिजली विभाग कब जागेगा और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस गंभीर समस्या का समाधान करेगा।

## बीबीडी क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बीबीडी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थनगर जिले के मोहाना बाजार निवासी शुभम साहू ने पुलिस को बताया कि उनके भाई नीरज कुमार साहू और भाभी नेहा साहू स्कूटी से बीबीडी क्षेत्र में किसी जरूरी कार्य से जा रहे थे। किसान पथ के नीचे फैजाबाद रोड पर दोपहर करीब 12:10 से 12:25 बजे के बीच तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही एक अज्ञात रोडवेज बस ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें चंदन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने नेहा साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं नीरज कुमार साहू का उपचार जारी है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीबीडी पुलिस ने अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## 'व्यापारी स्वास्थ्य चर्चा' एवं 'एमओयू साइनिंग सेरेमनी' का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मेदांता अस्पताल के निदेशक एवं देश के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर आर के सरन बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियो एवं राजधानी के व्यापारियों को स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स एवं स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रकार की जानकारियां देंगे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता अस्पताल के मध्य एम ओ यू साइन होगा इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में बृहस्पतिवार, 9 जुलाई को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में ''व्यापारी स्वास्थ्य चर्चा'' एवं ''एम ओ यू साइनिंग सेरेमनी ''कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मेदांता अस्पताल के निदेशक एवं देश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर के सरन व्यापारियों को उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए टिप्स देंगे तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रकार की जानकारियां देंगे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता हॉस्पिटल के मध्य एक एम ओ यू भी साइन होगा जिससे राजधानी सहित प्रदेश के व्यापारियों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

# विधायक के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के विरोध में पासी समाज का सरोजनीनगर थाने पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ । सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के हजारों पासी समाज के लोगों ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पत्रिका द्वारा विधायक, सरोजनीनगर, डॉ. राजेश्वर सिंह के विरुद्ध की गई अभद्र, अश्लील एवं जातिसूचक टिप्पणी के विरोध में थाना सरोजनीनगर पर एकत्र होकर कई घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने पत्रिका के संचालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस दौरान नारेबाजी कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतगुरु शरण रावत, पार्षद द्रौपदी मनोज रावत, पार्षद राम नरेश रावत, दिलीप रावत, बद्री प्रसाद रावत, किशन चंद्र रावत, सरवन रावत, पूर्व पार्षद शारदा नगर द्वितीय राम नरेश रावत, बबलू रावत प्रधान कल्ली पूरब राम खेलावन रावत, शारदा रावत, उमाकांत रावत, पूर्व पार्षद प्रत्याशी हिन्द नगर दिलीप रावत , पूर्व प्रधान देशराज रावत,सहित पासी समाज के गणमान्य लोग और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त, पार्टी का हर निर्णय सर्वोपरि : रोमेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के सक्रिय नेता रोमेश कुमार गौतम इन दिनों 168 मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर गांव-गांव और घर-घर पहुंच रहे हैं। और लोगों से मुलाकात कर उनके सुख-दुख में सहभागी बन रहे हैं। तथा क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिला रहे हैं।

जनसंपर्क के दौरान रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद महंगाई लगातार बढ़ी है। और आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी तथा बढ़ती जीवन-यापन की लागत से परेशान है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, बिजली बिल, खाद्य पदार्थ, खाद-बीज, दवाइयों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने गरीब, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को पर्याप्त रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। किसानों को खेती की बढ़ती लागत, महंगे खाद-बीज और फसलों का उचित मूल्य न मिलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है। इसी उद्देश्य से वहा लगातार क्षेत्र में रहकर लोगों की समस्याओं को समझने, संगठन को मजबूत करने और समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 168 मलिहाबाद विधानसभा से जिस किसी भी उम्मीदवार को टिकट देंगे, वह और उनके सभी साथी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ उस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा, किसी भी प्रत्याशी का विरोध नहीं करेगा और संगठन के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत लगाएगा। रोमेश कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और समाजवादी पार्टी की नीतियों, विचारधारा तथा जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में मलिहाबाद सहित पूरे उत्तर प्रदेश में मजबूत प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।

## विधायक डॉ. नीरज बोरा ने नहर रोड का मार्ग जल्द खुलवाने का दिया आश्वासन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जानकीपुरम स्थित नहर रोड पर सीवर लाइन निर्माण के चलते बंद मार्ग से आम जनता और व्यापारियों को हो रही परेशानियों को लेकर बुधवार सुबह जन उद्बोध व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तरी विधानसभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि सड़क बंद होने से स्थानीय व्यापार, आवागमन और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने या बंद मार्ग को जल्द खोलने की मांग की।समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल निगम के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर मार्ग को शीघ्र खुलवाने और समस्या के जल्द समाधान का प्रयास करेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों और व्यापारियों को राहत मिल सके।इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जावेद आलम सिद्दीकी, महामंत्री दिवाकर पाण्डेय सहित कई पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रहकर मजदूरी करने वाला मजदूर निर्माणाधीन मकान की चौथी मंजिल से गिरकर घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर शेखपुर गांव के रहने वाले विनोद (29) बीते तीन माह से सुशांत गोल्फ सिटी स्थित गोमती ग्रीन एम आर आर की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में रहकर वहीं मजदूरी कर रहा था। मृतक के भाई राकेश के अनुसार उसे साथी मजदूरों ने बताया कि मंगलवार की रात को सारे साथी चौथी मंजिल की छत पर सोए हुए थे। सुबह उठकर तेजी से भागते समय संतुलन बिगड़ जाने वह से चौथी मंजिल से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया ।साथी मजदूर भाग कर नीचे पहुंचे । वे गंभीर रूप से घायल विनोद को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

# जियो टैगिंग व्यवस्था व्यापारियों के लिए अव्यावहारिक एवं उत्पीड़नकारी: अमरनाथ मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में बुधवार को कृषि उत्पादन मण्डी परिषद निदेशक को जियो टैगिंग व्यवस्था से उत्पन्न व्यावहारिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें बताया गया कि प्रदेश के बाहर से आने वाले कृषि उत्पादों पर पहले से ही प्री-अराइवल स्लिप की अनिवार्य व्यवस्था लागू है। जिसके माध्यम से संबंधित व्यापारी स्वयं कर देयता स्वीकार करता है तथा सम्पूर्ण विवरण विभाग के पास उपलब्ध रहता है। ऐसी स्थिति में उसी माल पर जियो टैगिंग की अतिरिक्त व्यवस्था लागू करना बोझ डालने वाला कदम है।

व्यापार मंडल ने कहा कि अधिकांश कृषि उपज छोटी-छोटी खेपों अथवा पार्ट लोड के रूप में विभिन्न वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुँचती है। एक ही माल के परिवहन के दौरान कई बार वाहन बदलने की स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे प्रत्येक बार जियो टैगिंग एवं संशोधन करना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त एक ही वाहन में विभिन्न जिंसों के अलग-अलग गेट पास जारी होने के कारण प्रत्येक गेट पास पर अलग-अलग जियो टैगिंग करना भी अत्यंत जटिल एवं समय लेने वाली प्रक्रिया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अधिकांश वाहन चालक तकनीकी रूप से प्रशिक्षित नहीं हैं तथा उनके पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं होते। दुर्घटना, वाहन खराब होने अथवा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से माल के पुनः स्थानांतरण जैसी परिस्थितियों में जियो टैगिंग की प्रक्रिया का पालन करना अत्यंत कठिन होगा। वहीं नो-एंट्री व्यवस्था के कारण रात्रिकाल अथवा प्रातःकाल होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग के समय जियो टैगिंग का निस्तारण करना भी व्यवहारिक नहीं है।

अमरनाथ मिश्र ने कहा कि जहाँ जीएसटी प्रणाली में आवश्यक प्रपत्र सरल एवं कम समय में जारी किए जा सकते हैं, वहीं मण्डी परिषद की वर्तमान प्रक्रिया पहले से ही अपेक्षाकृत जटिल है। उस पर जियो टैगिंग की अतिरिक्त अनिवार्यता व्यापार व्यवस्था को और अधिक कठिन बना रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश मुख्यतः उपभोक्ता प्रदेश है तथा प्रदेश के बाहर से आने वाले माल पर मण्डी शुल्क प्रथम चरण में ही देय हो जाता है। एकसूत्रीय मण्डी शुल्क व्यवस्था लागू होने के कारण उसी माल के वितरण एवं परिवहन पर पुनः जियो टैगिंग जैसी जटिल व्यवस्था लागू करने का कोई औचित्य नहीं है। लखनऊ व्यापार मंडल ने मण्डी निदेशक से मांग की है कि व्यापारियों की व्यावहारिक कठिनाइयों एवं व्यवसायिक हितों को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान जियो टैगिंग व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से स्थगित अथवा निरस्त किया जाए जिससे व्यापार सुचारु रूप से संचालित हो सके तथा व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न न हो।

इस मौके पर प्रमुख रूप से लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल, रामशंकर अवस्थी और मोनू अग्रवाल आदि उपस्थिति रहे।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में लखनऊ जनपद की बड़ी कामयाबी, छह मानकों पर सर्वोच्च स्कोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान की जिला स्तरीय रैंकिंग में लखनऊ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभियान के दौरान टीबी की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मानकों पर बेहतर कार्य के आधार पर जनपद ने यह उपलब्धि हासिल की है।

इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने कहा, ''टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में समुदाय की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों, निजी चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, निक्षय मित्रों, लैब टेक्नीशियन तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही जनपद यह उपलब्धि हासिल कर सका है। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमें इसी प्रतिबद्धता के साथ टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा उपचार पूर्ण कराने पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि टीबी मुक्त जनपद और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सके।''

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ए.के. सिंघल ने बताया कि 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान 24 मार्च से 5 जुलाई तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान जनपद ने छह प्रमुख सूचकांकों–लक्ष्य के सापेक्ष एक्स-रे जांच, एक्स-रे एग्जामिनेशन रेट, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के अंतर्गत हाउसहोल्ड कॉन्टैक्ट कवरेज, एनएएटी (गइड्ड) टेस्ट, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर रेट तथा टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने–में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन सभी छह सूचकांकों में जनपद को अधिकतम तीन-तीन अंक प्राप्त हुए, जिसके आधार पर कुल 18 अंक हासिल कर लखनऊ ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज तक समय पर जांच, गुणवत्तापूर्ण उपचार और पोषण सहायता पहुंचाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जनपद को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके।

### टीबी के लक्षण दिखें तो जांच जरूर कराएं

यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना या बलगम में खून आने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो वह बिना देर किए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच कराएं। टीबी की जांच और उपचार की सभी सुविधाएं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं। समय पर जांच और पूरा उपचार न केवल मरीज को स्वस्थ बनाता है, बल्कि संक्रमण को दूसरों तक फैलने से रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# डीएम ने 26.33 करोड़ की लागत से बन रहे अत्याधुनिक स्पोर्टस स्टेडियम का किया निरीक्षण

❒ वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तावित है 19 जुलाई को लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ जनपद के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 26.3276 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक स्पोर्टस स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया।



इस दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल में पानी की गहराई का स्पष्ट अंकन कराने, सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन करने तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिला क्रीड़ा अधिकारी को तैराकी प्रशिक्षण की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक पुरुष एवं एक महिला तैराकी प्रशिक्षक को तथा एक जीवन रक्षक (लाइफ गार्ड) को मानदेय पर नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैडमिंटन हॉल, कबड्डी हॉल तथा 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया और शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने बताया कि आगामी 19 जुलाई को प्रदेश सरकार वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तावित लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं। कहा कि यह खेल परिसर जनपद के खिलाड़ियों के लिए नई पहचान स्थापित करेगा और यह परियोजना शाहजहांपुर में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और नई उड़ान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के एपीएम श्याम, यूपी सिडको के सहायक अभियंता परवेज आलम, जूनियर इंजीनियर अग्रसेन आदि मौजूद रहे।

# बिसवां के किसान को उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2026 में प्रथम स्थान, जिले के लिए गौरव का क्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर । जनपद सीतापुर की तहसील बिसवां के प्रगतिशील आम उत्पादक किसान एवं पेशे से प्रवक्ता अनस ज़मीर ने उत्तर प्रदेश आम महोत्सव2026 में लगातार दूसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद सीतापुर का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश आम महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। महोत्सव में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए किसानों एवं बागवानों ने प्रतिभाग किया, जहाँ 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कृषि राज्य मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह ने अनस ज़मीर को प्रथम पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि अनस ज़मीर ने वर्ष 2025 में पहली बार प्रतिभाग करते हुए ही प्रथम स्थान प्राप्त किया था, तथा वर्ष 2026 में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान हासिल कर इस उपलब्धि को और भी ऐतिहासिक बना दिया। यह सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे जनपद सीतापुर एवं बिसवां क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। किसान अनस ज़मीर पिछले चार वर्षों से अपने




पैतृक बागों का संरक्षण कर रहे हैं। वे आम की दुर्लभ एवं पारंपरिक किस्मों को संरक्षित करने के साथ-साथ नई उन्नत किस्मों का विकास भी कर रहे हैं। ''हाजी अमीर ऑर्चर्ड'' ब्रांड के माध्यम से वे आम की विभिन्न उत्कृष्ट किस्मों को देशभर के लोगों तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य केवल आम का उत्पादन करना नहीं, बल्कि लगभग सौ वर्षों पुरानी पारिवारिक विरासत, गुणवत्ता और पारंपरिक स्वाद को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुँचाना है। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पूर्वजों की विरासत, परिवार के सहयोग तथा उद्यान विभाग और कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने विशेष रूप से उद्यान अधिकारी सुश्री राजश्री, कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस.श्रीवास्तव, अपने परिवार तथा सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग टीम की होरीलाल के प्रतिष्ठान पर छापेमारी, घटिया सौंफ में सिंथेटिक कलर मिलाते पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । थाना जलालाबाद क्षेत्र के गुनारा स्थित होरीलाल के प्रतिष्ठान पर घटिया सौंफ में सिंथेटिक रंग मिलाकर बाजार में बेचा जा रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 के नेतृत्व में तहसील व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होरीलाल के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की कार्रवाई की।

छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होरीलाल के प्रतिष्ठान पर रंगेहाथ घटिया सौंफ में सिन्थेटिक कलर मिलाते पकड़ा। टीम ने 02 सौंफ के नमूने एवं 01 नमूना सिंथेटिक कलर का नमूना लेकर खाद्य प्रयोगशाला को भेजा है। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होरीलाल के प्रतिष्ठान में भण्डारित 40 कुन्तल सौंफ और साढ़े आठ किलोग्राम सिंथेटिक कलर को सीज किया है। सीज की गई सौंफ का अनुमानित मूल्य 2.80 लाख रूपए बताया जा रहा है।



इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बिना खाद्य लाइसेन्स प्राप्त किए सौंफ निर्माण करने पर प्रतिष्ठान को अग्रिम आदेश तक बन्द करवा दिया है। इसके अलावा टीम ने केवी फूड जलालाबाद से एक जीरा का नमूना, खुदागंज से एक लाल मिर्च पाउडर का नमूना और थाना सदर बाजार क्षेत्र में कचहरी के पास स्थित मिस्टर इडली से एक हल्दी पाउडर का नमूना लेकर जॉच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। छापेमारी की समस्त कार्रवाई विनीत कुमार सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 के नेतृत्व में की गई। जिसमें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी व अजीत सिंह, मनोज कुमार, सौरभ सोनी, मानवेन्द्र कुमार, विनय यादव व विवेक कुमार वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## मिट्टी पर 'राम-राम' लिखने के बाद युवक ने बाग में फंदा लगाकर दी जान

कानपुर । साढ़ थाना क्षेत्र के खडरी गांव के पास बुधवार को एक युवक का शव बाग में नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले पेड़ के नीचे मिट्टी पर 'राम-राम' लिखा था और अपने परिजनों को फोन कर जान देने की बात भी कही थी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।खडरी गांव निवासी शशि कुमार पाल (33) तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वह विवाहित था और उसकी दो वर्ष की एक बेटी है। आज वह घर से निकला और गांव के पास स्थित एक बाग में पहुंच गया। वहां उसने नीम के पेड़ के नीचे मिट्टी पर 'राम-राम' लिखा। इसके बाद उसने अपने पिता और पत्नी को फोन कर आत्महत्या की बात बोलकर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उससे दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण उसकी तलाश में निकल पड़े। कुछ देर बाद बाग में नीम के पेड़ से नायलॉन की रस्सी के सहारे उसका शव लटका मिला।

# पर्यावरण एवं वातावरण को संतुलित बनाए रखने में वृक्षारोपण नितान्त आवश्यक: कुँवर दिव्यदर्शी

❒ सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्यदर्शी ने अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को वृक्ष लगाने एवं उनकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवा, सीतापुर। पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत तहसील परिसर बिसवा में स्थित शहीद स्मारक पार्क में सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्यदर्शी के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तहसील परिसर स्थित शहीद स्मारक पार्क में सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्यदर्शी, बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव एड,महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया एड,कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया एड,जितेन्द्र मिश्रा एड,संयुक्त सचिव विपिन



यादव,बिसवा लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा,सचिव नागेन्द्र मौर्या, वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश नारायण गुप्ता, कैलाश नाथ श्रीवास्तव एड,सूर्य प्रसाद यादव एड,कमलेंद्र बाजपेई एड आदि ने एक एक वृक्ष लगाया। सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्यदर्शी ने कहा कि पर्यावरण एवं वातावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण नितान्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, इतना ही नहीं उसकी रक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए। सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्यदर्शी ने बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवं बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवा के सभी पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं सभी कर्मचारियों को वृक्ष लगाने एवं उनकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश कुमार वर्मा,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,मनोज गुप्ता, आशीष सिंह,प्रमोद कुमार यादव,के के वैश्य,शिशुपाल यादव,सिराज अहमद,प्रदीप गौतम,अनुज यादव,दीपू गुप्ता,परमेश यादव सहित काफ़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं तहसील स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मधुवन गौशाला मे प्रधान सचिव ने मिट्टी पटाई के नाम पर बिना कार्य कराये किया फर्जी भुगतान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव, सीतापुर । विकास खण्ड के अंतर्गत मधुवन गौशाला मे मिट्टी पटाई मे एक लाख से अधिक रुपये का घोटाला करने का मामला सामने आया है।विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत कटियारा मे गौशाला के अन्दर गड्ढे तक नहीं भरे गए हैं।ग्राम प्रधान और सचिव के घालमेल से 109725(एक लाख नौ हजार सात सौ पच्चीस)रुपये निकाल कर ग्राम विकास निधि का घोटाला किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया ग्राम प्रधान रमाकांत वर्मा और सचिव शिल्पी वर्मा ने फर्जी तरीके से डोंगल लगाकर गौशाला के अंदर मिट्टी पटान का कार्य कराये बिना फर्जी फर्मो पर 11 बाउचर अपलोड कर एक लाख से अधिक रुपये का घोटाला किया है।नियम के अनुसार सम्बंक्षित कार्य का अवर अभियंता द्वारा स्टीमेट बनवाया जाये जिसके बाद कार्य कराया जाये लेकिन कटियारा मे मामला नियम के विपरीत है। अवर अभियंता शिवम वर्मा ने कहा मेरे द्वारा कोई स्टीमेट नहीं बनाया गया है। जब इस सम्बन्ध मे खण्ड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी से बात की गई तो उनका कहना है जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों व उनके परिवारों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में कमी आएगी: वित्त मंत्री

❒ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उपस्थित रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं एवं रसोइयों के लिए योजना के शुभारंभ तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी आदि के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बुधवार को गन्ना शोध परिषद के सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षकों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में कमी आएगी तथा अस्पतालों में बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि यह योजना शिक्षा विभाग से जुड़े हजारों कार्मिकों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न स्वरूप हनुमान की प्रतिमा भेंट की तथा उपस्थित अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम ने



बताया कि जनपद में 6,542 शिक्षक, 3,782 शिक्षामित्र, 666 अनुदेशक, 7,625 रसोइया, 51 विशेष शिक्षा शिक्षक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के 130 शिक्षक सहित कुल 18,806 कार्मिकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित किया गया है। जबकि डीबीटी के माध्यम से जनपद के विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में 26.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रेषित की जा रही है। कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित जनपद के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक आदि मौजूद रहे।

## मिशन वात्सल्य की समीक्षा: लंबित बाल संरक्षण मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को मिशन वात्सल्य के तहत 'जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 एवं सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन,वन स्टाफ सेंटर के द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा एच0ई0डब्लू0 के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति की समीक्षा, वन स्टाफ सेंटर यूनिट प्रथम व यूनिट द्वितीय की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, संयुक्त निदेशक अभियोजन (प्रतिनिधि), क्षेत्राधिकार सदर, अध्यक्ष, सदस्य बाल कल्याण समिति,किशोर न्याय बोर्ड (प्रतिनिधि) जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कौशल विकास अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइनआदि उपस्थित रहे।

## पत्नी को बुलाने की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, बोला– ''जब तक पत्नी नहीं आएगी, नीचे नहीं उतरूंगा''

**सीतापुर, मछरेहटा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद सीतापुर के थाना मछरेहटा क्षेत्र में खैराबाद रोड स्थित टेंपो स्टैंड के पास लगे टावर पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार टावर पर चढ़ा युवक संतोष पुत्र प्रेमशंकर, ग्राम दमोदरपुर, मधुवन विहार चौकी, थाना रामकोट, जनपद सीतापुर का निवासी है। बताया जा रहा है कि उसने अर्चना के साथ प्रेम विवाह किया था। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी मायके चली गई है और वापस नहीं आ रही है।



युवक ने टावर पर चढ़कर कहा कि ''जब तक मेरी पत्नी वापस नहीं आएगी, तब तक मैं नीचे नहीं उतरूंगा।'' उसकी इस जिद के चलते मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सूचना मिलते ही थाना मछरेहटा पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला। इसके साथ ही राजस्व मजिस्ट्रेट, लेखपाल, बिजली विभाग, टावर प्रबंधन और रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष ने युवक से मोबाइल फोन पर बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक वह टावर से नीचे नहीं उतरा था। फिलहाल पुलिस और प्रशासन युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र टावर के आसपास भीड़ को नियंत्रित किया गया है और रेस्क्यू अभियान जारी है।

# प्रेरणा पार्क के भव्य अनावरण की सफलता पर महापौर को विधायकों ने दी बधाई, विकास कार्यों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रेरणा पार्क के भव्य अनावरण समारोह की सफलता पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई और विधायक दीपक पटेल ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर गणेश केसरवानी से शिष्टाचार भेंट की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सफलता की सराहना करते हुए इसे शहर की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र प्रेरणा को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।



सिविल लाइंस स्थित नगर निगम कार्यालय में शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एवं फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने महापौर गणेश केसरवानी से शिष्टाचार भेंट कर शहर के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान दोनों विधायकों ने 06 जुलाई को यमुना बैंक रोड स्थित बोट क्लब परिसर में निर्मित प्रेरणा पार्क में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और अशोक सिंघल की प्रतिमाओं के भव्य अनावरण समारोह की सफलता पर महापौर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दोनों विधायकों ने कहा कि प्रेरणा पार्क का निर्माण और महान विभूतियों की प्रतिमाओं की स्थापना प्रयागराज के लिए गौरव का विषय है। यह पार्क राष्ट्रहित, सांस्कृतिक चेतना और भारतीय मूल्यों से नई पीढ़ी को जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने नगर निगम की ओर से आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय स्वरूप देने की सराहना की। महापौर गणेश केसरवानी ने विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज को स्वच्छ, सुंदर, आधुनिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में नगर निगम निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और जनता के विश्वास से शहर के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है और भविष्य में भी विकास एवं विरासत के संतुलन के साथ कार्य जारी रहेगा।

# 12 जुलाई को वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियां तेज, खैराबाद नगरपालिका में हुई अहम बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाले विशाल वृक्षारोपण महाअभियान के सफल संचालन को लेकर नगरपालिका परिषद खैराबाद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान बताया गया कि 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अंतर्गत पूरे उत्तर प्रदेश में 12 जुलाई को एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीतापुर जनपद में 82 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही ऊर्जा वन एवं कपि वन भी विकसित किए जाएंगे। अभियान की निगरानी चुनावी मोड में की जाएगी तथा लगाए गए पौधों में 75 प्रतिशत को विकसित कर वृक्ष बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के सभासद, कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर हुई गोद भराई व अन्नप्राशन, 33 लोगों का हुआ टीकाकरण

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए चलायी जा रही विशेष योजनाओं के तहत आज बुधवार को बिसवां विकास खण्ड के आंगनबाड़ी केंद्र जहांगीराबाद में गर्भवती महिला की गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्मअदायगी की गई।जहांगीराबाद आंगनबाड़ी केन्द्र पर खण्ड विकास अधिकारी बिसवां धनंजय सिंह व समन्वयक मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप ओंकार गुप्ता ने पहुंच कर बीडीओ ने तीन माह की गर्भवती महिला रूबीना की गोद भराई की। इसी के साथ लगभग छः माह की बेबी आइसा पुत्री मो0आसिम का अन्नप्राशन भी किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री शीला श्रीवास्तव व सहायिका मंजू देवी सहित एएनएम स्नेह लता,बीआरपी ललित अवस्थी, ब्लाक कोआर्डिनेटर ''गावी'' सना व आशाबहू सुनीता निर्मल आदि मौजूद रहीं। बुधवार टीकाकरण दिवस होने के कारण 15 बच्चों तथा 18 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एएनएम स्नेह लता द्वारा किया गया।



# मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को दी बड़ी सौगात, बदायूँ में देखा गया लाइव प्रसारण

❒ 12 लाख शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना, 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी से 1200 रुपये

❒ मिशन कायाकल्प से बदल रही परिषदीय विद्यालयों की तस्वीरः सदर विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से आच्छादित किया गया तथा 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए का वितरण किया गया। 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा हेतु स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के साथ एमओयू तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने देखा। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक कार्य कर रही है। सरकारी विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं का विकास, स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफार्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग तथा मध्याह्न भोजन जैसी योजनाओं से लाखों बच्चों का भविष्य संवर रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों का स्वरूप पूरी तरह बदल रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक दिन विश्वगुरु बनेगा। लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छा सोचो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक बालक और बालिका गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

एमएलसी प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक ने कहा कि शिक्षित समाज ही समृद्ध प्रदेश और विकसित भारत की आधारशिला है। बच्चे, प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त एवं समृद्ध समाज की आधारशिला है। हम सभी का दायित्व है कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जनपद में कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया वही कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से कार्ड का वितरण भी किया गया तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को बैग आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा किया गया। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने परिसर में लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर उसे सराहा। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से बेसिक शिक्षा परिषद के जनपद के लगभग 2200 शिक्षक व उनके परिवारजन, डीबीटी के माध्यम से जनपद के दो लाख 22 हजार 45 बच्चों को यूनिफार्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित संविलियन विद्यालय आसमगांव जगत की प्रधानाध्यापक संगीता शर्मा को मुख्यमंत्री जी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, अधिकारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते दरोगा रंगे हाथ गिरफ्तार

❒ आरोपी के पकड़े जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह थाना एंटी पावर थेफ्ट, उसावां रोड में तैनात है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन, बरेली की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी के मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले एक उपनिरीक्षक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पकड़े जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह थाना एंटी पावर थेफ्ट, उसावां रोड में तैनात है।

भ्रष्टाचार निवारण टीम ने उसे विद्युत वितरण खंड द्वितीय कार्यालय परिसर से 6,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। आपको बता दें कि अलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नैथू निवासी हेमराज ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि बिजली चोरी के दर्ज मुकदमे में राहत दिलाने और जेल न भेजने के बदले उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह 6 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने पूरे मामले का सत्यापन कराया।शिकायत सही पाए जाने पर प्रभारी निरीक्षक रामलाल पाण्डेय के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया गया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत बुधवार को जैसे ही आरोपी उपनिरीक्षक ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ली, टीम ने तत्काल उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी उपनिरीक्षक के खिलाफ थाना सिविल लाइन, बदायूं में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद बिजली विभाग और संबंधित महकमे में हड़कंप का माहौल है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने स्पष्ट किया है कि रिश्वतखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीएम सूर्यघर योजना की लंबित 932 पत्रावलियों का एक सप्ताह में निस्तारण करें बैंक अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा, विद्युत विभाग के अधिकारियों, एल.डी.एम. एवं एस.बी.आई., पीएनबी, बैंक आफ बड़ोदा, के डी.सी. व अन्य शाखा प्रबन्धकों एवं जनपद के पंजीकृत वेन्डरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परियोजना अधिकारी नेडा प्रणव कुमार पाठक द्वारा जनपद के विभिन्न बैंको में लंबित ऋण पत्रावलियों के संबंध में अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि पीएनबी में कुल 339, एसबीआई में 236, बैंक आफ बड़ौदा में 220, प्रथमा बैंक में 49, केनरा बैंक में 20, यूनियन बैंक में 19, इन्डियन बैंक में 13, बैंक आफ इन्डिया में 11, सेन्ट्रल बैंक में 10, बैंक आफ महाराष्ट्र में 7, एचडीएफसी में 3, यूको बैंक में 2, पंजाब एंड सिंध बैंक में 2, सोलफिन में 1 एवं आईडीबीआई में 1 इस प्रकार कुल 932 ऋण पत्रावलियां लंबित हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंक अधिकारियों को समस्त लंबित ऋण पत्रावलियों पर 1 सप्ताह में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। उपस्थित वेन्डर्स द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया जिसके क्रम में उनके द्वारा उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को 3 दिन में समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये गए।

# जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने रैली व जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झण्डी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बालक एवं बालिका को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना

❒ 15 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान

बदायूँ। जनपद में शैक्षिक सत्र 2026-27 अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण कार्यक्रम 01 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक चलाया जा रहा है। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व एमएलसी प्रतिनिधि शारदेंदू पाठक व जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार कलेक्ट्रेट से स्कूल चलो अभियान रैली व जागरुकता वाहन हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बालक एवं बालिका को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्त समाज एवं विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जीवन में शिक्षा की महत्वता तथा व्यक्ति के सर्वांगीर्ण विकास के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य को जीवन का मुख्य आधार बताया। जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनपदवासियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों व स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाज के सभी वर्गों से अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करने का आह्वान किया। कहा कि अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्कूल चलो अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित कर रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का समय से विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सीओ बिसौली पर गंभीर आरोप, ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे ग्राम पंचायत अधिकारी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली तहसील परिसर में उस वक्त हंगामा मच गया जब सचिव और सीओ के बीच कहा सुनी तीखी नोक-झोक में बदल गई और सीओ पर ऑफिस के अंदर गाली गलौज और जूते से मारने का आरोप लगा, क्षेत्राधिकारी बिसौली के ऑफिस के बाहर देखते-देखते ग्राम पंचायत अधिकारी एकत्रित हो गए और गुसाए सीओ के व्यवहार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। आपको बता दे कि बिसौली में क्षेत्राधिकारी कार्यलय से सामने आया जहाँ पर अंशुमन श्रीवास्तव सीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी अंकुर पाराशरी को अपने कार्यालय एक जांच के प्रकरण में बुलाया था, इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में तीखी नोंक-झोंक में बदल गई, ग्राम पंचायत अधिकारी अंकुर पाराशरी क्षेत्राधिकारी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, वहीं क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव का कहना है कि पूरे मामले को अलग नजरिए से प्रस्तुत किया जा रहा है।

## सात नर्सिंग होम को पालिका ने जारी किया नोटिस

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कूड़ा-पॉलिथीन, थर्माकोल आदि नाले में फंस जाने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इसको लेकर पालिका प्रशासन ने सात नार्सिंग होम संचालकों को नोटिस जारी किया है। कूड़ा फेंकने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने ईओ व अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद में पालिका की टीम ने शहर के मोहल्ला पनवाड़ी में डॉ. स्वतंत्र बाला, मोहल्ला जोगीपुरा में डॉ. एसके गुप्ता, मोहल्ला जोगीपुरा में डॉ. सचिन गुप्ता, मोहल्ला विवेक बिहार कॉलोनी में डॉ. डीवी शाक्य, टंडन प्लाजा के पास डॉ. नील कमल, इंदिरा चौक के पास डॉ. सुरेश चंद्र गुप्ता और माल गोदाम रोड पर डॉ. बीआर गुप्ता को नोटिस जारी किया गया है। विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि अगर कोई भी कूड़ा आदि नालों में फेंकगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बीमारी से परेशान अधेड़ महिला ने जहर खाकर दी जान

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बीमारी से परेशान होकर अवसाद में आई एक अधेड़ महिला ने बुधवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और मृतका के इकलौते बेटे का रो-रोकर हाल बेहाल है। महोबा जनपद के खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बसौठ निवासी बेनीप्रसाद यादव ने बताया कि उनकी पत्नी प्रेमा (58) पिछले तीन-चार दिनों से बीमार चल रही थीं। इलाज के लिए वह अपने पुत्र विजय के साथ मुस्करा के एक अस्पताल गई थीं, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। बुधवार को भी वह मुस्करा कस्बे के एक चिकित्सक से उपचार कराने के बाद घर लौटी थीं। दोपहर में बेनीप्रसाद बकरियां चराने खेत चले गए थे। घर पर प्रेमा और उनका पुत्र विजय मौजूद था। इसी दौरान विजय किसी काम से पड़ोस में चला गया। घर में अकेली होने पर प्रेमा ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद विजय घर लौटा तो उसने अपनी मां को उल्टियां करते देखा। उसने तत्काल खेत में मौजूद अपने पिता को सूचना दी। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से प्रेमा को शाम करीब तीन बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुस्करा में भर्ती कराया गया। सीएचसी में डॉ. संतोष राजपूत ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी दौरान महिला की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी और उनकी मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि उनकी तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एक जनपद एक व्यंजन का होगा पवेलियन

**नोएडा , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी सितंबर माह में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में इस बार एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) का पवेलियन होगा। इसमें ओडीओसी योजना के तहत घोषित हर जिले का व्यंजन प्रदर्शित किया जाएगा। लोगों को अयोध्या की कचौरी व कुल्हड़ वाली दही-जलेबी, अमेठी का समोसा व लाल गन्ने की गोटी, बुलंदशहर की खुरचन, प्रयागराज की सब्जी-कचौरी का स्वाद चखने को मिलेगा। हालांकि खाने-पीने के स्टॉल अन्य जगह होंगे लेकिन ओडीओसी पवेलियन में लोगों को हर जिले के खास व्यंजनों की जानकारी मिलेगी। इनके 100 से अधिक स्टॉल होंगे। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर के बीच उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 का चौथा संस्करण आयोजित होगा। इसकी तैयारी चल रही है। प्रदर्शनी में प्रदेश के 75 जिलों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। उनको ट्रेड शो में जगह का आवंटन किया जा रहा है। अफसरों ने बताया कि मई में प्रदेश सरकार ने ओडीओसी योजना के तहत हर जिले का एक व्यंजन घोषित किया है। गौतमबुद्ध नगर के बेकरी उत्पाद को चयनित किया गया है। प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों के लोगों को इनका स्वाद चखने को मिलेगा। इनमें कासगंज का मूंग का दलमा व सोरों की मोठ की चाट, हाथरस की रबड़ी, अलीगढ़ के इगलास की चमचम, मैनपुरी की सोनपापड़ी व भुना हुआ आलू, फिरोजाबाद की आलू टिक्की, आजमगढ़ की तहरी व सफ़ेद गाजर का हलवा, बलिया का सत्तू, मऊ का लिट्टी चोखा, बरेली की सेवइयां व चाट, बदायूं की लॉज, पीलीभीत की खोया मिठाई, बस्ती का ठेकुआ, श्रावस्ती की इमरती, देवरिया का मालपुआ, कुशीनगर का केला चिप्स, झांसी की दाल बाफला, औरैया की दूध बर्फी, लखनऊ की रेवड़ी आदि शामिल हैं। अफसरों ने बताया कि सभी जिले अपने-अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर प्रचार-प्रसार करेंगे। ताकि इनका कारोबार बढ़ सके। प्रदर्शनी के माध्यम से इन व्यंजनों के कारोबार से जुड़े कारोबारियों को बड़े ऑर्डर भी मिलेंगे।पिछले साल की तरह इस बार भी ट्रेड शो में आने वाले लोगों को हर जिले के पकवान का स्वाद मिलेगा। इनके स्टॉल अलग से लेंगे। जो हॉल नंबर 9 और 14 के सामने वाले रास्ते में होंगे। यहां हर जिले के प्रसिद्ध पकवान का स्टॉल होगा।

## गरज-चमक के साथ बारिश बनी काल, खेत में काम कर रहे किसान की बिजली गिरने से मौत



**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुधवार शाम गरज चमक के साथ हुई बारिश में खेत में काम कर रहे किसान पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।कोतवाली देहात क्षेत्र के पकरिया धापूपुर गांव निवासी रामनाथ पुत्र शियाराम उम्र करीब 50 वर्ष गांव के पूरब स्थित खेत में धान रोपाई के लिए मेड़बंदी कर रहे थे।अचानक बारिश शुरू होने के बाद आकाशीय बिजली गिर गई और रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई और परिवार में कोहराम मच गया।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, हरे चारे की व्यवस्था एवं गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान दें: पशुधन मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित गौसंरक्षण, गौशाला प्रबंधन, चारा उत्पादन तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने विभागीय कार्यों एवं प्रमुख एजेंडा बिंदुओं की जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर हरे चारे का उत्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा गौशालाओं में भूसे के साथ हरे चारे का प्रयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने जनपद में नेपियर घास के उत्पादन क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करते हुए इसके विस्तार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अवगत कराया कि नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को कान्हा गौशालाओं से आच्छादित किया जा रहा है। मंत्री ने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल देते हुए गोबर आधारित उत्पादों एवं अन्य नवाचारों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंडवार पशु चिकित्सा अधिकारियों से गौशालाओं में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) की सहभागिता बढ़ाई जाए तथा समाज को भी गौसंरक्षण से जोड़ा जाए। उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों पर गौशालाओं में जाकर गौसेवा करने की अपील की।

बैठक में गौवंश सुपुर्दगी, कब्जा मुक्त गौचर भूमि, नेपियर घास उत्पादन तथा अन्य विभागीय प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की गई। मंत्री ने मानसून को देखते हुए सभी गौशालाओं में जलभराव रोकने, वर्षा से बचाव, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संक्रामक रोगों से बचाव के लिए समस्त गौवंश का समयबद्ध टीकाकरण कराने तथा सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, गर्मी और उमस से लोगों को राहत

मुरादाबाद । बीते एक पखवाड़े से अधिक से बेतहाशा गर्मी और उमस झेल रहे मुरादाबादवासियों को बुधवार सुबह से शाम तक रुक रुक कर हुई बूंदाबांदी ने राहत पहुंचाई हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में बनी मौसम प्रयोगशाला के अनुसार बुधवार को मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बुधवार सुबह 11 बजे के बाद आसमान पर काली घटाएं घिरीं और गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

# अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाएंगे अभियान: राहुल पाण्डेय सीओ सिटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। एसएसपी अंकित शर्मा अपने निर्भीक और लीक से हटकर फसलों के लिए जानी जाती है। एक बार फिर एसएसपी अंकिता शर्मा ने अपने इस चिर परिचित अंदाज को कायम रखते हुए पुलिस प्रशासन में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए दातागंज के क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय को सीओ सिटी की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस फैसले को पुलिस महकमे के साथ-साथ आम जनता के बीच भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राहुल पाण्डेय ने दातागंज में अपने कार्यकाल के दौरान एक सख्त, ईमानदार और सक्रिय पुलिस अधिकारी की पहचान बनाई। कानून- व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने की उनकी कार्यशैली को लोगों ने काफी सराहा। अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार चलाए गए अभियानों से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अपने कार्यकाल में उन्होंने पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का भी प्रयास किया। थाना स्तर पर नियमित समीक्षा, संवेदन शील मामलों की निगरानी तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों ने उन्हें एक लोकप्रिय अधिकारी के रूप में स्थापित किया। अब उन्हें बदायूं शहर की कानून-व्यवस्था की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

माना जा रहा है कि उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ शहर की पुलिस व्यवस्था को मिलेगा तथा अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। दातागंज क्षेत्र के कई लोगों ने उनके कार्यकाल को यादगार बताते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं पुलिस विभाग को भी उम्मीद है कि सीओ सिटी के रूप में राहुल पाण्डेय अपने अनुभव और सख्त प्रशासनिक शैली से नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# ऑपरेशन 'दहन' में बरेली पुलिस की बड़ी कार्रवाई 198 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली । जिले में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बरेली पुलिस ने बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण किया है। एक मार्च से सात जुलाई तक चलाए गए ऑपरेशन 'दहन' के तहत विभिन्न मामलों में बरामद करीब 198.63 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों को निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के बाद नष्ट कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

पुलिस के अनुसार, जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 907 मुकदमों से बरामद कुल 5914.690 किलोग्राम मादक पदार्थों का पांच चरणों में विनिष्टीकरण किया गया। पहले चरण में 648.444 किलोग्राम, दूसरे में 1320.076 किलोग्राम, तीसरे में 649.817 किलोग्राम, चौथे चरण में 2153.823 किलोग्राम और अंतिम चरण में 1097.530 किलोग्राम नशीले पदार्थ नष्ट किए गए। सबसे अधिक मात्रा चौथे चरण में नष्ट की गई, जिसमें दो टन से ज्यादा मादक पदार्थ शामिल थे। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में गांजा, चरस, हेरोइन, कोकीन, मॉर्फीन, अफीम, डोडा पोस्त समेत अन्य प्रतिबंधित नशीले पदार्थ शामिल थे। ये सभी विभिन्न आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा बरामद किए गए थे। पुलिस के आकलन के अनुसार इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 198 करोड़ 63 लाख 35 हजार 701 रुपये है।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बुधवार को बताया कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। पूरे अभियान की निगरानी एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने की। समिति में एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर और सीओ क्राइम देवेश सिंह भी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शीतला माता मंदिर की मूर्ति को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर विवाद, जिलाधिकारी को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मऊ । उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ के प्रसिद्ध शीतला माता धाम में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य के बीच मंदिर की मूल मूर्ति को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर विवाद है। बुधवार को मंदिर के पुजारियों और उनसे जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी आनंद वर्धन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि माता की मूर्ति को वर्तमान स्थान से किसी भी स्थिति में न हटाया जाए। उनका कहना है कि यह आदिशक्ति का स्वयं प्रकट स्वरूप है और किसी को भी इसे स्थानांतरित करने का अधिकार नहीं है।

ज्ञापन देने पहुंचे पुजारियों ने आरोप लगाया कि मंदिर से जुड़े कुछ लोग मिलकर मूर्ति को दूसरे स्थान पर स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, जो पूरी तरह शास्त्र विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराओं में मंदिर का जीर्णोद्धार मूल स्थान पर स्थापित मूर्ति के साथ ही किया जाता है, जबकि आसपास के क्षेत्र का विस्तार और सुंदरीकरण किया जा सकता है। पुजारियों ने यह भी दावा किया कि जिस समिति के नाम पर यह निर्णय लिया जा रहा है, वह विधिवत गठित नहीं है और उसके पदाधिकारी स्वयंभू हैं। पुजारियों ने कहा कि शीतला माता धाम मऊ ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वांचल की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इस प्रकार की स्वयंभू शक्ति की प्रतिमा क्षेत्र में विरल है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मंदिरों का सुंदरीकरण हुआ है, वहां मूल मूर्ति को यथास्थान रखते हुए ही निर्माण कार्य कराया गया है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बनदेवी धाम का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी जीर्णोद्धार के दौरान मूर्ति को नहीं हटाया गया था।

जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने बताया कि उन्हें मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मूर्ति को दूसरे स्थान पर ले जाने संबंधी ज्ञापन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कराई जाएगी और यह देखा जाएगा कि मूर्ति को हटाने की आवश्यकता और अधिकार किस आधार पर है। सभी पक्षों से बातचीत करने के बाद तथ्यों के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा, ताकि धार्मिक आस्था और कानून दोनों का सम्मान बना रहे।

# न्याय न मिलने पर महिला ने एसपी ऑफिस में पेट्रोल छिड़ककर सुसाइड करने की कोशिश की

## पीड़ित महिला ने आशा देव मेमोरियल सर्जिकल एवं मैटरनिटी हॉस्पिटल पर लगाया गंभीर आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बार-बार अस्पताल के खिलाफ शिकायत क रने पर न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर सुसाइड करने की कोशिश की।महिला का आरोप है कि अस्पताल ने मेरी नौ साल की बेटी को एक्स पायर खून चढ़ाकर मार डाला।अस्पताल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।इस बीच महिला को बातों में उलझाकर महिला पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ से पेट्रोल की बोतल छीन ली।फिर उसे हिरासत में ले लिया।अपर पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले की जां च के अब सीएमओ को सौंपी है।बताते है कि मन कापुर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रुपाली परि वार के साथ रहती है।परिवार में पति मदन गोपाल, दो बच्चे रिद्धि बारह वर्ष और अनमोल नौ वर्ष हैं। उसके एक और बेटी सिद्धि नौ भी थी।उसकी मौत नवंबर- 2025 में हो गई थी।रुपाली सोशल मीडि या पर भोजपुरी और फिल्मी गानों पर रील बनाती है,उसके इंस्टाग्राम पर तेरह हजार फॉलोअर्स हैं प ति मजदूरी करता है।रुपाली के मुताबिक, नवंबर में उसकी बेटी सिद्धि की तबीयत खराब हो गई थी उसे तेरह नवंबर को शहर के आशा देव मेमोरियल सर्जिकल एवं मैटरनिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।जहाँ पर डॉक्टरो ने पंडित बेटी को प्लेटले ट्स की कमी और शरीर में पानी बढ़ने की शिकाय त बतया।

### अस्पताल वालों ने पचास हजार रुपए मांगे

रुपाली ने बताया कि कई जांच कराने के बाद भी बेटी की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ।वह छह दिन तक अस्पताल में भर्ती रही,इस दौरान डॉक्ट रों ने बेटी को तीन से चार यूनिट खून चढ़ाने की बा त कही।खून के लिए साढ़े ग्यार हजार रुपए भी ज मा कराए।अगले दिन डॉक्टरों ने पचास हजार रुप ए और जमा करने को कहा।रूपाली का आरोप है, जब उसने कहा कि वह रुपए का इंतजाम नहीं कर सकती तो डॉक्टरों ने बेटी को कहीं और ले जाने के कहा बाद में उसने रिश्तेदारों की मदद से पचास हजार रुपए का इंतजाम कर अस्पताल में जमा किए।

### बेटी को एक्सपायरी खून चढ़ाया

रुपाली ने बताया इस दौरान पता चला कि मेरी बेटी को एक्सपायरी वाला खून चढ़ाया गया था।मैं पढ़ी-लिखी नहीं हूँ।इसलिए खून की थैली पर लि खी जानकारी समझ नहीं सकी।लेकिन मैंने पैकेट की फोटो खींच ली थी।रुपाली का आरोप है कि खून चढ़ाने के बाद बच्ची की हालत और बिगड़ गई थी।इसके बाद डॉक्टरों ने उसे इंजेक्शन लगा ए।फिर 19 नवंबर, 2025 को सिद्धि को मृत घो षित कर दिया।

### अस्पताल में एक लाख रुपए जमा कराकर दिया शव

रुपाली का कहना है कि बच्ची के मुंह से झाग नि कल रहा था।इससे उसे शक हुआ कि उसकी मौत गलत इलाज की वजह से हुई है।अस्पताल प्रशास न ने बेटी का शव देने से पहले एक लाख रुपए की मांग की।जिसे उन्होंने किसी तरह जुटाकर दिया। तब अपनी बेटी का शव घर ले जा सकी।कई बार शिकायत करने के बावजूद अस्पताल पर कोई का र्रवाई नहीं हुई।

### एसपी ऑफिस पहुंचकर पेट्रोल छिड़का

इसके बाद बुधवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे रुपाली एसपी ऑफिस पहुंची।वह अपने साथ बोतल में पेट्रोल भी ले गई थी।एसपी ऑफिस पहुंचते ही उसने बोतल से अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। यह देखकर वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ से बोतल छीन ली।उसे एक कमरे में ले गईं।वहां उसे बैठाया और पानी पिलाकर शांत क राया।इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने सीएमओ को मामले की जांच सौंपी है,फि ल हाल रुपाली को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।वहीं आशा देव मेमोरियल सर्जिकल एवं मैटर निटी हॉस्पिटल के मैनेजर डॉ.डीएम शुक्ला से जब बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# संध्या संवाद कार्यक्रम में जनसुनवाई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

## मंडलायुक्त के निर्देश पर लंबित जीपीएफ भुगतान का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । मंडलायुक्त द्वारा संचालित संध्या संवाद कार्य क्रम जनसुनवाई के माध्यम से आमजन एवं कर्म चारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्र भावी मंच बनकर उभर रहा है।आठ मई को आयो जित संध्या संवाद कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने जीपीएफ एवं अन्य सेवा संबं धी देयों के लंबित भुगतान की शिकायत मंडला यु क्त के समक्ष प्रस्तुत की थी।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कि या जाए।मंडलायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जि लाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों केमाध्यम से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराईं तथा लंबे समय से लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी करा ई।इस कार्रवाई के फलस्वरूप सेवानिवृत्त कर्मचा री प्रकाश नारायण पाठक, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव,प्रे म नारायण वर्मा,कौशल्या देवी, अवधेश कुमार तथा भगवान दीन वर्मा सहित अ न्य पात्र कर्मचारियों को उनके सेवा संबंधी देयों का भुगतान कराया गया।सभी लाभार्थियों को कुल 8 9 लाख 41 हजार 612 की धनराशि का भुगतान किया गया।जिलाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शि का यत का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण जि ला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने क हा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देयों का भुगतान केवल प्रशासनिक दायित्व ही नहीं,बल्कि उनके सम्मान और अधिकारों से भी जुड़ा विषय है।भविष्य में भी इस प्रकार के सभी प्रकरणों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।लंबे समय से लंबित भुगतान प्राप्त होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडलायुक्त का भी आभार जताया।उन्होंने क हा कि संध्या संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है,जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली है।

## 10 जुलाई को सेवायोजन कार्यालय में आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच । जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के अन्तर्गत रोजगार तलाशने वाले युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर में 10 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से रोज़गार मेले का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई डिप्लोमा एवं कौशल विकास प्रशिक्षित आदि योग्यता धारी अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करा कर समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण-पत्रों/छाया प्रतियों के साथ इच्छुक पुरूष/महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। सेवायोजन अधिकारी श्री कुमार ने बताया कि रोज़गार में सिसका इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट इन्टरप्राइजेज द्वारा कार्यालय पर्यवेक्षक/स्टोर प्रबन्धक की 75 पदों पर स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण, आयु 18 से 40 वर्ष वेतन रू. 27,000, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक कलस्टर सेल्स आफिसर के 66 पदों पर स्नातक उत्तीर्ण, आयु 20 से 35 वर्ष, वेतन रू. 21,000, यंग इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड व धनवर्षा बायोप्लान्टेक प्रा.लि. द्वारा 40 सेल्स रीप्रेजेन्द्रटिव के पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष, वेतन रू. 11,500, भारतीय जीवन बीमा निगम नानपारा द्वारा एजेन्ट 30 पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष, वेतन रू. 15,600 तथा काशी एग्रो बायोटेक्नालाजी प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर के 30 पदों पर इन्टर/स्नातक उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष, वेतन रू. 17,500 प्रति माह हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।

## तेज रफ्तार का कहर जारीः अज्ञात वाहन की टक्क र से बुजुर्ग की मौत



गोंडा । जिले के मोतीगंज-कहोबा मार्ग पर मंगलवार की शाम एक बेहद दुखद हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी, जिस से उनकी मौत हो गई है।मृतक की पहचान सत्यना रायण तिवारी 60 वर्ष निवासी- सोठिया सुमेरीपुर गांव के रूप में हुई है। मंगलवार शाम करीब चार बजे सत्यनारायण तिवारी अपनी साइकिल से क होबा जा रहे थे।इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अ नियंत्रित और तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जो रदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल सत्यनारायण को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,प्राथ मिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को दे खते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया, लेकिन दुर्भाग्यवश वहां डॉक्टरों ने उ न्हें मृत घोषित कर दिया।?घटना के बाद से ही पीड़ि त परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच और टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की तलाश में जुट गई है।

# धानेपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । धानेपुर थानाक्षेत्र में ठाकुरदास पुरवा के पा स बुधवार दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और जमकर लाठी-डं डे भी चले।आरोप यह है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई।गोली एक पक्ष के एक युवक के आंख के पास लगी है। इस घटना में दोनों पक्षों के तीन लोगों को चोटें आई हैं।तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया,जहां से गोली लगने से घाय ल युवक को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।बुधवार को दोपहर में गोंडा -तरौला मुख्य मार्ग पर ठाकुर दास पुरवा के पास दो पक्षों के आमने-सामने आ जाने से सड़क रणक्षेत्र बन गई,देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए।य ह देखकर आस पास के दुकानदारों ने अपने शटर बंद कर दिया जबकि कुछ तो बंद कर चले गए।इ स मारपीट में एक पक्ष के सुनील पासवान व अमि त पासवान निवासी आनंदनगर चौराहा दूल्हापुर बनकट व दूसरे पक्ष के रोहित ओझा को चोटें आई हैं।रोहित ओझा का आरोप है कि उन पर फायर किया गया जिससे छर्रा आंख के पास लगा है। राहुल ओझा को मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के सुनील पासवान का आरोप है कि चार-पांच की संख्या में विपक्षियों ने दहशत फैलाने के लिए फाय रिंग की ओर लाठी डंडा से हमला कर दिया, जान बचाने के लिए जब वह और उनका साथी अमित पास के एक दुकान के छत पर चले गए तब विप क्षियों ने वहां पर भी आकर पिटाई की जिससे दो नों को चोटें आई हैं।सुनील के मुताबिक उनका हा थ फ्रैक्चर हो गया है।सुनील के मुताबिक घटना के वक्त उन्होंने एक हेड कांस्टेबल को फोन पर घटना की जानकारी दी तब पुलिस ने बचने की सलाह दी।सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौ के पर पहुंच गया और दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी मुजेहना भिजवाया।डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को मेडिकल कॉलेज भेज दि या।सीओ सदर ने भी घटनास्थल का दौरा कर जा यजा लिया है और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

हालांकि दोनों पक्षों के हमलावरों को पुलिस तलाश रही है।प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है तीन लोग घायल हुए हैं।सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है।घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा र ही है।दोनों पक्षों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम कार्रवाई को ले गंभीर नहीं दिख रहा स्वास्थ्य महकमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा ।सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृजेश पाठक सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े।जिला मुख्या लय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एए नएम सेंटरो तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है।लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठ क की सोच के विपरीत सोच रखता है।तभी तो जिला मुख्या लय पर बैठे अधिकारी नगर व ग्रा मीण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथालोजी नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है।लेकिन इनके खि लाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीएचसी के जिम्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ल्ले से अप ना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।बता दे कि ऐसी पैथॉलॉ जियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही नर्सिंग होम में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्यवाही नही होती है।तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभाग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पित करते होंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करेगा,न ही जिला प्रशासन क्योंकि जि ले के अधिकारियों से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्य वाही करा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ या फिर उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंट र व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्यवाही नही हुई है।वही इससे जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रही है ? सीएमओ गोंडा आ खिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग.. ?

**अधिकारियों से उठ चुका है जनता का विश्वास अब सिर्फ सीएम योगी से आस...**

**जिले की सीएमओ अवैध पैथोलॉजी व डायग्नो स्टिक सेंटर पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही ?**

**मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अवैध रुप से चल रहे क्लीनिक व पैथालाजी सेटरों कार्र वाई क्यों नहीं**

# मां के नाम एक पेड़ अभियान के बीच हरे पेड़ों की कटान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रदेश सरकार जहां मां के नाम एक पेड़ अ भियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दे रही है,वहीं मोतीगंज थाना क्षेत्र के पंडरी कृपाल वन क्षेत्र के ग्राम सुमेरी पुर में भी कई दर्जन सागौन के पेड़ काटे गए आरो प है कि वनरक्षक की मिलीभगत से कटान हो रही है और शिकायत के बाद भी वि भागीय अधिकारी समय पर नहीं पहुंच रहे,आरोप है कि पेड़ो की पर मिट 15 पर काटे जा रहे है 33 पेड़ काटकर लाप ता कर दिए गए। 14-15 जून को ग्राम सुमेरीपुर में भी कई दर्जन सागौन के पेड़ काटे गए, आरोप है की शिकायत होने के बाद वन विभाग द्वारा आन न-फानन में सभी बूटों को जेसीबी से खुदवाकर ट्रै क्टर से जोत वाकर साक्ष्य मिटाते हुए खेत का स्व रूप दे दिया गया।इस मामले में सिर्फ 5-6 पेड़ों पर ही कार्रवाई की गई।वही वन विभाग के कुछ कर्म चारियों की मिलीभगत के भी आरोप लगाए गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि पंडरी कृपाल वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई बिना परमिट के स्थानीय पुलिस के इशारे पर हो धड़ल्ले से हो रही है।आरोप है कि कु छ सूखे पेड़ों के परमिट की आड़ में हरे फलदार पे ड़ों को भी काट दिया जाता है, लोगों का दावा है कि मौके पर अभी भी कई पेड़ों के ठूंठ मौजूद हैं, जबकि कुछ ठूंठ हटाने का प्रयास किया गया है। वही स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि वनरक्षक सोनू शुक्ला की क्षेत्र में मजबूत पकड़ होने के चल ते क्षेत्र में हो रही कटान की खबर रेंजर सुशांत शु क्ला तक नहीं पहुंच पाती है। जो वनरक्षक बिना डर भय के अपने उच्च अधिकारियों गोलमोल में जवाब देकर धड़ल्ले से हरियाली पर आर चलवा रहा है।वही इस संबंध में रेंजर सुशांत शुक्ला ने ब ताया कि मौके पर पेड़ों के बूट पाए गए थे। उसी के आधार पर केश काटा गया है।



**पड़री कृपालवन रेंज में बिना परमिट के ही पेड़ पर चला है आरा, जिम्मेदार अनजान**

**स्थानीय लोगों ने वन विभाग की कार्यशैली पर उ ठाए सवाल**

### मोतीगंज में लकड़कट्टे सक्रिय,विभाग निष्क्रिय

वन क्षेत्र पंडरी कृपाल विद्यानगर बीट में लगातार हो रही कटान और विभाग की सुस्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि वन माफिया सक्रिय हैं।स्थानीय लोगों द्वारा मीडिया के माध्यम से आवाज उठाते हुए डी एफओ व वन संरक्षक से निष्पक्ष जांच कराए जाने के साथ-साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए संजीवनी बनेगा एफसीएम इंजेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । एनीमिया मुक्त भारत अभियानश् के तहत गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए आधुनिक श्फ़ेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज़श (एफसीएम) इंजेक्शन की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। बाजार में अत्यधिक महंगा मिलने वाला यह इंजेक्शन जिले के सभी प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) में उपलब्ध करा दिया गया है। बीते दो माह में 19 गंभीर एनीमिया ग्रसित गर्भवतियों का उपचार किया जा चुका हैं।

एक ही बार में पूरा उपचार

यूपी-टीएसयू से डॉ. शालिनी झा ने बताया कि पहले गंभीर एनिमिक गर्भवती को आयरन सुक्रोज के कई डोज के लिए बार-बार अस्पताल आना पड़ता था। अब एफसीएम इंजेक्शन के माध्यम से आवश्यक आयरन की पूरी खुराक एक ही बार में दे दी जाती है, इससे आयरन शरीर के मुख्य अंगों जैसेकृ लीवर, प्लीहा और बोन मैरो में सुरक्षित रूप से स्टोर हो जाता है। इसके बाद, शरीर आवश्यकतानुसार इसी संग्रहित आयरन का उपयोग हीमोग्लोबिन बनाने और नए रक्त के निर्माण में करता है। यही कारण है कि कुछ ही सप्ताह के भीतर हीमोग्लोबिन स्तर में बहुत तेजी से सुधार दिखाई देने लगता है और प्रसव के समय खून चढ़ाने की नौबत ही नहीं आती। हालांकि, उपचार के बाद भी डॉक्टरों की सलाह पर आईएफए, कैल्शियम की गोलियां और पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है।

जोखिम और लक्षण पहचानना जरूरी

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि थोड़े से काम में अत्यधिक थकान, चक्कर आना, बेहोशी, चिड़चिड़ापन, लगातार सुस्ती, मिट्टी या चूना खाने की इच्छा (पाइका), बालों का झड़ना और त्वचा का पीला पड़ना एनीमिया के मुख्य लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को पहले से एनीमिया हो, दो गर्भावस्था के बीच 12 माह से कम का अंतर हो, तीन या अधिक प्रसव हो चुके हों, जुड़वां बच्चे हों, या हुकवर्म व यूटीआई (न्ज्) संक्रमण हो, उनमें गंभीर एनीमिया का खतरा अधिक होता है। ऐसी महिलाओं को विशेष निगरानी की आवश्यकता होती है।

मां-शिशु दोनों के लिए घातक है एनीमिया-

एसीएमओ डॉ. संतोष राना के मुताबिक, गर्भावस्था में खून की कमी से समय से पहले प्रसव, डिलीवरी के वक्त अत्यधिक रक्तस्राव (पीपीएच) और नवजात का वजन कम होने या उसका मानसिक विकास रुकने का खतरा रहता है। समय पर एनीमिया का उपचार इन जोखिमों को कम करता है।

जांच और पौष्टिक आहार ही बचाव-

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि गर्भावस्था की शुरुआत में ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या वीएचएसएनडी दिवस पर पंजीकरण कराकर हीमोग्लोबिन की जांच कराएं। दैनिक भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, गुड़-चना, चुकंदर और अनार शामिल करें तथा लोहे की कड़ाही में भोजन पकाएं, जिससे शरीर में प्राकृतिक रूप से आयरन की मात्रा बढ़ती है।

**सरकारी प्रसव केंद्रों पर नि:शुल्क सुविधा, रक्त चढ़ाने की जरूरत होगी कम**

**एक बार में पूरी आयरन खुराक, मां और नवजात दोनों के लिए सुरक्षित उपचार**

# उत्तर प्रादेशीय अपराध निरोधक समिति की पहल पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**साइबर ठगों के नए हथकंडों से कराया रूबरू, प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को किया जागरूक**

**डिजिटल अरेस्ट से लेकर यूपीआई फ्रॉड तक, साइबर विशेषज्ञों ने बताए बचाव के तरीके**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति नानपारा इकाई द्वारा रूपईडीहा रोड स्थित बंधन मैरिज हाल में साइबर अपराध जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों से होने वाली ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर आयोजकों द्वारा उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं शील्ड भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम बहराइच रणजीत यादव ने साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप पर विस्तार से जानकारी देते हुए डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, व्हाट्सएप वीडियो कॉल फ्रॉड, फ़ेक लोन ऐप, निवेश (इन्वेस्टमेंट) स्कैम, केवाईसी अपडेट फ्रॉड, सिम स्वैप फ्रॉड तथा एआई वॉइस कॉल स्कैम जैसे मामलों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति से बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या क्यूआर कोड पर बिना जांच के क्लिक न करें। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर पुनीत सिंह, सब इंस्पेक्टर शिवम पाण्डेय एवं महिला आरक्षी रीना शुक्ला ने भी साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पुलिस टीम द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर अपराधों पर आधारित वीडियो एवं जागरूकता प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसमें वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों के जरिए बताया गया कि साइबर अपराधी किस प्रकार लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं तथा उनसे कैसे बचा जा सकता है। प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को ऑनलाइन ठगी की पहचान और उससे बचाव के व्यावहारिक तरीके भी समझाए गए। अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर समिति के जिला सचिव केशव कुमार मौर्य, हरिशंकर शर्मा, आशीष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह, जिला संगठन मंत्री मोहम्मद मोहसिन, विनोद कुशवाहा, पप्पू गाज़ी, प्रधान प्रतिनिधि सादिक हुसैन, अब्दुल मुशीर सेठ, केशव मौर्य, अशोक पाठक, समाजसेवी सुरेश शाह, उमेश चंद्र शाह, गोपाल टेकड़ीवाल, टीलू शर्मा, मोहम्मद सलमान, मनोज तिवारी, अतहर अली अज्जन, गुड्डू मारिया, नसरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाने का संकल्प लिया।

# व्यापारियों की एकजुटता से ही मजबूत होगा संगठन, हर व्यापारी की आवाज़ बनेगा उद्योग व्यापार मंडल : अनूप अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीसलपुर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई का हुआ भव्य गठन

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

पीलीभीत। बीसलपुर नगर के व्यापारिक एवं सामाजिक परिवेश में मंगलवार का दिन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लिए ऐतिहासिक रहा। संगठन की नगर इकाई का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह उत्साह, अनुशासन और व्यापारी एकजुटता के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में जिले भर से पहुंचे व्यापारियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि संगठन अब व्यापारी हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन की गरिमा बनाए रखने, व्यापारी समाज के सम्मान की रक्षा करने तथा हर परिस्थिति में व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया। शपथ ग्रहण के दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

नगर इकाई में वीरेंद्र अग्रवाल को नगर अध्यक्ष, दीपक अग्रवाल को नगर महामंत्री, मनोज गोयल को नगर महामंत्री संगठन, नितिन भारद्वाज को नगर युवा अध्यक्ष, प्रखर गुप्ता को युवा महामंत्री, संजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्रियंका अग्रवाल को युवा कोषाध्यक्ष, पंकज अग्रवाल को युवा वरिष्ठ मंत्री, शाहिद खान, गौरव अग्रवाल, मोहित अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल को युवा मंत्री, धीरज गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा अभिषेक पाठक को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं प्रदीप वर्मा, फरहान हुसैन एवं मोहम्मद रिजवान ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। समारोह में जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला युवा महामंत्री नितिन अग्रवाल, जिला संरक्षक संजीव मोहन अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में व्यापारियों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिनका समाधान केवल संगठित प्रयासों से ही संभव है। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को एक मजबूत मंच उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा उनके अधिकारों की रक्षा करना है। व्यापारियों के सम्मान और अधिकारों के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे : अनूप अग्रवाल

जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि प्रत्येक छोटे-बड़े व्यापारी के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों का प्रहरी है। संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी किसी पद की प्रतिष्ठा के लिए नहीं, बल्कि सेवा और संघर्ष की भावना से कार्य करेगा। व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय, उत्पीड़न या शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनकी हर समस्या को पूरी मजबूती के साथ प्रशासन एवं शासन स्तर तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी देश और समाज की आर्थिक रीढ़ है। यदि व्यापारी सुरक्षित, सम्मानित और संगठित रहेगा तो बाजार मजबूत होगा और विकास की गति भी तेज होगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर संगठन को गांव-गांव और बाजार-बाजार तक मजबूत करें, नए व्यापारियों को जोड़ें तथा हर व्यापारी के सुख-दुख में सहभागी बनें। अनूप अग्रवाल ने कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल सदस्य संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि ऐसा विश्वास कायम करना है कि किसी भी व्यापारी को समस्या आने पर उसे सबसे पहले अपने संगठन की याद आए। व्यापारी हित सर्वोपरि हैं और उनकी रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेगा।

# अमेठी जनपद में 11877 शिक्षकों शिक्षा मित्रों अनुदेशकों एवं रसोइयों को मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को जनपद अमेठी में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किये गये। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी तथा मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही।कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, भारतीय स्टेट बैंक की गौरीगंज एवं अमेठी शाखाओं के प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षामित्र तथा बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी आर्थिक बोझ के उपलब्ध हो सकेंगी।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षा विभाग के कार्मिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समयबद्ध ढंग से योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाय।बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि जनपद अमेठी में इस योजना से बेसिक शिक्षा विभाग के कुल 11,877 कार्मिक लाभान्वित होंगे। इनमें 4,360 शिक्षक, 1,530 शिक्षामित्र, 267 अनुदेशक, 106 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्मिक, 40 स्पेशल एजुकेटर तथा 3,930 मध्यान्ह भोजन रसोइये शामिल हैं। योजना के अंतर्गत पात्र कार्मिकों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना बेसिक शिक्षा विभाग के कार्मिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनपद के प्रत्येक पात्र कर्मचारी तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# आकाशीय बिजली का कहर: बारिश से बचने को पेड़ के नीचे खड़े दो किसानों पर गिरी बिजली, एक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।वर्षा के दौरान खेत में काम कर रहे बख्तापुर शिवपुरिया गांव के दो किसान बारिश से बचने के लिए पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी अचानक आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर 60 वर्षीय गंगाराम पुत्र तोताराम की मृत्यु हो गई वहीं 50 वर्षीय गयादीन गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिनकी हालत भी नाजुक बनी हुई है खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले अन्नदाताओं पर आई इस त्रासदी से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार आशीष गुप्ता तथा क्षेत्रीय विधायक अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया यह हृदयविदारक घटना प्रतिकूल मौसम के दौरान किसानों की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूकता और प्रभावी राहत व्यवस्था की आवश्यकता को रेखांकित करती है प्रशासन द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है कि गरज-चमक और वर्षा के दौरान पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है विशेषज्ञ भी ऐसे मौसम में सुरक्षित भवन या पक्के आश्रय स्थल में रहने की सलाह देते हैं।

न्यूज 5 आकाशीय बिजली का कहर: बारिश से बचने को पेड़ के नीचे खड़े दो किसानों पर गिरी बिजली, एक की मौत

पूरनपुर।वर्षा के दौरान खेत में काम कर रहे बख्तापुर शिवपुरिया गांव के दो किसान बारिश से बचने के लिए पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी अचानक आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर 60 वर्षीय गंगाराम पुत्र तोताराम की मृत्यु हो गई वहीं 50 वर्षीय गयादीन गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिनकी हालत भी नाजुक बनी हुई है खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले अन्नदाताओं पर आई इस त्रासदी से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार आशीष गुप्ता तथा क्षेत्रीय विधायक अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया यह हृदयविदारक घटना प्रतिकूल मौसम के दौरान किसानों की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूकता और प्रभावी राहत व्यवस्था की आवश्यकता को रेखांकित करती है प्रशासन द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है कि गरज-चमक और वर्षा के दौरान पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है विशेषज्ञ भी ऐसे मौसम में सुरक्षित भवन या पक्के आश्रय स्थल में रहने की सलाह देते हैं।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

## पूरनपुर में हुआ सीधा प्रसारण, अब शिक्षकों को मिलेगा पांच लाख तक का कैशलेस उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी स्थित पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल से 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारंभ किया इस अवसर पर प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों के साथ पूरनपुर ब्लॉक सभागार में भी लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया योजना के तहत बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों तथा उनके आश्रितों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी इस योजना का लाभ नियमित शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के संविदा कर्मियों को भी मिलेगा प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षक और उनके परिजन इससे लाभान्वित होंगे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में यूनिफॉर्म, जूते, मोजे और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की पूरनपुर में आयोजित समारोह में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक भी वितरित किए गए इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान,ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश गंगवार, निराजना शर्मा, सुगंध अग्रवाल, अनामिका सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल को शिक्षा जगत और शिक्षकों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ मित्रों को मिल रहा आधुनिक प्रशिक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में लखीमपुर खीरी और बिजनौर के बाघ मित्रों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ 7 से 9 जुलाई तक चल रहे इस कार्यक्रम का आयोजन पीलीभीत टाइगर रिजर्व और विश्व प्रकृति निधि-भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है प्रशिक्षण में दुधवा परिक्षेत्र समेत विभिन्न वन प्रभागों के बाघ मित्र उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक ने बाघ मित्रों की निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की और कहा कि उनकी सक्रियता से मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है अधिकारियों ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण और जनजागरूकता के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वन्यजीवों की पहचान एवं ट्रैकिंग, साइन सर्वे, भीड़ प्रबंधन तथा आपात स्थितियों में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही उन्हें स्थानीय समुदायों की संस्कृति और आजीविका से भी परिचित कराया जाएगा अधिकारियों के अनुसार यह पहल संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का सशक्त नेटवर्क तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है

### पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पप्पू पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नया पुरवा मजरे खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब पचास वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोतिगरपुर/सुल्तानपुर। लखनऊ-बलिया हाइवे पर बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। यह घटना मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर लपटा गांव के पास हुई। पुलिस ने पिकअप और बाइक के साथ पिकअप सवार 3 लोगों को कब्जे में लेकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करौंदी निवासी अमर बहादुर प्रजापति पुत्र रामतीरथ (30 वर्ष), अपनी मां ममता देवी (55 वर्ष) को मोतिगरपुर में दवा दिलाने जा रहा था। दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित शाहपुर लपटा गाँव के पास पहुंचे थे कि तभी जौनपुर से सब्जी पहुंचाकर लौट रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पहले एक पेड़ से करीब 5 फीट ऊपर उछली और फिर 30 मीटर दूर एक दीवार से टकराकर रुक गई। तेज आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो माँ-बेटे गंभीर रूप से घायल होकर हाइवे पर पड़े थे और बाइक क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। घटना के बाद अमेठी जिले के कोतवाली जगदीशपुर के घोसियाना निवासी चालक मोहम्मद सैफ पुत्र मोहम्मद खालिक और उसके सहयोगियों को राहगीरों ने दौड़कर पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल एंबुलेंस सेवा और पुलिस को दी। सूचना के करीब 20 मिनट बाद पहुंची एंबुलेंस से मां ममता देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर भेजा गया। जबकि अमर बहादुर को पुलिस ने प्राइवेट वाहन से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने अमर बहादुर को मृतक घोषित कर दिया और मां को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही ममता देवी ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अमर बहादुर चंडीगढ़ में फर्नीचर का काम करता था और तीन दिन पहले ही घर आया था। वह अपने दो भाइयों विजय और अजय में सबसे बड़ा था। उसके पिता रामतीरथ, मां गांव में रहते थे। अमर बहादुर की पत्नी अर्चना और डेढ़ साल का एक बेटा अयांश है। मोतिगरपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### शारदा नहर में मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

कूरेभार/सुल्तानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के लोकेपुर-सेईया गांव के पास शारदा नहर से मंगलवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।
पुलिस के मुताबिक, मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। उसने आसमानी रंग की टी-शर्ट और काले रंग का लोअर पहन रखा था। उसके दाहिने हाथ में कड़ा था। रंग सांवला, चेहरा गोल और कद लगभग पांच फीट छह इंच बताया गया है। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे नहर में शव उतराने की सूचना मिली थी।

### स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान शुरू हुआ जिसमें स्कूल में अभिभावकों को स्कूल भेजने हेतु जागृत किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य मे पूरनपुर विकास खंड के कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की जिसमें प्रभात फेरी गाँव मे निकाली और समस्त गाँव बालों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया और बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया और अध्यापक हुकुम सिंह ने गाँव बालों से बच्चों को रोज स्कूल भेजने की अपील की है।

### पॉक्सो प्रकरण में फरार आरोपी दबोचा, सेहरामऊ उत्तरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंश उर्फ हर्ष गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा संख्या 77/2026 में वांछित आरोपी अंश उर्फ हर्ष जायसवाल पुत्र जितेन्द्र जायसवाल, निवासी इमली चौराहा, कोतवाली सदर, जनपद लखीमपुर खीरी को मुखबिर की सूचना पर दौलतपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया मामले में ग्राम जोगराजपुर निवासी आकाश शुक्ला पुत्र कृष्ण चन्द्र शुक्ला ने 30 जून को अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी थी पुलिस द्वारा किशोरी को बरामद कर उसके बयान दर्ज किए गए, जिसके आधार पर मुकदमे में धारा 65(1) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) की बढ़ोतरी की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक सतवीर सिंह एवं मुख्य आरक्षी विकास कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### पड़ोसियों के विवाद मे मेनका गांधी पर कथित टिप्पणी, पुलिस से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला कायस्थान में दो पड़ोसियों के बीच चल रहे पुराने विवाद ने नया मोड़ ले लिया है आशीष ने थाना पूरनपुर में प्रार्थना-पत्र देकर पड़ोसी संजीव कुमार उर्फ संजय पर पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के विरुद्ध कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी से उनका पुराना विवाद चल रहा है और इस संबंध में पहले भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है उनका कहना है कि ए‍क व्यक्तिगत रंजिश के चलते आरोपी कई बार सार्वजनिक रूप से मेनका गांधी और पूर्व सांसद वरुण गांधी के बारे में अपशब्दों का प्रयोग कर चुका है ताजा घटना में उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके घर के सामने खड़े होकर मेनका गांधी के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया, जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं और उन्हें मानसिक कष्ट पहुंचा प्रार्थना-पत्र में आशीष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी थी आरोपी पक्ष का बयान प्राप्त नहीं हो सका है।

### पॉक्सो प्रकरण में फरार आरोपी दबोचा, सेहरामऊ उत्तरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंश उर्फ हर्ष गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा संख्या 77/2026 में वांछित आरोपी अंश उर्फ हर्ष जायसवाल पुत्र जितेन्द्र जायसवाल, निवासी इमली चौराहा, कोतवाली सदर, जनपद लखीमपुर खीरी को मुखबिर की सूचना पर दौलतपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया मामले में ग्राम जोगराजपुर निवासी आकाश शुक्ला पुत्र कृष्ण चन्द्र शुक्ला ने 30 जून को अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी थी पुलिस द्वारा किशोरी को बरामद कर उसके बयान दर्ज किए गए, जिसके आधार पर मुकदमे में धारा 65(1) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) की बढ़ोतरी की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक सतवीर सिंह एवं मुख्य आरक्षी विकास कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लंभुआ/सुल्तानपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) लंभुआ में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा वाराणसी से योजना के शुभारंभ के क्रम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी प्रीति जैन, खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ अजय सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी भदैया शिवशंकर मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुबे, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह तथा ब्लॉक अध्यक्ष केदार नाथ दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। संचालन डॉ. राम सागर गुप्ता ने किया। ब्लॉक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है, इसलिए उसके सम्मान के साथ उसके स्वास्थ्य की सुरक्षा भी आवश्यक है। उपजिलाधिकारी प्रीति जैन ने कहा कि यह योजना शिक्षकों के सुरक्षित चिकित्सकीय भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइयों सहित शिक्षा विभाग से जुड़े सहयोगियों तक पहुंचाया जा रहा है। सहायक अध्यापक प्रमेन्द्र सिंह ने शिक्षकों की ओर से सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ. राम सागर गुप्ता, कलहू पाल, रामकेश सिंह, रविंद्र सिंह, लीला यादव, अनुदेशक अजीत सिंह, शिक्षामित्र रेनू, शैलेन्द्र तिवारी, विपिन यादव, महेंद्र कुमार चौरसिया, विनय कुमार, सुचितानंद चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, सुशांत मिश्रा और सनत कुमार सिंह सहित कई शिक्षकों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में लंभुआ तहसील क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने निजी अस्पताल पर लगाए गंभीर आरोप

पूरनपुर। क्षेत्र के सिमरिया निवासी अकील अहमद ने मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत को शिकायती पत्र देकर सूर्यांश हॉस्पिटल और उसके संचालक डॉ. सूरज गौतम के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई की मांग की है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उनके भाई नसीर की गर्भवती पत्नी फरीन बेगम को प्रसव पीड़ा होने पर एक परिचित महिला के कहने पर अस्पताल ले जाया गया इससे पहले दो निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने सामान्य प्रसव की संभावना कम बताते हुए ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी परिजनों का आरोप है कि इसके बावजूद सूर्यांश हॉस्पिटल में सामान्य प्रसव कराने का आश्वासन दिया गया और इसके लिए 35 हजार रुपये खर्च होने की बात कही गई परिजनों ने 25 हजार रुपये अग्रिम जमा कर दिए शिकायत के अनुसार, कुछ समय बाद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें नवजात की मृत्यु तथा प्रसूता की गंभीर स्थिति की जानकारी दी परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान बच्चेदानी फटने और अत्यधिक रक्तस्राव के बाद मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया शिकायत में यह भी कहा गया है ।

## सम्पादकीय

# ‘निष्कलंक’ का इस्तीफा क्यों

अंततः राम मंदिर ट्रस्ट को अपने महासचिव रहे चंपत राय बंसल और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफ़े स्वीकार करने पड़े। इस निर्णय में ‘मजबूरी’ झलकती रही, क्योंकि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने चंपत राय को ‘महापुरुष’ और ‘संत-साधु’ करार दिया। ट्रस्ट ने चंपत को ‘आरोपित’ ही नहीं किया। ट्रस्ट ने बैठक में यह जरूर स्वीकार किया कि राम मंदिर के प्रबंधन में कई खामियां थीं, लिहाजा चंदा-चढ़ावे की चोरी-डकैती संभव हो सकी। कई अनियमितताएं और विसंगतियां थीं, लिहाजा ‘चोर’ ही दान का धन गिनते रहे और 70 बार चोरी करते रहे। यह विशेष जांच दल का शुरुआती निष्कर्ष बताया गया है। इस ‘महापाप’ से सभी आहत, दुखी और लज्जित हैं। राम मंदिर की प्रतिष्ठा पर सवाल उठे हैं, भव्य राम मंदिर की छवि धूमिल, कलंकित हुई है, उसकी भरपाई सिर्फ इस्तीफों से नहीं की जा सकती। चंपत राय और अनिल मिश्रा समेत समूचा ट्रस्ट परोक्ष रूप से दोषी है, आरोपित है, लिहाजा ट्रस्ट को भंग करके नई व्यवस्था तय करनी चाहिए थी। यह प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्रालय की थी, लेकिन जो अंतिम निष्कर्ष सामने आया है, उससे स्पष्ट है कि ट्रस्ट संघ परिवार की ‘बपौती’ है, उसकी प्रशासनिक, धार्मिक ईकाई ही बना रहेगा। वर्चस्व आरएसएस, विहिप और संघवादी संतों का ही रहेगा, लिहाजा संघ के बुनियादी प्रचारक रहे दो चेहरे बाहर करने पड़े, तो उनका विकल्प भी संघवादी कृष्ण मोहन को चुना गया। भारतीय वन सेवा अधिकारी रहे कृष्ण मोहन 2012 से ही आरएसएस में सक्रिय हैं और प्रचारक भी रहे हैं। अब उन्हें राम मंदिर का पवित्र दायित्व सौंपा गया है। अभी उन्हें ‘अंतरिम महासचिव’ कहा जा सकता है। ट्रस्ट ने यह विमर्श नहीं किया कि आखिर चंपत राय और अनिल मिश्रा को इतना निरंकुश और ताकतवर किसने और क्यों बनने दिया गया? उनकी मनमानियां कैसे चलती रहीं? करीब 114 करोड़ रुपए के भूमि-सौदे उन्हें ही क्यों करने दिए गए, जबकि इन जमीनों की कीमत 20-25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है? क्या यह बड़ा घोटाला नहीं है? ट्रस्ट ‘सामूहिक जिम्मेदारी’ का संगठन होता है, लिहाजा समूचा ट्रस्ट ही बदलना चाहिए था। जो साधु-संत किस्म के चेहरे ट्रस्ट में हैं, उन्हें प्रशासन, प्रबंधन, वित्तीय अंकुश और निगरानी का कोई अनुभव नहीं है, तो फिर करोड़ों रुपए के दान, चंदे, चढ़ावे का दायित्व उन्हें क्यों सौंपा गया? राम मंदिर आंदोलन के दौरान असंख्य लोगों ने योगदान दिया था, ‘राम-राम’ के उद्घोष किए थे, बलिदान भी दिए थे, उनमें से अधिकतर मंदिर की सीमा से बाहर ही हैं। वे भी आज पीड़ित, व्यथित होंगे! आंदोलन की सक्रियता ट्रस्ट में शामिल होने की गारंटी नहीं है। संविधान में तो यह प्रावधान नहीं है कि ट्रस्ट में सिर्फ संघ परिवार की ही सदस्यता होगी। ‘हिंदू’ तो गैर-संघी भी हो सकता है और प्रशासनिक अनुभव का धनी भी हो सकता है, लेकिन राम मंदिर पर संघ का ही ‘अघोषित कब्जा’ है। सवाल यह भी गंभीर है कि चंपत राय को ट्रस्ट से बाहर किया जा रहा था, तो बैठक में उनका अभिनंदन क्यों गाया गया? कोषाध्यक्ष गोविंद देव ने उन्हें ‘निष्कलंक’ और ‘निरापराधी’ माना है। उन्होंने कहा है कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान और उसके बाद चंपत राय की सेवाओं, कार्यों, तप-त्याग और भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। चंपत राय से ‘असावधानी’ में भूल हो गई, लिहाजा उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। क्या गोविंद देव कोई ‘न्यायाधीश’ हैं, जो ऐसा फैसला सुनाया है? क्या ट्रस्ट के स्तुतिगान के बाद अब चंपत राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी, उनके खिलाफ केस नहीं बनेगा और वह निष्कलंक होकर अयोध्या से विदा हो सकेंगे? क्या विहिप में वह उपाध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे? ऐसे पाक-साफ व्यक्ति का ट्रस्ट ने इस्तीफा क्यों मंज़ूर किया? दरअसल हमें तो ट्रस्ट की बैठक ही प्रायोजित और लीपापोती वाली ज्यादा लगी। हालांकि गोविंद देव ने कुछ बेशकीमती वस्तुएं ही सार्वजनिक की हैं। ऐसी 2926 वस्तुएं बताई जा रही हैं। कानून तो यह भी कहता है कि चांदी को गलाने, दान की गई वस्तुओं का स्वरूप बदलने का अधिकार ट्रस्ट को नहीं है। फिर ऐसा क्यों किया गया? ट्रस्ट ने भारत सरकार की ‘मिंट’ से अनुबंध क्यों किया? ऐसे कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। देखते हैं कि नई व्यवस्था क्या फैसले लेती है?

# अमेरिका कैसे तैयार करता है खेल चैंपियन और उद्योग

अमेरिका तीन आयामी दृष्टिकोण अपनाता हैः संरचित, वैज्ञानिक और पेशेवर। अमेरिकी खेल उद्योग अत्यंत सुव्यवस्थित है। खेल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले खिलाड़ियों को आमतौर पर अपने कॅरियर के मार्ग की स्पष्ट समझ होती है। स्कूल टीमों से लेकर राष्ट्रीय लीग तक, प्रदर्शन विज्ञान के महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। अमेरिकी दृष्टिकोण केवल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें बुनियादी ढाँचे, प्रबंधन और पेशेवर सहायता प्रणालियों में दीर्घकालिक निवेश भी शामिल है, जो समग्र रूप से खेल उद्योग को सशक्त बनाते हैं। वैद्य ने अमेरिकी विदेश विभाग के ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम में भाग लिया था, जिसका संचालन टेनेसी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्पोर्ट, पीस एंड सोसाइटी द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय खेल दिग्गजों को अमेरिकी मेंटर्स और संस्थानों से जोड़ता है ताकि खेल नेतृत्व और प्रबंधन से जुड़ी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आदान-प्रदान किया जा सके।

मुंबई स्थित अमेरिकी कांसुलेट द्वारा भोपाल में आयोजित एक हाइब्रिड सत्र के दौरान 80 से अधिक खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, कोचों और खेल प्रशासकों को संबोधित करते हुए ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम की पूर्व प्रतिभागी वैद्य ने बताया कि अमेरिकी खेल प्रणालियाँ खिलाड़ी विकास, विज्ञान, शिक्षा और व्यवसाय को किस प्रकार एक साथ जोड़कर न केवल चैंपियन तैयार करती हैं बल्कि पूरे खेल उद्योग का विकास भी करती हैं। वैदेही वैद्य चाहती हैं कि भारतीय खेल पेशेवर पदकों और मुकाबलों से आगे की सोच विकसित करें।

उनके सत्र का शीर्षक था ल्लअमेरिका की खेल प्रणालियाँ और मार्गः चैंपियन और उद्योगों को आकार देने वाली संरचनाएँ।ङ्क इस सत्र में प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि अमेरिका स्कूलों, कॉलेजों, पेशेवर लीग और विशेष सहायता नेटवर्कों के माध्यम से दीर्घकालिक खेल प्रणालियों का निर्माण कैसे करता है। अमेरिका में अपने अनुभव के आधार पर वैद्य कहती हैं कि अमेरिकी खेलों की सफलता उन प्रणालियों में निहित है जो हर स्तर पर खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार की गई हैं।

वैद्य कहती हैं, अमेरिका तीन आयामी दृष्टिकोण अपनाता हैः संरचित, वैज्ञानिक और पेशेवर। अमेरिकी खेल उद्योग अत्यंत सुव्यवस्थित है। खेल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले खिलाड़ियों को आमतौर पर अपने कॅरियर के मार्ग की स्पष्ट समझ होती है। स्कूल टीमों से लेकर राष्ट्रीय लीग तक, प्रदर्शन विज्ञान के महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। अमेरिकी दृष्टिकोण केवल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें बुनियादी ढाँचे, प्रबंधन और पेशेवर सहायता प्रणालियों में दीर्घकालिक निवेश भी शामिल है, जो समग्र रूप से खेल उद्योग को सशक्त बनाते हैं। वैद्य ने अमेरिकी विदेश विभाग के ग्लोबल स्पोर्ट्स मेंटरिंग प्रोग्राम में भाग लिया था, जिसका संचालन टेनेसी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्पोर्ट, पीस एंड सोसाइटी द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय खेल दिग्गजों को अमेरिकी मेंटर्स और संस्थानों से जोड़ता है ताकि खेल नेतृत्व और प्रबंधन से जुड़ी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आदान-प्रदान किया जा सके। इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान वैद्य ने देखा कि अमेरिकी खेल क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी विशेषज्ञता और पेशेवर प्रबंधन किस प्रकार मिलकर कार्य करते हैं। इस अनुभव ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि अमेरिकी संगठन ऐसे दीर्घकालिक तंत्र कैसे विकसित करते हैं जो खिलाड़ियों और खेल पेशेवरों दोनों का समर्थन करते हैं। वह कहती हैं, ल्लचाहे कोचिंग हो, खेल विज्ञान हो या डेटा विश्लेषण, इन सभी क्षेत्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाता है और अनुसंधान का समर्थन प्राप्त होता है। यह कार्यप्रणाली मज़बूत तकनीकी कार्यक्रमों के विकास में योगदान देती है और ऐसे पेशेवरों को तैयार करती है जो अपने-अपने क्षेत्रों में उच्च स्तर की विशेषज्ञता प्रदर्शित करते हैं। इस कार्यक्रम ने उन्हें खेल क्षेत्र के अग्रणी लोगों से जुड़ने और यह बेहतर समझने का अवसर भी दिया कि अमेरिकी संस्थान नवाचार और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क कैसे विकसित करते हैं। वैद्य कहती हैं, ल्लमुझे प्रमुख खेल दिग्गजों से जुड़ने का अवसर मिला, जिसने व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के प्रति मेरे दृष्टिकोण को गहराई से प्रभावित किया। इस कार्यक्रम ने मुझे प्रभावी प्रणालियाँ लागू करने में सक्षम बनाया, जो भारत में एक सशक्त व्यवसाय स्थापित करने में योगदान देंगी। अमेरिकी मॉडल की सबसे प्रमुख विशेषताओं में से एक है खिलाड़ी विकास में शैक्षणिक संस्थानों की मज़बूत भूमिका। स्कूल और कॉलेज खिलाड़ियों के लिए सुव्यवस्थित मार्ग तैयार करते हैं और साथ ही खेलों के व्यावसायिक विकास में भी योगदान देते हैं। वह कहती हैं, ल्लअमेरिका में स्कूल और कॉलेज, दोनों स्तरों पर खेलों का एकीकरण खिलाड़ी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अमेरिका में स्कूलों और कॉलेजों की खेल प्रणाली सुव्यवस्थित है और इसमें व्यावसायिक पहलू भी शामिल है। कई खिलाड़ियों का चयन कॉलेज प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय स्तर की लीग में भाग लेने के लिए किया जाता है, जिससे यह खेल प्रणाली राष्ट्रीय टीमों के लिए एक प्रभावी आधार तैयार कर पाती है उन्होंने



आगे कहा कि यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण केवल खिलाड़ियों के प्रदर्शन में ही नहीं बल्कि खेलों के प्रबंधन और संगठन में भी नवाचार को प्रोत्साहित करता है। वैद्य कहती हैं, ल्लइन पेशेवरों का समावेश खेल उद्योग के संगठनात्मक, प्रबंधकीय और तकनीकी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देता है। भोपाल सत्र के दौरान वैद्य ने प्रतिभागियों को खेलों को केवल प्रतियोगिता के रूप में नहीं बल्कि एक सामुदायिक अनुभव और आर्थिक विकास के साधन

उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढाँचे तक पहुँच के महत्व पर भी जोर दिया। उनके अनुसार, प्रारंभिक चरण में पेशेवर सुविधाओं का अनुभव खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद करता है। वह बताती हैं, ल्लशैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध होने वाली पेशेवर स्तर की खेल सुविधाओं के चलते खेलों के विकास और प्रगति में मदद प्रदान हो जाती है। बुनियादी ढाँचे और प्रतियोगिता के मार्गों से आगे बढ़कर, वैद्य कहती हैं कि अमेरिकी प्रणाली की एक विशेषता यह भी है कि वह खिलाड़ी प्रशिक्षण और प्रदर्शन प्रबंधन में विशेषज्ञ पेशेवरों को किस प्रकार शामिल करती है। विश्लेषक, मनोवैज्ञानिक, प्रशिक्षक और अन्य विशेषज्ञ कोच के साथ मिलकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और व्यापक खेल उद्योग को मज़बूत करने का कार्य करते हैं। वह कहती हैं, ल्लअमेरिका में खेल विश्लेषकों और खेल मनोवैज्ञानिकों जैसे विशेषज्ञ पेशेवरों के महत्व और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर उनके सकारात्मक प्रभाव के लिए व्यापक मान्यता प्राप्त है। कोच इन विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और प्रतियोगिता में जो बेहतरी की जाती है, उसे स्वीकार करते हैं और उन्हें खेल प्रणाली का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं। उन्होंने

के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका में खेल स्थल अक्सर ऐसे सामुदायिक केंद्रों की तरह कार्य करते हैं जो लोगों को एक साथ लाते हैं और खेलों के प्रति सहभागिता को बढ़ाते हैं।

वह कहती हैं, मेरा उद्देश्य था कि वे समझ सकें कि अमेरिकी स्कूल और कॉलेज खेल प्रणाली कैसे कार्य करती है। मैं यह भी चाहती थी कि वे खेलों के सामुदायिक आयाम को समझें, जहाँ खेल स्थल केवल स्टेडियम नहीं होते, बल्कि लोगों के एकत्र होने के स्थान भी होते हैं। वह कहती हैं कि सत्र का एक प्रमुख उद्देश्य ऐसे दीर्घकालिक तंत्रों के महत्व को रेखांकित करना भी था जो खेलों के सतत विकास में मदद देते हैं। वह बताती हैं, ल्लमैं चाहती थी कि वे यह समझें कि खेलों में सफलता स्थापित प्रणालियों पर निर्भर करती है, केवल ओलिंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने से आगे बढ़कर टिकाऊ खेल व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता को समझें, और खेल स्थलों तथा आयोजनों को सामुदायिक सहभागिता के दृष्टिकोण से देखें।

सैयद सुलेमान अख्तर, स्पैन पत्रिका

# विदेशी फंडिंग के सहारे भारत की सामाजिक जड़ों पर हो रहा प्रहार?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत में धर्मांतरण, यह विषय पिछले कुछ वर्षों में सामने आए अनेक प्रकरणों से कहीं अधिक व्यापक हो गया है। इसमें विदेशी फंडिंग, वैचारिक हस्तक्षेप, जनजातीय क्षेत्रों में बढ़ती सक्रियता और नक्सली नेटवर्क से संभावित संबंधों जैसे गंभीर आयाम भी जुड़ गए हैं। बेंगलुरु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर दर्ज हालिया एफआईआर ने एकबार फिर इस पूरे मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। यदि हम भारत का समग्र चिंतन करते हैं तो एक बात तय है कि भारत की पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता, स्थानीय परंपराओं और हजारों वर्षों से विकसित सामाजिक संरचना से बनती है। विशेष रूप से जनजातीय समाज अपनी विशिष्ट आस्था, जीवन शैली और सांस्कृतिक विरासत के कारण भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग है। ऐसे समाजों में यदि बाहरी वैचारिक हस्तक्षेप योजनाबद्ध तरीके से किया जाता है तो स्वभाविक है कि उसका प्रभाव धार्मिक परिवर्तन तक सीमित नहीं रहता बल्कि सामाजिक संतुलन और सामुदायिक विश्वास पर भी पड़ता है। वस्तुतः बेंगलुरु में दर्ज एफआईआर ने इसी चिंता को नए सिरे से सामने रखा है। आरोप है कि अमेरिका स्थित संस्था ‘द टिमोथी इनिशिएटिव‘ (टीटीआई) ने विदेशी धन के माध्यम से भारत में व्यापक नेटवर्क तैयार किया। जांच एजेंसियों के अनुसार लगभग 92 करोड़ रुपये से अधिक की राशि विदेशी डेबिट कार्डों के जरिए देश में लाई गई और उसका उपयोग धार्मिक प्रचार, प्रशिक्षण तथा संवेदनशील क्षेत्रों में वैचारिक प्रभाव बढ़ाने के लिए किया गया। इस मामले का सबसे चिंताजनक पहलू वह प्रशिक्षण सामग्री है, जिसके बारे में जांच एजेंसियों ने दावा किया है कि उसमें भारतीय धार्मिक परंपराओं और हिंदू देवी-देवताओं को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। यदि किसी समुदाय की आस्था को कमजोर करके उसके स्थान पर नई वैचारिक पहचान स्थापित करने की रणनीति अपनाई जाती है तो यह स्वभाविक तौर पर सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करने का प्रयास है। अब यदि भारतीय संविधान के संदर्भ में इसे समझें तो हमारे लोकतांत्रिक समाज में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार महत्वपूर्ण है किंतु वह दूसरे समुदाय की आस्था को अपमानित करने या योजनाबद्ध ढंग से सामाजिक विभाजन पैदा करने का माध्यम नहीं बन सकता, इसके लिए पूरी तरह से मनाही है बल्कि कहें कि इसे अपराध तक घोषित कर रखा है। इसके बावजूद देखने में बार-बार यही आ रहा है कि चर्च पोषित संस्थाएं कन्वर्जन के खेल में लगी हुई हैं। उदाहरण स्वरूप आप इन बड़े मामलों को भी देख सकते हैं- भीमा कोरेगांव प्रकरण, फादर स्टेन स्वामी से जुड़े आरोप, झारखंड का पथलगड़ी आंदोलन और ओडिशा में स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती हत्याकांड जैसे मामले वस्तुतः अलग-अलग घटनाएं भले हों किंतु इन सभी ने समय-समय पर यह प्रश्न अवश्य खड़ा किया कि क्या कुछ क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक और उग्रवादी नेटवर्क किसी स्तर पर एक-दूसरे के संपर्क में रहे हैं, आखिर इसके पीछे क्या कारण हो सकता है? विदेशी फंडिंग का प्रश्न भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। भारत में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) इसी उद्देश्य से बनाया गया कि विदेश से आने वाले धन का उपयोग पारदर्शी और घोषित उद्देश्यों के अनुरूप हो। यदि किसी संस्था द्वारा प्राप्त धन का उपयोग सामाजिक सेवा, शिक्षा या स्वास्थ्य के बजाय वैचारिक ध्रुवीकरण, अवैध धर्मांतरण या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है तो यह स्थिति कानून का उल्लंघन होने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय भी है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी आस्था मानने, उसका प्रचार करने और उसका पालन करने का अधिकार देता है। लेकिन यही संविधान सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और कानून के दायरे को भी समान रूप से महत्व देता है। इसलिए धार्मिक स्वतंत्रता और संगठित धर्मांतरण के बीच की सीमा को समझना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति का धार्मिक परिवर्तन उसकी स्वतंत्र इच्छा से होता है तो वह संवैधानिक अधिकार है लेकिन यदि उसके पीछे आर्थिक प्रलोभन, सामाजिक दबाव, विदेशी वित्तपोषण या वैचारिक अभियान काम कर रहे हों तो वह निश्चित तौर पर सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं है, यह तो सीधे-सीधे एक देश की संपूर्ण सभ्यता और संस्कृति को ही बदल देना है! अब इस नजरिए से देखें तो आज बेंगलुरु से शुरू हुई यह नई जांच उस व्यापक बहस का हिस्सा है, जो लंबे समय से भारत में धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग, जनजातीय समाज के धार्मिक, पांथिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्वरूप को पूरी तरह बदलने, वैचारिक नेटवर्क और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंधों को लेकर चल रही है।

## सेहत मंत्र

# बारिश के मौसम में बचें कान के इन्फ़ेक्शन से

बारिश में संक्रमण फैलने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। संक्रमण के कारण ही बारिश में कान के रोग भी पनपते हैं, जो फैलने पर आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। आइए जानें विस्तार से... मनुष्य के कान महत्वपूर्ण ज्ञानेंद्रिय हैं, जो मुख्यतः दो कार्य करते हैं : 1. सुनना या शब्द श्रवण 2. शरीर को बैलेंस करना। कान के शरीर रचना की दृष्टि से तीन भाग हैं : (1) बाह्य कर्ण, (2) मध्य कर्ण व (3) अंतःकर्ण। अंतःकर्ण की रचनाओं में विकार आने पर प्रमुखतः चक्कर आना, चलने में परेशानी एवं उल्टी होना या उल्टी होने की इच्छा होना तथा विभिन्न प्रकार की आवाजें कान में आना जैसे लक्षण सामने आते हैं। कान के प्रत्येक अंग की सामूहिक ठीक क्रिया के द्वारा मनुष्य ठीक प्रकार से सुनता है। इन अंगों में से कान के पर्दे से लेकर मध्य कर्ण एवं अंतःकर्ण के अंगों में विकार होने पर विभिन्न प्रकार की श्रवणहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है। सामान्यतः कान से मवाद आने को मरीज गंभीरता से नहीं लेता, इसे अत्यंत गंभीरता से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श एवं चिकित्सा अवश्य लेना चाहिए अन्यथा यह कभी-कभी गंभीर व्याधियों जैसे मेनिनजाइटिस एवं मस्तिष्क के एक विशेष प्रकार के कैंसर को उत्पन्न कर सकता है। कान में मवाद किसी भी उम्र में आ सकता है, किंतु प्रायः यह एक वर्ष से छोटे बच्चों या ऐसे बच्चों में ज्यादा होता है जो मां की गोद में ही रहते हैं। तात्पर्य स्पष्ट है जो बैठ नहीं सकते या करवट नहीं ले सकते। कान से मवाद आने का स्थान मध्य कर्ण का संक्रमण है। मध्य कर्ण में सूजन होकर, पककर पर्दा फटकर मवाद आने लगता है। मध्य कान में संक्रमण पहुंचने के तीन रास्ते हैं, जिसमें 80-90 प्रतिशत कारण गले से कान जोड़ने वाली नली है। इसके द्वारा नाक एवं गले की सामान्य सर्दी-जुकाम, टांसिलाइटिस, खांसी आदि कारणों से मध्य कर्ण में संक्रमण पहुंचता है। बच्चों की गले से कान को जोड़ने वाली नली चूंकि छोटी एवं चौड़ी होती है, अतः दूध पिलाने वाली माताओं को हमेशा बच्चे को गोद में लेकर सिर के नीचे हाथ लगाकर, सिर को थोड़ा ऊपर उठाकर ही बच्चे को दूध पिलाना चाहिए। ऐसी माताएं जो लेटे-लेटे बच्चों को दूध पिलाती हैं उन बच्चों में भी कान बहने की समस्या उत्पन्न होने की ज्यादा आशंका रहती है।

## धर्म मंत्र

# सोमवार को एक मंत्र बोलकर शिवलिंग पर चढ़ा दें शमी की पत्तियां

ज्योतिष में कुल नौ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-केतु बताए गए हैं। इन नौ ग्रहों में शनि, राहु-केतु को क्रूर ग्रह माना गया है। इनकी वजह से कुंडली के सभी शुभ योगों का असर खत्म हो सकता है। इन ग्रहों के दोष दूर करने के लिए शिवजी की पूजा सबसे सरल और कारगर उपाय है। शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। उज्जैन के इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सुनील नागर के अनुसार शमी पत्तों का काफी अधिक महत्व है। ये पेड़ पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से शनि के सभी दोषों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, शमी के पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से धन और सौभाग्य की इच्छा पूरी होती है। ऐसे चढ़ाएं शमी के पत्तेः ▶▶रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या साफ जल में थोड़ा सा गंगाजल मिला लें। ▶▶इसके बाद चावल, सफ़ेद चंदन भी पानी में मिला लें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए ये जल शिवलिंग पर अर्पित करें। ▶▶तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ, मिठाई भी चढ़ाएं। ▶▶इसके बाद शमी के पत्ते भी चढ़ाएं। शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें- अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च। दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।। ▶▶शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

## पर्यटन



# राजसी ठाट-बाट का आनंद लेने के लिए ‘उम्मेद भवन’ की करें यात्रा

जब आप किसी राजसी किले की ऊंची दीवारों, बुर्ज और उसकी जटिल बनावट से रूबरू होते हैं, उसके झरोखों से बाहर दूर तक झांकते हैं और यह सुनते हैं कि राज्य की आन-बान-शान के लिए यहां के सैनिक दुश्मन सैनिकों से लड़ते हुए अपनी जान की कुर्बानी देने में जरा भी नहीं हिचके, तो आप निश्चित रूप से अपनी उस विरासत से मुलाकात करते हैं जो इतिहास के पन्नों में आज भी गर्व से जीवित है। इसके अलावा, जब आपको राजा-महाराजाओं के महल में उनके समय के जैसे ठाठ-बाट के साथ लगभग उसी माहौल में रहने का अवसर मिलता है, तो एकबारगी आपको ऐसा लग सकता है जैसे आप खुद वहां के महाराजा या फिर राजपरिवार के सदस्य हों। यह एहसास आपके लिए ताउम्र न भूलने वाला हो सकता है। और अगर मन में कहीं उनकी शानो-शौकत को महसूस करने की इच्छा है, तो महलों में रात गुजारिए। भले ही अब राजा-महाराजा और उनकी शानो-शौकत बरकरार न हो, लेकिन उनके रुतबे और शाही ठाट-बाट का अनुभव आज के समय में आप भी किलों और महलों में जाकर काफी हद तक हासिल कर सकते हैं।दरअसल, राजसी गौरव के प्रतीक कई किले और महल आज लक्जरी होटलों में तब्दील हो चुके हैं, जहां आधुनिक युग की तमाम सुख-सुविधाओं के साथ हेरिटेज फील को भी काफी हद तक संजोया गया है। पर्यटन के लिहाज से इन किलों और महलों की सैर काफी रोमांचकारी साबित हो सकती है। यहां पर रुकना एक राजसी एहसास और इतिहास के उन पलों में लौटने जैसा है। वैभव का गवाह उम्मेद भवनः शाही समृद्ध विरासत और संस्कृति के धनी राजस्थान में राजसी महलों की शान अद्भुत है। जोधपुर का शाही महल उम्मेद भवन पैलेस हर राजसी परंपरा से आपका परिचय कराता है। इसके मालिक हैं महाराजा गज सिंह। उनके पिता महाराजा उम्मेद सिंह ने इसे बनवाया था। इसके संग्रहालय में राजसी हवाई जहाज के मॉडलों, हथियारों, प्राचीन वस्तुओं, घड़ियों, बॉब घड़ियों, बर्तनों, कटलरी, तस्वीरों और शिकार की ट्रॉफियां तक संजोयी गई हैं। आज यह महल बड़े बिजनेस घरानों की शाही शादियों और बॉलीवुड फिल्मों के लिए रॉयल डेस्टिनेशन है।

# निर्माणाधीन हनुमान घाट में रामभरोसे निर्माण का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पावन आदि गंगा गोमती मैया के तट पर बन रहे हनुमान घाट का निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ कि उसकी गुणवत्ता पर सवालों का पहाड़

## पीली ईंटों ने खड़े किए सवाल, अब जांच के भरोसे पूरी व्यवस्था

खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों के विकास कार्य में मजबूती की जगह पीली ईंटों का सहारा लिया जा रहा है। सवाल यह है कि घाट बन रहा है या फिर पहली ही बाढ़ में बह जाने की तैयारी की जा रही है। लोगों का कहना है कि जिस घाट पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु स्नान, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करेंगे वहां यदि घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ तो यह केवल सरकारी धन की बर्बादी नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ होगा। लोगों का तंज है कि कहीं ऐसा न हो कि उद्घाटन की तस्वीरें चमकें और पहली बरसात में निर्माण की हकीकत भी सामने आ जाए। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि निर्माण में प्रयुक्त ईंट, सीमेंट और अन्य सामग्री की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि मानकों से समझौता या वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्था पर केवल नोटिस नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई भी होनी चाहिए। जनता का कहना है कि धार्मिक आस्था के नाम पर यदि गुणवत्ता से समझौता किया गया तो यह आस्था के साथ-साथ जनता के भरोसे पर भी चोट होगी। जब इस संबंध में नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के अधिशासी अधिकारी लालचंद्र सरोज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उनके निर्देश पर सहायक अभियंता (एई) को तत्काल मौके पर भेजकर निर्माण कार्य और गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। अब देखना यह होगा कि जांच सिर्फ फाइलों का वजन बढ़ाती है या सचमुच जिम्मेदारों की जवाबदेही भी तय होती है। क्योंकि जनता पूछ रही है हनुमान घाट बनेगा मजबूत या फिर सरकारी निर्माणों की वही पुरानी कहानी दोहराई जाएगी जहां ईंटों से ज्यादा भरोसा जांच समितियों पर टिका रहता है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 254 जोड़ों का विवाह संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 254 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर विवाह प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में बड़ी सहायक साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना की सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने से जरूरतमंद परिवारों को और अधिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार मौजूद रहे।

## कादीपुर विधानसभा की राजनीति में हलचल तेज

कूरेभार/सलतानपुर। बुधवार को ब्लाक कूरेभार के रुसहा मठिया (सैदखानपुर) निवासी सुअजीत कुमार को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति, विशेषकर विधानसभा 191 कादीपुर (सुलतानपुर) में हलचल तेज हो गई है। बुधवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, 24 अकबर रोड, नई दिल्ली में पी.पी. माधवन के सहयोगी नंदलाल पासी के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम से उनकी महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। इस बैठक में विधानसभा 191 कादीपुर (सुल्तानपुर) से आगामी चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अब सभी की नजर कांग्रेस नेतृत्व के अगले फैसले पर टिकी है।

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर धाम में चढ़ावा चोरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने पदयात्रा का नेतृत्व शहर अध्यक्ष की मौजूदगी में किया। पदयात्रा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से प्रारंभ होकर लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहा, कलेक्ट्रेट, तिकोनिया पार्क, दीवानी चौराहा सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पौराणिक एवं धार्मिक स्थल सीताकुण्ड धाम पहुंची। पदयात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने चढ़ावा चोरों को गिरफ्तार करो, आस्था से खिलवाड़ बंद करो, उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से जांच कराओ, राम के नाम पर भ्रष्टाचार बंद करो और चोरों को



बचाना बंद करो जैसे नारे लगाते हुए सरकार के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। पूरे मार्ग पर कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। सीताकुण्ड धाम पहुंचकर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार के जिम्मेदार लोगों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की तथा श्रीराम मंदिर धाम में चढ़ावा चोरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वाली सरकार अब श्रीराम मंदिर के चढ़ावे पर उठे गंभीर सवालों से भाग रही है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस प्रकरण पर पर्दा डालने की हर कोशिश जनता देख रही है। यदि सरकार और मंदिर ट्रस्ट के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से निष्पक्ष जांच कराने में डर किस बात का है। कांग्रेस किसी भी कीमत पर आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। दोषियों को बचाने की बजाय उन्हें कठोर सजा दी जाए। हमारी मांग है कि मंदिर ट्रस्ट को तत्काल भंग कर मंदिर की व्यवस्था चारों पीठों के पीठाधीश्वर परम पूज्य शंकराचार्यों एवं अयोध्या के सम्मानित महंतों को सौंपी जाए। वहीं पदयात्रा का समापन सीताकुण्ड धाम में सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना सभा के साथ किया गया। पदयात्रा में राहुल त्रिपाठी, रणजीत सिंह सलूजा, आर.बी पांडेय, अमोल बाजपेई, जफर खान, मनोज शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

## ज्योरी डिलीवरी प्वाइंट पर पहली किलकारी, एसीएमओ ने किया निरीक्षण

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएचसी बड़ागांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योरी में नवनिर्मित डिलीवरी प्वाइंट पर पहली बार सुरक्षित प्रसव होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत हो गई। मंगलवार रात एक प्रसूता ने सीएचओ प्रिया वर्मा और एएनएम रिंकी मौर्य की देखरेख में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बुधवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधेस्वामी ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ प्रसव केंद्र का निरीक्षण कर जच्चा-बच्चा का हाल जाना। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर डिलीवरी प्वाइंट शुरू होने से गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के लेबर रूम, ओपीडी और वार्डों का भी जायजा लिया गया तथा साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, शिक्षकों को मिले हेल्थ कार्ड

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के टाउन हॉल में बुधवार को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डीबीटी तथा एसबीआई के विशेष वेतन पैकेज का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी से प्रसारित संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए। साथ ही चयनित शिक्षकों को एसबीआई सैलरी अकाउंट की पासबुक भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, बैग और स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक सहित शिक्षा विभाग एवं एसबीआई के अधिकारी मौजूद रहे। ''सिरौलीगौसपुर'' ! तहसील सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री की शिक्षा संबंधी कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी द्वारा पूरेडलई और सिरौलीगौसपुर विकासखंड के 60 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रमाणपत्र प्रदान कर किया गया। सचिन गुप्ता के अनुसार योजना से लवांवित शिक्षक को मुदित दिखे। खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरयू का जलस्तर सामान्य, प्रशासन ने ग्रामीणों को किया सतर्क

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बुधवार को सरयू नदी किनारे स्थित सनावा, तेलवारी समेत कई गांवों का निरीक्षण कर बाढ़ की तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि सरयू नदी का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से काफी नीचे है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से नदी किनारे अनावश्यक न जाने, बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखने की अपील की। प्रशासन ने बताया कि राजस्व और सिंचाई विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं तथा जरूरत पड़ने पर नाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## प्राचीन सतनामी तीर्थ कोटवा धाम का होगा पर्यटन विकास

### 2.02 करोड़ से मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित कोई 356 वर्ष पुराने समर्थ साहेब स्वामी जगजीवनदास मंदिर (कोटवा धाम) का मुख्यमंत्री पर्यटन विकास परियोजना के तहत पर्यटन केंद्र के रूप में विकास किया जाएगा। करीब 2.02 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए 1.50 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। परियोजना के तहत यात्री निवास, शौचालय, चेंजिंग रूम, भव्य प्रवेश द्वार, पेयजल व्यवस्था, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। कोटवा धाम सतनाम पंथ की प्रमुख तपोस्थली है। यहां प्रतिवर्ष लगने वाले मेले और समर्थ साहेब बाबा जगजीवनदास के जन्मोत्सव पर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, अयोध्या, लखनऊ, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर सहित अनेक जिलों के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से हजारों सतनामी श्रद्धालु, संत-महंत और अनुयायी दर्शन एवं सत्संग के लिए पहुंचते हैं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि परियोजना के कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरे कराए जाएंगे। इसके पूरा होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

# स्कूली बच्चों को सड़क पार करा रहे बस चालक की सड़क हादसे में मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लम्भुआ/सुल्तानपुर। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के डकाही गांव के पास वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के आल सेंट्स विद्यालय की बस से बच्चे को उतारकर चालक सड़क के दूसरे तरफ सड़क पार करा रहा था। इसी दौरान हनुमानगंज अपने घर जा रहे मोटरसाइकिल चालक की चपेट में आने से बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बस चालक दयाशंकर पाण्डेय पुत्र बुद्धिसागर पाण्डेय निवासी मलाक तुलापुर थाना शिवगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल सवार रमाशंकर सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी हनुमानगंज और साथ में रही जयमाला पत्नी प्रदीप उम्र 35 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ ले गई, जहां डॉक्टरों ने बस चालक दयाशंकर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोटर साइकिल सवार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसे के समय बस में सवार बच्चे घटना देखकर सहम गए। किसी अभिभावक को मौके पर न देखकर बच्चे असहज हो गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है और मामले की पुलिस जांच शुरू कर दी है।

# साइबर ठगों ने इन्हौना के व्यापारी के खाते से उड़ाये छह लाख रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के कस्बा इन्हौना के एक व्यवसायी के खाते से साइबर ठगों द्वारा छह बार में छह लाख तीन हजार दो सौ रुपया निकाल लिया गया है। पुलिस ने घटना के चालीस दिन बाद अभियोग दर्ज किया है और मामले की छानबीन में जुट गई है लेकिन कामयाबी मिलती नजर नही आ रही है। थाना इन्हौना क्षेत्र के कस्बा इन्हौना निवासी शैलेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र दिनेश कुमार वर्मा ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसका बैंक आफ बड़ौदा शाखा इन्हौना में खाता संचालित है। बीती छ्ब्बीस मई को प्रातः चार बजकर चार मिनट पर ढाई लाख रुपया, पच्चीस हजार रुपया, पचास हजार रुपया, अठाइस हजार दो सौ रुपया और फिर पच्चीस हजार रुपया निकाल लिया गया है जो कि कुल मिलाकर छह लाख तीन हजार दो सौ रूपया साइबर ठगों द्वारा निकाला गया है। पीड़ित युवक ने बताया कि इसके पूर्व मेरे व्हाट्सअप नम्बर पर दुर्गा पूजा समिति ग्रुप पर एपीके फाइल आयी थी जानकारी के अभाव मे मैने उसको डाउनलोड कर लिया था इसी के चलते ठगों ने छह लाख तीन हजार दो सौ रुपया निकाल लिया। पीड़ित युवक द्वारा स्थानीय पुलिस और बैंक के साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन महीनों तक उसकी व्यथा किसी ने नही सुनी और वह दर दर भटकता रहा। पीड़ित युवक के साथ घटी इस घटना के चालीस दिन बाद थाना इन्हौना पुलिस ने अभियोग तो दर्ज कर लिया है लेकिन कामयाबी मिलती नजर नही आ रही है। साइबर ठगों द्वारा इसके पूर्व में भी कई घटनाएं घटित की गई लेकिन पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण नही हो सका। अब देखना यह है कि इस मामले में पीड़ित की समस्या कब तक निस्तारित की जाती है फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हाथरस में किसानों ने निकाली आलू की शव यात्रा, विधायक को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

हाथरस। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के सादाबाद क्षेत्र में बुधवार को किसानों ने आलू के गिरते दामों के विरोध में शवयात्रा निकाली। आलू की शवयात्रा भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले मथुरा अड्डा स्थित चौधरी चरण सिंह प्रतिमा स्थल से विधायक गुड्डू चौधरी के कार्यालय तक पहुंची और वहां किसानों ने विधायक को अपना मांगपत्र सौंपा। इस दौरान किसान हाथों में आलू, काली पट्टियां और मांगों से जुड़ी तख्तियां लिए हुए थे। किसानों ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम विधायक गुड्डू चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आलू की सरकारी खरीद शुरू करने, निर्यात को बढ़ावा देने, कोल्ड स्टोरेज का किराया माफ करने और किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने की मांग की गई। उन्होंने कहा- सरकार ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो हजारों आलू उत्पादक परिवार गंभीर आर्थिक संकट में फंस जाएंगे। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसान फसल का उचित मूल्य न मिलने से अत्यधिक परेशान हैं। विधायक गुड्डू चौधरी ने किसानों को भरोसा दिया कि उनकी सभी मांगों को मुख्यमंत्री योगी तक गंभीरता से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा आलू किसान प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता चंद्रेश चौधरी ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी और कीटनाशकों पर भारी खर्च के बावजूद किसानों को लागत भी नहीं मिल पा रही है। बाजार में आलू की कीमतें इतनी कम हो गई हैं कि उनकी मेहनत और फसल का मूल्य समाप्त हो गया है। आलू बेचना अब घाटे का सौदा बन गया है। कोल्ड स्टोरेज का किराया भी किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है। प्रदर्शन में विश्वजीत आर्य, अशोक सिंह, श्रीराम चौधरी, तेजवीर सिंह, रघुवीर सिंह, पदम सिंह, विक्रम सिंह वर्मा, प्रेमचंद, अनोख सिंह, गोधन सिंह, दिगंबर सिंह, ओम प्रकाश सहित कई अन्य किसान शामिल थे।

## महोबा : निषादराज बोट सब्सिडी योजना के लिए फिर खुले ऑनलाइन आवेदन,24 जुलाई तक कर सकते हैं अप्लाई

महोबा। बुंदेलखंड के मत्स्य पालकों और निषाद समुदाय के लोगों के लिए अच्छी खबर है। मत्स्य विभाग की ओर से संचालित निषादराज बोट सब्सिडी योजना में आवेदन के लिए पोर्टल को फिर से खोल दिया गया है। इच्छुक लोग 9 जुलाई से 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में निरस्त या प्रतीक्षारत आवेदन पुनः किया जा सकता हैं। जिला मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। जिसके लिए विभागीय पोर्टल त्र्पूर्व में 8 जून से 28 जिन तक खुला था। अब निषादराज बोट सब्सिडी योजना में अधिक लोगों को लाभ देने के लिए इसे दोबारा खोला जा रहा है। योजना से जुड़ी परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी सुल्तानपुर के नेतृत्व में बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 रण विजय सिंह एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 अरुण यादव ने अपनी टीम के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम हथियानाला तथा थाना गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम कमलगढ़ में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 02 आबकारी अभियोग पंजीकृत किए गए तथा लगभग 19 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके साथ ही लगभग 450 किलोग्राम लहन बरामद




कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की संचालित आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। दुकानों में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा नियमों के अनुपालन की जांच के लिए गुप्त रूप से टेस्ट परचेज भी कराया गया। इसके अतिरिक्त कबाड़ियों की दुकानों एवं ईंट-भट्ठों की भी गहनता से जांच की गई।

जनजागरूकता अभियान के तहत थाना गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम अगनाकोल एवं बासौडी में ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों के सहयोग से ग्राम स्तरीय चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन एवं निर्माण से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# आईएसएल 2026-27 फिर पुराने प्रारूप में खेला जाएगा, क्लबों को मिलेंगे पूर्ण व्यावसायिक अधिकार

एजेंसी

नई दिल्ली । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2026-27 सीजन अपने पुराने होम एंड अवे प्रारूप में वापसी करेगा। नए सीजन में सभी टीमें अपने घरेलू और बाहर के मुकाबले खेलेंगी, जिसके बाद नॉकआउट चरण आयोजित होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फ़ेडरेशन (एआईएफएफ) ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआईएफएफ के अधिकारियों के साथ एफसी गोवा, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पिछले सीजन में एआईएफएफ की प्रशासनिक और वित्तीय चुनौतियों के कारण लीग की शुरुआत में देरी हुई थी, जिसके चलते प्रतियोगिता को केवल राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किया गया था। एफसी गोवा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि




पुस्कुर ने कहा, ''इस बार हमें पूरा सीजन मिलेगा, जिसमें हर टीम अपने सभी घरेलू और बाहर के मुकाबले खेलेगी। पिछले साल की तरह संक्षिप्त प्रारूप नहीं रहेगा। हम एआईएफएफ के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं ताकि लीग को पहले से भी अधिक सफल बनाया जा सके।

क्लबों को मिलेंगे व्यावसायिक अधिकार : एआईएफएफ

नई व्यवस्था के तहत आईएसएल के व्यावसायिक अधिकार क्लबों के पास होंगे, जबकि एआईएफएफ प्रशासनिक नियंत्रण और प्रमुख संचालन संबंधी जिम्मेदारियां अपने पास रखेगा। एआईएफएफ के उप महासचिव एम. सत्यनारायण ने कहा, ''हमारी ओर से इस लीग को एशिया की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल लीगों में शामिल करने की पूरी प्रतिबद्धता है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के सीईओ मंदार ताम्हाणे ने कहा, ''यह पूरी तरह ब्रॉडकास्ट आधारित मॉडल होगा। हम क्लब-आधारित मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं क्योंकि क्लब और एआईएफएफ दोनों का मानना है कि दीर्घकालिक व्यावसायिक और वित्तीय स्थिरता के लिए यही सबसे उपयुक्त रास्ता है।'' उन्होंने बताया कि क्लब जल्द ही ब्रॉडकास्ट पार्टनर चुनने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी करेंगे और प्रायोजकों के साथ भी काम करेंगे। साथ ही लीग का कैलेंडर फीफा और एएफसी प्रतियोगिताओं की विंडो को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।

नए सीजन की शुरुआत 4 सितंबर से होगी आईएसएल 2026-27 सीजन की शुरुआत 4 सितंबर से होगी। पिछले संस्करण में ईस्ट बंगाल ने खिताब जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। नए प्रारूप के साथ लीग के अधिक प्रतिस्पर्धी और व्यावसायिक रूप से मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही

# न्यूजीलैंड क्रिकेट के कैजुअल प्लेइंग कॉन्ट्रैक्ट में फिन एलन समेत चार खिलाड़ी शामिल

एजेंसी

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने 2026-27 सत्र के लिए फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साइफर्ट और एडम मिल्ने को कैजुअल प्लेइंग कॉन्ट्रैक्ट प्रदान किया है। चारों खिलाड़ी सीमित ओवरों के विशेषज्ञ हैं और आगामी घरेलू भारत दौरे के लिए चयन की दौड़ में बने रहेंगे। इन खिलाड़ियों को अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली पांच टी20 और पांच वनडे मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध रखा जाएगा। इसके अलावा वे 2027 वनडे विश्व कप और उसके बाद होने वाले टी20 विश्व कप की योजनाओं का भी हिस्सा रहेंगे। पिछले अनुबंध चक्र में कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट पर रहने वाले पूर्व कप्तान केन विलियमसन अब इस सूची में शामिल नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं जेम्स नीशम ने ऑकलैंड के साथ घरेलू अनुबंध




किया है, जबकि डेवोन कॉनवे और ब्लेयर टिकनर की केंद्रीय अनुबंध सूची में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और टिम साइफर्ट को फिर से अनुबंध कार्यक्रम में शामिल करके बोर्ड बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि इन चारों खिलाड़ियों ने कई मौकों पर ब्लैककैप्स के लिए मैच जिताने वाली पारियां और प्रदर्शन किए हैं। दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने से उन्हें अनुभव मिलता है, जिसका फायदा न्यूजीलैंड टीम को भी मिलता है। चारों खिलाड़ी इस समय मेजर लीग क्रिकेट 2026 में खेल रहे हैं। टिम साइफर्ट सिएटल ऑर्कास, फिन एलन सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स, लॉकी फर्ग्यूसन वॉशिंगटन फ्रीडम और एडम मिल्ने टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे हैं। इससे पहले जून में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 20 खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची जारी की थी, जिसमें डेवोन कॉनवे और ब्लेयर टिकनर की वापसी हुई थी, जबकि अब चार खिलाड़ियों को कैजुअल प्लेइंग कॉन्ट्रैक्ट देकर सीमित ओवरों की योजनाओं में शामिल रखा गया है।

न्यूजीलैंड की केंद्रीय अनुबंध सूची (2026-27).. टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मिच हे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

# संक्षिप्त समाचार

## अर्जेंटीना की जीत पर भड़के मिस्र के कोच हुसाम हसन, फीफा पर पक्षपात का लगाया आरोप

अटलांटा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ-16 में अर्जेंटीना से 3-2 की हार के बाद मिस्र के मुख्य कोच हुसाम हसन ने रेफरिंग और फीफा पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी टीम के साथ अन्याय हुआ और मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को पक्षपातपूर्ण फैसलों का फायदा मिला। हुसाम हसन ने मैच के बाद कहा, ''हम दुनिया की सबसे बड़ी टीमों में से एक के खिलाफ खेले और हर विभाग में उनसे बेहतर थे। लेकिन रेफरी पर एकतरफा दबाव बनाया गया, जिसकी वजह से नतीजा हमारे खिलाफ गया। उन्होंने बताया कि मैच से पहले ही मिस्र ने रेफरी फ्रांसुआ लेटेक्सिए की नियुक्ति पर आपत्ति जताई थी। हार के बाद उन्होंने दावा किया कि उनकी टीम को एक स्पष्ट पेनल्टी नहीं मिली और दूसरा गोल भी गलत तरीके से रद्द कर दिया गया। हसन ने कहा, ''हम इस जीत के हकदार थे, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। मैदान पर न तो फ़ेयर प्ले दिखा और न ही सम्मान। फीफा 'फ़ेयर प्ले' का नारा देता है, लेकिन मैदान पर उसका कोई असर नहीं दिखा। अगर रेफरी की गलतियां नहीं होतीं तो नतीजा अलग हो सकता था। हसन ने बताया, ''मैंने रेफरी से कहा कि यह बिल्कुल अनुचित है। शायद उनके मन में कोई बात थी जिसे वे छिपाना चाहते थे। जो लोग कुछ छिपाने की कोशिश करते हैं, वे अक्सर सफल नहीं होते। अब मैं इस टूर्नामेंट का कोई और मैच नहीं देखूंगा। मिस्र के कोच ने फीफा के मैच शेड्यूल पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''दोपहर 12 बजे मैच कराना फुटबॉल की समझ नहीं दर्शाता। खिलाड़ी कब खाना खाएंगे? ऐसा शेड्यूल बनाने वाले लोगों को फुटबॉल की समझ नहीं है। गुस्से के बावजूद हुसाम हसन ने अपनी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''मैंने खिलाड़ियों से कहा कि मुझे उन पर गर्व है। यह टीम लगातार आगे बढ़ेगी और और मजबूत होगी। मुझे सिर्फ अपनी टीम ही नहीं, बल्कि पूरे अरब जगत और अफ्रीकी फुटबॉल पर भी गर्व है।

## फीफा विश्व कप: पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया को हराकर स्विट्जरलैंड क्वार्टर फाइनल में

स्विट्जरलैंड ने 72 साल बाद अंतिम-8 में बनाई जगह

वैंकूवर। फीफा विश्व कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड ने मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली। निर्धारित 90 मिनट और अतिरिक्त 30 मिनट का खेल गोलरहित बराबरी पर समाप्त होने के बाद मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पेनल्टी शूटआउट में स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कुचो हर्नांडेज़ की पेनल्टी रोककर टीम की जीत की नींव रखी। इससे पहले कोलंबिया के डेविंसन सांचेज़ की पेनल्टी क्रॉसबार से टकरा गई थी। स्विट्जरलैंड के मैनुएल अकांजी अपनी पेनल्टी चूक गए, लेकिन रुबेन वर्गास ने निर्णायक किक को गोल में बदलते हुए टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड ने 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उसका सामना गत चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। वहीं, कोलंबिया का दूसरी बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। इससे पहले उसने 2014 विश्व कप में अंतिम आठ में जगह बनाई थी, लेकिन इस बार पेनल्टी शूटआउट में मिली हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया।

## फीफा विश्व कप 2026 : क्वार्टर फाइनल की आठों टीमें तय

नई दिल्ली । फीफा विश्व कप 2026 अब अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले समाप्त होने के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली आठों टीमों का फैसला हो गया है। अब खिताब की दौड़ में फ्रांस, मोरक्को, स्पेन, बेल्जियम, नॉर्वे, इंग्लैंड, अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड बची हैं। इस विश्व कप में कई बड़े उलटफ़ेर भी देखने को मिले। पराग्वे ने जर्मनी को हराकर इतिहास रच दिया, जबकि ब्राजील का 24 वर्षों बाद भी विश्व चैंपियन बनने का सपना टूट गया और नॉर्वे ने उसे बाहर कर दिया। मोरक्को ने नीदरलैंड्स को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। पहली बार विश्व कप खेलने वाली केप वर्डे ने भी अपने संघर्षपूर्ण खेल से प्रशंसकों का दिल जीत लिया। पहला सेमीफाइनल 15 जुलाई को खेला जाएगा, जिसमें फ्रांस/मोरक्को और स्पेन/बेल्जियम के विजेता आमने-सामने होंगे। दूसरा सेमीफाइनल 16 जुलाई को नॉर्वे/इंग्लैंड और अर्जेंटीना/स्विट्जरलैंड के विजेताओं के बीच होगा। तीसरे स्थान के लिए मुकाबला 19 जुलाई को खेला जाएगा, जबकि विश्व कप 2026 का फाइनल 20 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार सुबह 12:30 बजे खेला जाएगा।

## हमने हार नहीं मानी, यही अर्जेंटीना की पहचान है : कोच लियोनेल स्कालोनी

अटलांटा । मिस्र के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के रोमांचक प्री-क्वार्टर फाइनल में 3-2 की शानदार वापसी जीत के बाद अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने अपनी टीम के जज़्बे की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की जीत नहीं, बल्कि अर्जेंटीना की लड़ने वाली मानसिकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। स्कालोनी ने मैच के बाद कहा, ''हमने अपने समर्थकों को काफी परेशान किया, जबकि हमने कोई खराब मैच नहीं खेला। मैं ऐसे ही पलों के लिए कोच हूं। आज जो हमने देखा, उसका महत्व सिर्फ अगले दौर में पहुंचने से कहीं बड़ा है। अगर हमने आखिरी तक लड़ाई नहीं लड़ी होती, तो हम बाहर हो चुके होते।'' उन्होंने कहा कि स्कोरलाइन से ऐसा लग सकता है कि टीम ने खराब प्रदर्शन किया, लेकिन वास्तविकता इससे अलग थी। उन्होंने कहा, ''मिस्र एक बेहतरीन टीम है और उसने अपने मौके भुनाए। लेकिन हमने भी तीन-चार बेहद अच्छे मौके बनाए थे। अगर उनमें से एक-दो गोल हो जाते तो आज कोई इस तरह की चर्चा नहीं करता। हमें अंत तक संघर्ष करना पड़ा। जब अर्जेंटीना दो गोल से पीछे थी, तब भी स्कालोनी को भरोसा था कि उनकी टीम मैच में वापसी करेगी। उन्होंने कहा, ''जब टीम मैच पर नियंत्रण खो देती है तब चिंता होती है, लेकिन आज ऐसा नहीं था। मुझे लगातार लग रहा था कि मुकाबला हमारे पक्ष में जाएगा क्योंकि हम लगातार मौके बना रहे थे। हमारी परेशानी कमजोरी नहीं, बल्कि मौकों का फायदा नहीं उठा पाना था। मैच में कप्तान लियोनेल मेसी ने एक पेनाल्टी मिस की थी, लेकिन बाद में टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई। स्कालोनी ने मेसी की सराहना करते हुए कहा, ''मेसी हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने पेनाल्टी मिस की, लेकिन उसके बाद भी उन्होंने गेंद मांगना नहीं छोड़ा और लगातार टीम के लिए खेलते रहे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 की मेजबानी करेगा तेलंगाना

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईयूजी) 2026 की मेजबानी तेलंगाना करेगा। खेलों का आठवां संस्करण इस वर्ष नवंबर में आयोजित होने की संभावना है। इसके साथ ही पिछले तीन वर्षों में तेलंगाना खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी करने वाला दूसरा दक्षिण भारतीय राज्य होगा। इससे पहले 2024 में तमिलनाडु और 2025 में बिहार ने सातवें संस्करण की मेजबानी की थी। डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय खेल आयोजनों को पहुंचाने के विजन के अनुरूप तेलंगाना को यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के पास उत्कृष्ट खेल अवसंरचना और आयोजन को सफल बनाने का पर्याप्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 8,000 खिलाड़ी, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे।

खेल मंत्री ने कहा कि एशियाई खेल 2026 के बाद होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खिलाड़ियों से उच्चस्तरीय प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवा खिलाड़ियों के लिए अपने आदर्श खिलाड़ियों को करीब से देखने और उनसे प्रेरणा लेने का बेहतरीन अवसर होगा।

पिछले संस्करण में महाराष्ट्र रहा था चैंपियन

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र पहले, हरियाणा दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान बिहार 15वें और तेलंगाना 13वें स्थान पर रहा। वहीं 2024 में मेजबान तमिलनाडु दूसरे स्थान पर रहा था, जबकि तेलंगाना ने छठा स्थान हासिल किया था।

2025 में बने थे 26 नए रिकॉर्ड

बिहार में आयोजित पिछले संस्करण में 28 खेलों को शामिल किया गया था। इनमें 27 खेलों में पदक दिए गए, जबकि ई-स्पोर्ट्स को प्रदर्शन खेल (डेमोंस्ट्रेशन इवेंट) के रूप में शामिल किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान 26 नए रिकॉर्ड बने, जिनमें 13 राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड थे और ये सभी वेटलिफ्टिंग में बने। बाकी रिकॉर्ड एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में दर्ज किए गए।

# साई केंद्र धर्मशाला में कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रॉयल 15 और 16 जुलाई को

धर्मशाला। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, धर्मशाला द्वारा कबड्डी खेल में बालिका खिलाड़ियों के लिए 15 से 16 जुलाई तक चयन परीक्षण आयोजित किए जाएंगे। सहायक निदेशक, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को एसएआई के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय कोचिंग, खेल किट, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं एवं उपकरण, प्रतियोगिताओं में भागीदारी, शैक्षणिक सहायता, निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं तथा खेल विज्ञान विशेषज्ञों का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षण के लिए रिपोर्टिंग 15 जुलाई, 2026 को प्रातः 8 बजे होगी। चयन परीक्षण में अंडर-18 आयु वर्ग की वे खिलाड़ी पात्र होंगी जिनकी जन्मतिथि 1 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2010 के बीच हो। इसके अतिरिक्त 19-20 वर्ष आयु वर्ग की उत्कृष्ट खिलाड़ी (जन्मतिथि 1 अप्रैल, 2006 से 31 मार्च, 2007 के बीच) भी आवेदन कर सकती हैं। हालांकि चयन प्रक्रिया में 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग की पात्र खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। खेल उपलब्धि के रूप में अभ्यर्थी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता होना अथवा भारतीय कबड्डी महासंघ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, सब-जूनियर, जूनियर, अंडर-18 राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई), अंडर-17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप, खेलो इंडिया यूथ गेम्स अथवा सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त होना आवश्यक है। चयन परीक्षण भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, खेल परिसर, निकट क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला में आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को रिपोर्टिंग के समय स्वप्रमाणित फोटो

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जस्टिन ग्रीव्स, फर्नांडो को फायदा, टी-20 में बेथेल टॉप 10 में पहुंचे

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो को शानदार प्रदर्शन का बड़ा इनाम मिला है। एंटीगुआ में खेले गए वेस्टइंडीज-श्रीलंका टेस्ट के बाद ग्रीव्स बल्लेबाज़ी रैंकिंग में 14 स्थान की छलांग लगाकर 49वें स्थान पर पहुंच गए।




ग्रीव्स ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। गेंदबाज़ी रैंकिंग में भी वह 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ऑलराउंडर रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। ग्रीव्स को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पहली पारी में 5 विकेट लेने के बाद गेंदबाज़ों की रैंकिंग में फिर से टॉप-20 में लौट आए हैं। बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में श्रीलंका के कमिंदु मेंडिस दो स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप (51वें), अमीर जंगू (60वें) और जॉन कैंपबेल (64वें) ने भी रैंकिंग में सुधार किया है।

वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में 6 विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। वह 17 स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के रिचर्ड नगरावा 19वें और ब्लेसिंग मुजरबानी 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज़ जैकब बेथेल भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 में नाबाद 76 रन बनाने के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीन पारियों में 110 रन बनाने के बाद 425 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 93वां स्थान हासिल किया। टी-20 गेंदबाज़ी रैंकिंग में इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन 72वें से 65वें और विल जैक्स 135वें से 92वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# प्राइम वॉलीबॉल लीग को मिली एफआईवीबी की मान्यता, 30 नवंबर से शुरू होगा सीजन-5

एजेंसी

नई दिल्ली,। भारत की प्रमुख प्रोफ़ेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) को अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) ने भारत की प्रथम श्रेणी की प्रोफ़ेशनल वॉलीबॉल लीग के रूप में आधिकारिक मान्यता प्रदान कर दी है।

इसी के साथ लीग के पांचवें सीजन की शुरुआत 30 नवंबर 2026 से होगी, जबकि खिलाड़ियों की नीलामी 17 अगस्त 2026 को गोवा में आयोजित की जाएगी।

एफआईवीबी की इस मान्यता के बाद प्राइम वॉलीबॉल लीग में भाग लेने वाले क्लब अब निर्धारित नियमों और क्वालिफिकेशन के आधार पर सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन, एशियन वॉलीबॉल कॉन्फ़ेडरेशन और एफआईवीबी क्लब प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के पात्र होंगे। इससे भारतीय क्लबों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मिलेगा। बेसलाइन वेंचर्स के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक तथा प्राइम वॉलीबॉल लीग के निदेशक तुहिन मिश्रा ने कहा, ''सीजन-5 हमारे लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है। एफआईवीबी की मान्यता पिछले चार वर्षों में लीग को मजबूत, प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर का मंच बनाने के प्रयासों की बड़ी पहचान है। हमारा लक्ष्य भारतीय खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर सफलता के अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। प्राइम वॉलीबॉल लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉय भट्टाचार्य ने कहा, ''शुरुआत से हमारा उद्देश्य केवल एक लीग आयोजित करना नहीं, बल्कि भारतीय वॉलीबॉल के भविष्य को मजबूत बनाना रहा है। एफआईवीबी की यह मान्यता साबित करती है कि पीवीएल भारतीय वॉलीबॉल के विकास का प्रमुख मंच बन चुका है। यह भी उत्साहजनक है कि भारतीय पुरुष टीम की एफआईवीबी रैंकिंग विश्व में 60वें स्थान से बढ़कर 42वें स्थान तक पहुंची है। लीग के आयोजकों के अनुसार, सीजन-5 में देश और विदेश के कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिससे भारतीय वॉलीबॉल को नई पहचान मिलने के साथ-साथ प्रतियोगिता का स्तर भी पहले से अधिक ऊंचा होगा।

# सौरव गांगुली की बायोपिक 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक जारी, 14 मई 2027 को होगी रिलीज

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के जन्मदिन (8 जुलाई) के मौके पर उनकी बहुप्रतीक्षित बायोपिक 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' का पहला पोस्टर बुधवार को जारी कर दिया गया। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। यह फिल्म 14 मई 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में राजकुमार राव सौरव गांगुली के ऐतिहासिक लॉर्ड्स बालकनी में जर्सी लहराने वाले प्रतिष्ठित अंदाज को दोहराते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य 2002 के नैटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल में इंग्लैंड पर भारत की यादगार जीत के बाद का है, जिसे भारतीय क्रिकेट के नए और निडर दौर की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

गांगुली बोले- जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफासौरव गांगुली ने फर्स्ट लुक जारी होने पर कहा,''जन्मदिन हमेशा खास होता है और आज मेरी बायोपिक 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक सामने आना इसे और भी यादगार बना देता है। यह मेरे लिए अब तक का सबसे बेहतरीन जन्मदिन का उपहार है। पोस्टर ने मेरे क्रिकेट करियर की सबसे यादगार यादों को फिर से जीवंत कर दिया। राजकुमार राव ने इस किरदार को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया है। मैं उन्हें और पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि दर्शक 14 मई 2027 को सिनेमाघरों में इस फिल्म का भरपूर आनंद लेंगे।

गांगुली के संघर्ष और नेतृत्व की कहानी दिखाएगी फिल्म

फिल्म में सौरव गांगुली के युवा क्रिकेटर से भारतीय टीम के सबसे प्रभावशाली कप्तानों में से एक बनने तक के सफर को दिखाया जाएगा। इसमें उनके संघर्ष, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व क्षमता और भारतीय क्रिकेट की सोच बदलने वाले फैसलों को बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया में तनाव के डर से ध्वस्त हुआ शेयर बाजार, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ सीजफायर खत्म करने का एलान करते ही आज दुनिया भर के शेयर बाजार में कोहराम मच गया। इस ऐलान के बाद घरेलू शेयर बाजार भी बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। निगेटिव ग्लोबल सेंटिमेंट्स के कारण बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ता गया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी कमजोर पड़ती चली गई। दोपहर दो बजे के थोड़ी देर पहले सीजफायर खत्म होने का ऐलान होते ही बाजार पूरी तरह से धराशाई हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.15 प्रतिशत और निफ्टी 2.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक के शेयरों




में आज जबरदस्त बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 2.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी का प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी 2.42 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। बैंकिंग के अलावा ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों की भी आज लगातार बिकवाली होती रही। इसके अलावा आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.24 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा आठ लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 471.44 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 479.68 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.24 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,454 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

इनमें 1,070 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,211 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 173 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,004 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

# मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रम्बानन मंदिर पुनरुद्धार परियोजना का शुभारंभ किया



एजेंसी

योग्याकार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित विश्व प्रसिद्ध प्रम्बानन मंदिर परिसर के संरक्षण एवं पुनरुद्धार परियोजना का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल यह मंदिर परिसर इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। भगवान शिव को समर्पित 10वीं शताब्दी का यह ऐतिहासिक धरोहर स्थल भारत-इंडोनेशिया के साझा सांस्कृतिक संबंधों का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है।

परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें जीवन में बार-बार भगवान शिव से जुड़े पवित्र स्थलों की सेवा और संरक्षण का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म गुजरात के वडनगर में हुआ, जहां हाटकेश्वर महादेव का प्रसिद्ध तीर्थ है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम सोमनाथ भी गुजरात में स्थित है और उसके विकास में उन्हें प्रत्यक्ष जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का केंद्र भी काशी विश्वनाथ रहा है, जहां बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद निरंतर उन्हें मिलता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण, उज्जैन स्थित महाकाल के विकास के बाद अब लगभग 1000 से 1200 वर्ष पुरानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश से जुड़ी इस महान सांस्कृतिक धरोहर के पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ करना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए वह स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं। मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया यात्रा के तीसरे दिन भी उन्हें यहां की हवा और जनजीवन में भारतीय संस्कृति की वही सुगंध महसूस हो रही है, जो भारत की धरती पर अनुभव होती है। उन्होंने इस विरासत को लगभग 1200 वर्षों तक संरक्षित रखने के लिए इंडोनेशिया की जनता तथा विभिन्न कालखंडों में यहां शासन करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे ल्हासा से कैलाश मानसरोवर की यात्रा हो या इंडोनेशिया का पवित्र प्रम्बानन मंदिर, हर स्थान पर महामृत्युंजय मंत्र और '2 नमः शिवाय' का उच्चारण सुनाई देता है। उन्होंने कहा कि यह दृश्य उनके लिए अत्यंत भावुक करने वाला था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्व धरोहर स्थल के रूप में इस भव्य मंदिर परिसर के पुनरुद्धार के बाद बड़ी संख्या में भारतीय श्रद्धालु और पर्यटक यहां दर्शन के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में चले जाएं, भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक अवश्य दिखाई देती है। प्रम्बानन मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय सांस्कृतिक विरासत की सबसे महत्वपूर्ण पहचान में से एक है। मंदिर परिसर में भगवान शिव, मां दुर्गा और भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित हैं तथा सदियों तक यहां गहरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना होती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें स्वयं इस मंदिर में दर्शन और पूजा करने का सौभाग्य मिला, जिसे उन्होंने अपने जीवन का अत्यंत चैतन्यपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया। उन्होंने भगवान से भारत और इंडोनेशिया की मित्रता को और अधिक सुदृढ़ बनाने, दोनों देशों के नागरिकों के कल्याण तथा दोनों देशों के तीव्र विकास के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2029 से पहले इस पुनरुद्धार परियोजना का कार्य पूरा हो जाएगा और इसके पूर्ण होने के बाद वह पुनः प्रम्बानन मंदिर के दर्शन के लिए अवश्य आएंगे।

## इंडोनेशिया यात्रा से रक्षा, डिजिटल नवाचार और एआई सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुले : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी यात्रा ने भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल नवाचार और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया की अपनी राजकीय यात्रा समाप्त होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि वह भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के भविष्य को लेकर प्राप्त उपलब्धियों से अत्यंत संतुष्ट हैं। उन्होंने इंडोनेशिया की जनता और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रपति सुबियांतो ने विशेष आत्मीयता और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दिखाई। मोदी ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नवाचार तथा क्षमता निर्माण जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंध और अधिक व्यापक तथा भविष्य उन्मुख बनेंगे। इस बीच, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी प्रधानमंत्री की यात्रा को अत्यंत सफल बताया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया की राजकीय यात्रा संपन्न कर अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के लिए मेलबर्न रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष मित्रता के संकेत के रूप में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो स्वयं हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को विदा करने पहुंचे। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा से दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए हैं। इससे भारत-इंडोनेशिया साझेदारी और अधिक मजबूत आधार पर स्थापित हुई है तथा भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सहयोग एजेंडा तय हुआ है।

### आस्ट्रेलिया पहुंचे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार देर शाम आस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गये जहां हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री मोदी सोमवार को तीन देशों इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रवाना हुए थे। आस्ट्रेलिया की तीन दिन की यात्रा के बाद वह न्यूजीलैंड रवाना होंगे। मेलबर्न पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी यात्रा रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊर्जा देगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ वार्ता के लिए उत्सुक हैं। श्री मोदी ने कहा, '' मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

# जून में सुस्त रहने के बाद मानसून ने जुलाई में पकड़ी रफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौसम विभाग ने बताया है कि जून के महीने में सुस्त पड़े मानसून ने जुलाई की शुरुआत में रफ्तार पकड़ ली है। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 20 जून तक देश भर में मानसून की स्थिति बेहद चिंताजनक थी और सामान्य के मुकाबले 41.4 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गयी थी। इस अवधि तक जहां सामान्यतः 92.8 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, वहीं केवल 54.4 मिलीमीटर बारिश ही हुई थी।

जुलाई की शुरुआत में हालांकि हुई अच्छी बारिश की बदौलत आठ जुलाई तक देश की कुल संचयी वर्षा बढ़कर 195.5 मिलीमीटर पर पहुंच गयी है। इसके साथ ही देश भर में बारिश की कुल कमी अब घटकर केवल 15.2 प्रतिशत रह गयी है, जो सामान्य औसत के काफी करीब है। पिछले 18 दिनों के भीतर देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून के मिजाज में बड़ा फ़ेरबदल देखने को मिला है। जून के महीने में मध्य भारत सबसे अधिक प्रभावित था, जहां 20 जून तक 65 प्रतिशत की भीषण कमी थी, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह की भारी बारिश के बाद यहां स्थिति पूरी तरह बदल गयी है और अब यह क्षेत्र सामान्य से चार प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज कर चुका है। दक्षिण भारत के राज्यों में भी सुधार का रुख है। जहां जून के मध्य तक 25 प्रतिशत की कमी थी, वह अब घटकर केवल 14 प्रतिशत रह गयी है। उत्तर-पश्चिम भारत में जून में स्थिति थोड़ी बेहतर थी और केवल सात प्रतिशत की कमी थी, लेकिन जुलाई की शुरुआत में अन्य क्षेत्रों की तुलना में गति धीमी रहने के कारण अब यहां सामान्य से 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। दूसरी ओर, देश का पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सा अभी भी मानसून की बेरुखी झेल रहा है। यहां जून में 44 प्रतिशत की कमी थी और अब इसमें मामूली सुधार के साथ यह अभी भी 39 प्रतिशत की भारी कमी पर बना हुआ है। कुल मिलाकर यह तुलनात्मक विश्लेषण साफ़ दिखाता है कि जून के सूखे के बाद जुलाई के शुरुआती आठ दिनों में मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में बेहतर रहा है। दूसरी ओर, मौसम विभाग ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि नौ जुलाई से मानसून की रफ्तार कम होने के आसार हैं। अगले दो से तीन दिनों में मानसून के राजस्थान, हरियाणा, पंजाब के शेष हिस्सों और इसके बाद पूरे देश में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं। इसलिए इन क्षेत्रों में अधिक बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार, फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा बाड़मेर, जोधपुर, राजगढ़ और भटिंडा से होकर गुजर रही है। विभाग ने गुजरात, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोंकण और गोवा के निचले इलाकों में बाढ़ आने की सामान्य आशंका जतायी है।

## एशिया में विरासत के संरक्षण से भारत मजबूत कर रहा सांस्कृतिक कूटनीति : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक कूटनीति केवल भाषणों या प्रतीकात्मक पहलों तक सीमित नहीं है, बल्कि साझा सभ्यतागत विरासत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के ठोस प्रयासों के रूप में भी सामने आ रही है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बुधवार को अपने पोस्ट में लिखा कि श्रीलंका के थिरुकेथीश्वरम मंदिर और बहरीन के श्रीनाथजी मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ कंबोडिया के अंगकोर, लाओस के वाट फू, वियतनाम के माय सोन, नेपाल के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बांग्लादेश के मंदिरों, म्यांमार के बागान हेरिटेज ज़ोन और अब इंडोनेशिया के प्रम्बानन मंदिर परिसर के संरक्षण में भारत सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इन परियोजनाओं के माध्यम से भारत आधुनिक सीमाओं से परे फैली साझा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान दे रहा है। इसे भारत की ऐसी ''सॉफ्ट पावर'' के रूप में देखा जा रहा है, जो सभ्यतागत आत्मविश्वास पर आधारित है।

# यूजीसी-नेट पेपर लीक पर गरमाई सियासत, राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट परीक्षा के कथित पेपर लीक के गंभीर आरोपों को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

श्री गांधी ने कहा कि नीट पेपर लीक के कुछ ही सप्ताह बाद अब यूजीसी-नेट परीक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जो देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर बड़ा संकट है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से ठीक पहले 100 पन्नों की एक पीडीएफ प्रसारित हुई, जो प्रश्नपत्र तैयार करने से संबंधित थी और कथित तौर पर केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के पास उपलब्ध हो सकती थी। उन्होंने दावा किया कि इस पीडीएफ के लगभग 90 प्रश्न समाजशास्त्र के वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यही प्रश्नपत्र बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 2.25 लाख रुपये में बेचा जा रहा था।

साथ ही, इसी नेटवर्क द्वारा सीएसआईआर-नेट, एचटीईटी और एडीए जैसी आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया। श्री गांधी ने कहा कि नीट और यूजीसी-नेट में बार-बार सामने आए कथित घोटालों के बावजूद मोदी सरकार आंखें मूंदकर बैठी है और लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत उसके लिए कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री से जवाबदेही या प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद करना व्यर्थ है। उनके अनुसार, न निष्पक्ष जांच होगी और न ही छात्रों को न्याय मिलेगा। श्री गांधी ने कहा कि बदलाव का एकमात्र माध्यम देशभर के छात्रों की एकजुट आवाज़ है और छात्रों का यह आंदोलन भारत की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाएगा।

# 17 जुलाई से चलेगी पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी और 75 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि 17 जुलाई की सुबह जालंधर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 75 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर के समय जींद स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाइड्रोजन रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही जींद से सोनीपत के बीच इस गाड़ी का परिचालन शुरु हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार देश की पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी के परिचालन को लेकर सभी एनओसी मिल चुकी हैं। इसका सफर ट्रायल हो चुका है। 10 कोच वाली यह गाड़ी जींद से सोनीपत के बीच लगभग 90 किलोमीटर का सफर लगभग एक घंटे में तय करेगी। इस गाड़ी में 5 से 25 रुपये तक का टिकट यात्रियों के लिए तय किया जा सकता है। उत्तर रेलवे का दिल्ली डिवीजन इसके उद्घाटन की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके साथ ही कुल 75 अमृत भारत स्टेशनों का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा जिसमें जलंधर, शामली, मोदी नगर और नरवाना स्टेशन भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि उत्तर रेलवे के कुल 13 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन अमृत भारत स्टेशन के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। इनके उद्घाटन को लेकर नोडल अधिकारी भी तैनात कर दिए गए हैं।

# सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. पंकज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. सिंह ने आज यहां सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईटी ट्रेनिंग लैब और प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी प्रमुख डिजिटल परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाये ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी ट्रेनिंग लैब सरकारी अधिकारियों को आधुनिक डिजिटल प्रशासन के अनुरूप आवश्यक तकनीकी कौशल प्रदान करेगी, जबकि एआई प्रशिक्षण उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग, नवाचार और प्रशासनिक कार्यों में उसके प्रभावी इस्तेमाल से परिचित करायेगा। इससे सरकारी कार्यप्रणाली अधिक दक्ष होगी, निर्णय प्रक्रिया मजबूत बनेगी और नागरिकों को मिलने वाली सेवाएं अधिक सरल, तेज और पारदर्शी होंगी। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली डिजिटल गवर्नेंस के अगले चरण का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक संस्थागत और तकनीकी आधार तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, ''आधुनिक एआई आईटी ट्रेनिंग लैब के माध्यम से सरकारी अधिकारियों की डिजिटल क्षमता को मजबूत करने और एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। हम ऐसा भविष्य उन्मुख डिजिटल इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जो शासन व्यवस्था और नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुविधाजनक बनायेगा।''

# डीआरडीओ ने लंबी दूरी की पिनाका रॉकेट प्रणाली का सफल उड़ान परीक्षण किया

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की निर्देशित रॉकेट प्रणाली पिनाका (एलआरजीआर) का बुधवार को सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह परीक्षण चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। रॉकेट का परीक्षण निर्धारित 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी के लिए किया गया। योजना के अनुरूप उड़ान के दौरान सभी निर्धारित संचालन सफलतापूर्वक प्रदर्शित करते हुए एलआरजीआर ने अनुमानित पथ का सटीक अनुसरण करते हुए लक्ष्य पर अत्यंत सटीकता के साथ प्रहार किया। सभी रेंज उपकरणों ने पूरी उड़ान के दौरान रॉकेट की निगरानी की। पिनाका का डिजायन आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने उच्च ऊर्ज़ा पदार्थ अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से तैयार किया है। इस कार्य में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने भी सहयोग किया है। रॉकेट का प्रक्षेपण मौजूदा पिनाका प्रक्षेपक से किया गया, जिससे इसकी बहुउपयोगिता सिद्ध हुई तथा एक ही प्रक्षेपक से विभिन्न दूरी की क्षमता वाले पिनाका रॉकेटों के प्रक्षेपण की क्षमता का प्रदर्शन भी हुआ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने इसे लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेटों के स्वदेशी डिजायन एवं विकास क्षमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने परीक्षणों की निकटता से निगरानी की और सफल परीक्षण से जुड़े सभी दलों को बधाई दी।

# पेज एक का शेष

## चाणक्य जैसा...

तक का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा मिलेगा, जबकि 10 हजार रुपये से कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिक्षक या कर्मचारी के साथ कोई अनहोनी होती है तो उनके बच्चों की शिक्षा और बेटियों के विवाह के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आज हर शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हम दे रहे हैं। देश में यूपी पहला राज्य है, जहां यह व्यवस्था लागू हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लगभग 10 लाख शिक्षकों और संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के 12 प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्रत्येक छात्र को यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, बैग और अन्य आवश्यक सामग्री के लिए 1200 रुपये की सहायता सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों की साझा जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे और 'निपुण भारत' अभियान के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और विद्यालयी जीवन की अच्छी आदतों के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने विद्यालयों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखते हुए सभी को उन्हें और बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री गुलाब देवी, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## 20 करोड़ की...

तैनात रहे ललित कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने खुली जांच की थी, जिसमें वह जांच के लिए निर्धारित अवधि में आय से 68 लाख रुपये से अधिक कमाई के दोषी पाए गए थे और जून 2024 में उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी ललित कुमार मई 2025 में एआरटीओ के पद पर पदोन्नत हुए थे। इसके बाद उनके विरुद्ध जांच विजिलेंस को सौंप दी गई थी।

## ईडी की सपा के पूर्व...

खातों, संदिग्ध लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की छानबीन में जुटी है। जांच में रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) के नेटवर्क के जरिए काली कमाई सामने आई है। इस रकम को अलग-अलग निवेश किया गया था। जांच में आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, डकैती, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े लगभग 60 मुकदमे सामने आए हैं।

## टीएमसी के बैंक...

के अनुसार, ईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अप्रैल 2023 से जून 2026 के बीच टीएमसी के बैंक खातों से करीब 160 करोड़ रुपये केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी एक अन्य कंपनी को ट्रांसफर की गई। इस राशि में से 112 करोड़ रुपये का इस्तेमाल एम्ब्रेयर लेगेसी 600 बिजनेस जेट और एक अगस्ता वेस्टलैंड 109 एसपी हेलीकॉप्टर खरीदने में किया गया। ईडी ने बताया कि हेलिकॉप्टर खरीदने के लिए 2023 में केमैन आइलैंड्स की एक कंपनी से 1.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बिना गारंटी वाला लोन लिया गया था। ईडी का आरोप है कि ये दोनों फ्लाइंग एसेट टीएमसी को किराए पर दिए गए थे, जबकि इन्हें पार्टी के फंड से खरीदा गया था। इसके बाद एयरक्राफ्ट के इस्तेमाल के नाम पर बड़ी रकम ट्रांसफर की गई। ईडी ने कहा कि इस लेन-देन के असली मकसद का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। ईडी ने कहा कि टीएमसी के तीन एचडीएफसी बैंक खातों में 440.42 करोड़ रुपये की राशि जमा है। इधर, बैंक ने कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर इन खातों में जमा राशि का खुलासा करने के लिए एक रिपोर्ट दाखिल की। कोर्ट ने रिपोर्ट नहीं खोली और सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी गई।

## कर्ज वसूली के ...

शुरू की थी। एस्सार पावर गुजरात ने दिवालियापन याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि दोनों पक्षों के बीच जनवरी 2025 में लगभग 107 करोड़ का समझौता हो चुका था। कंपनी का दावा था कि इस समझौते के तहत काफी भुगतान किया जा चुका था, जबकि बाकी रकम अपीलकर्ता-नारायणी रिसोर्सेज द्वारा डेबिट नोट जारी करने पर निर्भर थी, जो कभी जारी नहीं किया गया। प्रतिवादी एस्सार पावर ने कहा कि उसने ब्याज के तौर पर पहले ही 8 करोड़ अग्रिम भुगतान कर दिए थे और दावा किया कि यह रकम वापस मिलने लायक थी। समझौता और खातों के मिलान पर सवाल उठाते हुए, अपीलकर्ता की ओर से कहा गया था कि प्रतिवादी के अपने मामले के अनुसार भी, बकाया रकम का भुगतान किया जाना बाकी था और इसलिए, इनसॉल्वेंसी की अर्जी स्वीकार की जानी चाहिए थी।

## देश के सभी हवाई ...

हुए व्यापक ढांचा तैयार किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर यात्रियों की आवाजाही बाधित न हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टच-पॉइंट के लिए समन्वित योजना तैयार की गई है, जिससे यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। शाह ने निर्माणाधीन 21 हवाई अड्डों तथा विकास के लिए चिन्हित 41 अन्य हवाई अड्डों को यात्री यातायात के आधार पर प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी 62 हवाई अड्डों पर विकास कार्य अगले दो वर्षों में पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो तथा व्यावसायिक क्षेत्र निर्धारित मानकों के भीतर रहें। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को यात्री और विमान यातायात के आधार पर सभी हवाई अड्डों पर एयरोब्रिज की संख्या तय करने के मानक तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, वर्तमान में 16 प्रमुख हवाई अड्डों पर उपलब्ध बैगेज ड्रॉप सुविधा को अधिक यात्री संख्या वाले अन्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों तक विस्तारित करने को कहा। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि एक्स-रे स्क्रीनिंग में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों की शैक्षणिक योग्यता के निर्धारित मानकों में कोई ढील नहीं दी जानी चाहिए और आवश्यक योग्यता वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को ही इस कार्य में लगाया जाए। अमित शाह ने निर्देश दिया कि वर्ष 2027 तक सभी राज्यों की राजधानियों में विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) स्थापित कर दिए जाएं। उन्होंने अगरतला और जेवर हवाई अड्डों पर अधिकृत आप्रवासन चेक पोस्ट जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने फास्ट ट्रैक इमिग्रेशनऽट्रस्टेड ट्रैवलर्स प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) को लोकप्रिय बनाने के लिए एयरलाइंस के सहयोग से ऐसी व्यवस्था विकसित करने को कहा, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय टिकट बुक करते समय यात्रियों को व्हाट्सएप संदेश भेजकर इस पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में गृह मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सीआईएसएफ अलग-अलग स्वतंत्र तृतीय पक्ष एजेंसियों से व्यस्त यात्रा सीजन के दौरान अध्ययन कराएं, ताकि प्रमुख हवाई अड्डों के सभी टच-पॉइंट पर यात्रियों को होने वाली देरी का आकलन कर उसे कम करने के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकें।

## अमेरिका- ईरान के बीच...

बिक्री की अनुमति देने वाली प्रतिबंध छूट भी वापस ले ली है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस छूट के तहत अधिकृत सभी लेन-देन 17 जुलाई तक समाप्त कर दिये जायें। यह छूट पिछले महीने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन का हिस्सा थी।

## अमेरिकी हमले युद्धविराम...

के खिलाफ इज़रायल की जारी सैन्य कार्रवाई और आतंकवादी गतिविधियों ने समझौते के महत्वपूर्ण और बुनियादी प्रावधानों को निष्प्रभावी बना दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''इस खतरनाक तनाव वृद्धि के परिणामों की पूरी जिम्मेदारी संधि का उल्लंघन करने वाले अमेरिकी शासन की होगी। मंत्रालय ने कहा कि सभी देशों, विशेषकर फारस की खाड़ी के दक्षिणी तटवर्ती पड़ोसी देशों का अंतरराष्ट्रीय कानूनी दायित्व है कि वे किसी भी आक्रामक देश को अपने क्षेत्र या सुविधाओं का उपयोग ईरान के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के लिए न करने दें। बयान में कहा गया कि ईरान के खिलाफ किसी भी आक्रामक कार्रवाई में सहयोग करना उस अपराध में साझेदार और सहभागी बनने के समान होगा। विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासचिव से भी क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाये रखने की अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आग्रह किया। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करते हुए ईरान के सशस्त्र बल देश की क्षेत्रीय अखंडता, राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए किसी भी अमेरिकी सैन्य आक्रामकता का जवाब देने से नहीं हिचकिचाएंगे तथा किसी भी हमले के स्रोत को निशाना बनायेंगे।

# उत्तराखंड बनेगा विश्व की आध्यात्मिक राजधानी : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेमनगर आश्रम में मोरारी बापू की श्रीराम कथा के समापन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरिद्वार की पावन भूमि पर उन्हें अद्वितीय आध्यात्मिक सुख और आनंद की अनुभूति हो रही है।

उन्होंने मोरारी बापू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उत्तराखंड आगमन देवभूमि के लिए ईश्वर की विशेष कृपा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरारी बापू केवल श्रीराम कथा के वाचक नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, विचारों और जीवन-दर्शन के जीवंत संवाहक हैं। उन्होंने प्रवचनों के माध्यम से विश्वभर में भारतीय संस्कृति, सनातन दर्शन और आध्यात्मिक चेतना का संदेश पहुंचाया है।




उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा और आतंकवाद जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत की सनातन संस्कृति का वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है और उत्तराखंड सरकार देवभूमि को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी उद्देश्य से केदारखंड-मानसखंड मंदिर माला मिशन, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर तथा प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। चारधाम यात्रा ने बनाए नए रिकॉर्ड मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक यात्राओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा में दो माह के भीतर 45 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं हेमकुंड साहिब यात्रा में 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं और कैलाश मानसरोवर यात्रा में 5500 से अधिकश्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य में बेहतर बुनियादी ढांचे, सुरक्षित यात्रा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था का प्रमाण है। कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ-2027 केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का महापर्व है। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर चलते हुए देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक गरिमा और सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए विश्वास जताया कि संतों के आशीर्वाद और जनसहभागिता से उत्तराखंड आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। हरिद्वार आगमन पर गुरुकुल कांगड़ी हेलीपैड पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया।

# अल्पसंख्यक बच्चों की उच्च शिक्षा और कल्याण पर विशेष फोकस : डॉ. सुरजीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी । उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी की अध्यक्षता में जनपद नैनीताल के अल्पसंख्यक बच्चों की उच्च शिक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जनपद के समस्त मदरसों के प्रबंधकों, धर्मगुरुओं एवं उलेमाओं को आमंत्रित किया गया था। बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर हुई चर्चा उच्च शिक्षा को बढ़ावाः डॉ. गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। इसके लिए छात्रवृत्ति, कोचिंग एवं मार्गदर्शन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र, छात्र तक पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मिड-डे मील योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे को समयबद्ध तरीके से मिलना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धर्मगुरुओं एवं उलेमाओं द्वारा मदरसा शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं एवं मान्यता से जु ड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। डॉ. गांधी ने सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श कर उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जो भी मुद्दे शेष रह गए हैं, उन्हें अगली बैठक में विस्तार से रखा जाएगा। बैठक में ओबीसी आयोग के सदस्य डॉ. जेड. ए. वारसी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से अल्पसंख्यक बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। मुख्य धारा से जुड़कर ही समाज और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है। बैठक में प्रोफ़ेसर हामिद अली एवं डॉ. एलवा एड्रिनल, सदस्य ओबीसी आयोग ने भी अपने विचार रखे। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह नेगी को निर्देश दिए गए कि वे मदरसों में शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता एवं आधारभूत सुविधाओं का नियमित निरीक्षण करें। अल्पसंख्यक बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बैठक में ओबीसी आयोग के सदस्य डॉ. जेड. ए. वारसी, डॉ. एलवा एड्रिनल, मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह नेगी, मदरसा धर्मगुरु मौलाना एस. राजा सहित जनपद के विभिन्न मदरसों से आए धर्मगुरु, उलेमा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब एंड सिंध बैंक को गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग यूनिट खोलने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से अपनी पहली आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) स्थापित करने के लिए लाइसेंस मिल गया है। बैंक ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि उसे गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) शुरू करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से मंजूरी मिल गई है। पंजाब एंड सिंध बैंक ने कहा कि यह कदम बैंक की अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग मौजूदगी बढ़ाने और विश्व-स्तरीय ऑफशोर बैंकिंग सेवाएं देने की दिशा में एक अहम कदम है। पंजाब एंड सिंध बैंक के अनुसार आईबीयू विदेशी मुद्रा बैंकिंग, व्यापार वित्त और अन्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं के जरिए कॉर्पोरेट, वित्तीय संस्थानों, आयातकों और वैश्विक निवेशकों की फाइनेंसिंग आवश्यकताओं को पूरा करेगा। बैंक ने कहा कि यह कदम बैंक के लिए वैश्विक वित्तीय बाजारों में प्रवेश का एक ऐतिहासिक अवसर है, जो विदेशी मुद्रा ऋण और व्यापार वित्त को बढ़ावा देगा। बैंक ने कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय व्यापार क्षमताओं को मज़बूत करते हुए गिफ्ट आईएफएससी को एक प्रमुख विश्वव्यापी केंद्र के तौर पर विकसित करने के भारत सरकार के विजन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बारिश में जलभराव को रोकने के दावे गलत साबित हुए : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली । दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार का मानसून के दौरान जल-भराव को रोकने के लिए पूरी तैयारी करने के दावे पहली बारिश में गलत साबित हुए हैं। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में मंगलवार और बुधवार को बारिश के बाद कई सड़कें डूब गईं, जिनमें वे 'हॉट स्पॉट' भी शामिल थे जिनकी पहचान दिल्ली सरकार ने जल-भराव रोकने के लिए की थी। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार ने ट्रैफिक पुलिस और लगातार बारिश के डेटा के आधार पर 445 जल-जमाव वाले हॉट स्पॉट की मैपिंग का दावा किया था, जिसमें 169 बहुत संवेदनशील जगहें और गंभीर जल-भराव वाली महत्वपूर्ण जगहें (जैसे मिंटो ब्रिज, ज़खीरा, द्वारका, पुल प्रहलाद पुर और सरिता विहार) शामिल थीं। पिछले 24 घंटों में इस स्थानो जलभराव हुआ। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग पानी से भरी सड़कों और गलियों में गंदे नाले के पानी के वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल-भराव के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाए और बच्चे स्कूल जाने और वापस आने के लिए गंदे नाले के पानी से होकर गुजरते दिखाई दिए। देवेंद्र यादव ने कहा कि मानसून सीजन से पहले राजधानी की नालियों से 3.4 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा गाद निकालने का दावा किया गया, लेकिन पहली बारिश में कई इलाकों में जल-भराव की समस्या आई है।

### पौड़ी में चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ दिया धरना

पौड़ी गढ़वाल । राम मंदिर और बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी के मामले में कांग्रेस ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज कांग्रेसियों ने अयोध्या के राम मंदिर और ब्रदीनाथ मंदिर में हुए चढ़ावे चोरी के विरोध में लक्ष्मीनारायण मंदिर में धरना दिया। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई। लक्ष्मी नारायण मंदिर में धरना देते हुए कांग्रेस नेता सुंदरलाल मुयाल आदि ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के साथ ही केदारनाथ और ब्रदीनाथ मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले सामने आ रहे है, जिसमें भाजपा से जुड़े नेताओं का नाम सामने आ रहा है। आरोप लगाया कि मामले में बड़े भ्रष्ट्राचारियों को बचाने का काम किया जा रहा है। कहा कि लगातार मंदिरों से चढ़ावा चोरी के मामले सामने आने से पूरे देश की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है लेकिन केंद्र सरकार इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कांग्रेसियों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पार्टी के नगराध्यक्ष भरत सिंह, प्रमोद मंद्रवाल, अनूप सिंह, अमन नयाल, योगेंद्र कुमार, वीरेंद्र रावत, राहत हुसैन, अजय नेगी, राजेश भंडारी, युद्धवीर सिंह, जगमोहन रौथाण आदि शामिल रहे।

### छपरा सदर अस्पताल में कीचड़ और जलजमाव पर जिलाधिकारी नाराज अधिकारियों को लगाई फटकार

सारण । पिछले दिनों हुई हल्की बरसात के कारण छपरा सदर अस्पताल जाने वाली पहुंच पथ पर कीचड़ और जलजमाव से नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को सदर अस्पताल रोड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल के लिए चिन्हित पार्किंग एरिया को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए और जलजमाव से स्थाई मुक्ति के लिए ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को पूरी ट्रैफिक प्लानिंग के साथ इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा ताकि मरीजों और आमजन को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल की आंतरिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चिकित्सा पदाधिकारियों को पीने के पानी, बैठने की जगह और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### सारण में 8 वारंटी समेत 43 गिरफ्तार

सारण । पुलिस के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ और शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर जिले में एक विशेष अभियान चलाया गया। विगत 24 घंटों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में कुल 43 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शराब का सेवन करने वाले उन्नीस, शराब कारोबारी दो, विभिन्न मामलों के आठ वारंटी, हत्या के प्रयास में संलिप्त चार, अपहरण के तीन, चोरी और आईटी एक्ट के एक- एक तथा अन्य कांडों के पांच अभियुक्त शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने पांच अपहृता को भी बरामद किया है।

# दिल्ली में चार वर्षों में 32 हजार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार ने राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए मजबूत और विश्वसनीय चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने के लिए अगले चार वर्षों में 32 हजार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा है। ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो की पार्किंग, नगर निगम की पार्किंग, मेट्रो के एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे उपलब्ध खाली स्थान, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बाजार के आसपास, प्रमुख मॉल, रेलवे स्टेशनों के बाहर, सरकारी परिसरों और बड़े व्यावसायिक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में नई ईवी नीति को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में स्पष्ट किया कि अगले चार वर्षों में दिल्ली में मौजूदा लगभग 9 हजार ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर करीब 32 हजार करने के लक्ष्य पर गंभीरता से जुटी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिजली आपूर्ति, उपयुक्त स्थानों की उपलब्धता और विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजधानी में आधुनिक, तेज और सर्वसुलभ ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने की व्यावहारिक रणनीति पर रहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चार्जिंग स्टेशनों के लिए आवश्यक बिजली आपूर्ति, भविष्य में बढ़ने वाली मांग और उसके अनुरूप विद्युत अवसंरचना की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार केवल स्थान चुनने करने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इनके निर्बाध संचालन के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सोलर आधारित चार्जिंग स्टेशनों के विकास पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे ऊर्जा के स्वच्छ एवं टिकाऊ विकल्प को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को वास्तविक अर्थों में ईवी सिटी बनाने के लिए ऐसे आधुनिक चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएं, जहां बैठने की व्यवस्था, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों और अधिकांश स्टेशनों पर हर प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज किए जा सकें। उन्होंने




स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में फास्ट चार्जिंग तकनीक को प्राथमिकता दी जाए तथा वर्तमान में संचालित सभी स्लो चार्जिंग स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से फास्ट चार्जिंग स्टेशनों में परिवर्तित किया जाए। बैठक में चार्जिंग स्टेशनों के लिए उपयुक्त स्थानों की उपलब्धता पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने दिल्ली मेट्रो की पार्किंग, नगर निगम के पार्किंग स्थल, मेट्रो के एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे उपलब्ध खाली स्थान, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बाजारों के आसपास, प्रमुख मॉल, रेलवे स्टेशनों के बाहर, सरकारी परिसरों और बड़े व्यावसायिक क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की संभावनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार के लिए विभिन्न एजेंसियों का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। इस दिशा में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इन संस्थाओं के पास उपलब्ध भूमि, पार्किंग और अन्य अवसंरचना का बेहतर उपयोग करते हुए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त चार्जिंग स्टेशनों के विकास के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ शीघ्र समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर कार्य शुरू कर दिया जाए ताकि दिल्ली में ईवी चार्जिंग अवसंरचना का तेजी से विस्तार हो और राजधानी स्वच्छ, आधुनिक एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ा सके।

## छपरा में जिला उर्दू भाषा कोषांग के द्वारा काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

सारण। जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में एक शाम बशीर बद्र के नाम साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने कहा कि शायर बशीर बद्र की शायरी उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली ग़ज़लों के माध्यम से प्रेम, इंसानियत, सौहार्द और समकालीन संवेदनाओं को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया है। जिला उर्दू भाषा कोषांग पदाधिकारी जावेद एकबाल ने नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि ऐसी गोष्ठियाँ युवाओं में भाषा के प्रति प्रेम और साहित्यिक चेतना विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उर्दू को गंगा-जमुनी तहज़ीब की सुंदर प्रतिनिधि बताते हुए इसकी उन्नति को सबकी साझा जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में मेहदी शॉ ने बशीर बद्र के अनूठे अंदाज़ और आवाज़ में उनकी रचनाएं पढ़ीं, जबकि कृष्ण मेनन ने अपनी मधुर आवाज़ में ग़ज़ल प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# कांवड़ मेले में भी नहीं मिलेगा रिंग रोड का लाभ, कुंभ से पहले पूरा होने की उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार को वर्षों पुरानी जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए बनाई जा रही बहुप्रतीक्षित रिंग रोड परियोजना का लाभ इस वर्ष कांवड़ मेले में भी नहीं मिल सकेगा। करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बन रही परियोजना का प्रथम चरण एक बार फिर देरी का शिकार हो गया है। बरसात के मौसम में खनन कार्य बंद होने और मिट्टी की उपलब्धता प्रभावित होने से निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी पड़ गई है। अब अधिकारियों को उम्मीद है कि परियोजना का पहला चरण नवंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा और 2027 के कुंभ मेले से पहले यह मार्ग यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।



हरिद्वार में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए रिंग रोड परियोजना को तीन चरणों में विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में बहादराबाद से श्यामपुर अंजनी चेक पोस्ट तक लगभग 15 किलोमीटर लंबा फोरलेन बाईपास बनाया जा रहा है। परियोजना का लगभग 77 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि करीब 9 किलोमीटर सड़क का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है।

यह मार्ग बहादराबाद से शुरू होकर सराय, जमालपुर, जगजीतपुर और कांगड़ी होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर अंजनी चेक पोस्ट तक पहुंचेगा। इसके शुरू होने के बाद बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वाहन हरिद्वार शहर में प्रवेश किए बिना सीधे श्यामपुर और नजीबाबाद मार्ग की ओर जा सकेंगे, जिससे शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव में बड़ी कमी आएगी।

परियोजना के तहत छह फ्लाईओवर और गंगा नदी पर एक बड़े सड़क पुल का निर्माण किया जा रहा है। गंगा पुल का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और इसे परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। निर्माण एजेंसी के अनुसार बरसात के कारण मिट्टी भराव का कार्य प्रभावित हुआ है। खनन सामग्री की कमी और लगातार बारिश के चलते निर्माण

## रंजिश का खूनी खेल! रास्ता रोक युवक पर लोहे की रॉड से हमला, कई हड्डियां टूटीं, सात पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । जनपद के पथरी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर कथित जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। चार जुलाई की तड़के स्कॉर्पियो सवार सात लोगों पर एक युवक का रास्ता रोककर लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप है। गंभीर घायल युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने सात नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रामपुर रायघटी निवासी रामकुमार ने आज तहरीर देकर बताया कि उसका भाई सतीश 4 जुलाई की सुबह करीब सवा तीन बजे मोटरसाइकिल से एक परिचित से मिलने जौलीग्रांट अस्पताल जा रहा था। आरोप है कि धनपुरा स्थित टूटी पुलिया के पास पहले से स्कॉर्पियो में घात लगाए बैठे सात लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर सतीश के दोनों हाथों की कलाइयों, एक उंगली, हाथ और पैर की हड्ड्यां तोड़ दीं। उसके होंठ पर भी गंभीर चोट आई। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपितों ने उसका मोबाइल फोन छीनकर सड़क पर पटका व कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित स्कॉर्पियो में सवार होकर भाग निकले। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची व घायल को अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हरिद्वार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मोहित, हिमांशु, मोहित, अमित, मिथुन, रोबिन और सचिन पुत्र बिन्दर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बहादुरगंज में 2.15 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, घर में चल रहा था अवैध कारोबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज । जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बहादुरगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.150 किलोग्राम गांजा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक महिला और एक युवती भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर बहादुरगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कटहलबाड़ी गांव निवासी अरबिन्द कुमार अपने घर से गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 खुसरू सिराज के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अरबिन्द कुमार के घर पर विधिवत छापेमारी की, जहां तलाशी के दौरान कुल 2.150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कटहलबाड़ी निवासी अरबिन्द कुमार (20 वर्ष), दहगांव निवासी भोबिन्दर हरिजन (55 वर्ष), एक महिला और एक युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपितों को बरामद गांजा के साथ न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया। इस संबंध में बहादुरगंज थाना कांड संख्या 428/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 (बी)(द्वद्व)(बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है। साथ ही बरामद गांजा के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की भी जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर उसे नियमानुसार जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष सुनील कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार भारती, अपर पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार तथा बहादुरगंज थाना के सशस्त्र बल और चौकीदार शामिल रहे। किशनगंज पुलिस ने कहा है कि जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पहाड़ी क्षेत्रों में भोजन नली के कैंसर के कारणों पर शोध करेगा श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में भोजन नली (इसोफ़ेगस) के कैंसर के बढ़ते मामलों के कारणों का पता लगाने के लिए श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल ने शोध शुरू करने का निर्णय लिया है। शोध का उद्देश्य विभिन्न संभावित जोखिम कारकों का वैज्ञानिक अध्ययन कर बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार की दिशा में ठोस आधार तैयार करना है। अस्पताल के कैंसर विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के विभिन्न पर्वतीय जिलों से बड़ी संख्या में भोजन नली के कैंसर के मरीज उपचार के लिए यहां पहुंच रहे हैं। इसी रुझान को देखते हुए शोध में तंबाकू, धूम्रपान, शराब का सेवन, अत्यधिक गर्म चाय, भोजन या अन्य पेय पदार्थों का नियमित सेवन, फल एवं सब्जियों की कमी, पोषण संबंधी असंतुलन, मोटापा, एसिड रिफ्लक्स, घरों के भीतर धुएं का संपर्क, पेयजल की गुणवत्ता, पर्यावरणीय परिस्थितियों तथा अन्य स्थानीय कारणों की भूमिका का प्रमाण-आधारित अध्ययन किया जाएगा। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि अस्पताल में उत्तराखण्ड के विभिन्न पहाड़ी जिलों से भोजन नली के कैंसर के अनेक मरीज उपचार के लिए आते हैं। अब तक कई मरीजों का सर्जरी, कीमोथेरेपी तथा अन्य आधुनिक उपचार विधियों से सफलतापूर्वक उपचार किया जा चुका है। अस्पताल में उपचार प्राप्त कर चुके कई मरीज पांच वर्ष से अधिक समय से जीवित हैं और सामान्य एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे हैं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में भोजन नली के कैंसर की जांच और उपचार के लिए अपर जीआई एंडोस्कोपी, बायोप्सी, पैथोलॉजी, सीटी स्कैन तथा अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन जांचों के आधार पर बीमारी की अवस्था, मरीज के सामान्य स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति का आकलन कर व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार की जाती है। आवश्यकता पर विशेष जांचों अथवा उपचार के लिए संबंधित विशेषज्ञ केन्द्रों के साथ समन्वय भी किया जाता है। अस्पताल में कीमोथेरेपी, ओपन व दूरबीन विधि से कैंसर सर्जरी, ऑपरेशन के बाद गहन चिकित्सा, दर्द नियंत्रण, पोषण सहायता, फिजियोथेरेपी तथा नियमित फॉलो-अप की सुविधाएं उपलब्ध हैं। जटिल मामलों में कैंसर विशेषज्ञ, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ व पोषण विशेषज्ञ मिलकर मरीज की उपचार योजना तैयार करते हैं। गर्ग ने बताया कि चयनित मरीजों में भोजन नली के कैंसर का ऑपरेशन दूरबीन विधि, अर्थात मिनिमली इनवेसिव इसोफ़ेगेक्टॉमी से भी किया जाता है। इसमें छाती और पेट पर बड़े चीरे लगाने के बजाय छोटे छेदों के माध्यम से सर्जरी की जाती है। उचित मरीज के चयन और अनुभवी सर्जिकल टीम द्वारा किए जाने पर इस तकनीक से ऑपरेशन के बाद दर्द, फ़ेफड़ों से संबंधित जटिलताओं और अस्पताल में रहने की अवधि को कम करने तथा मरीज को शीघ्र सामान्य गतिविधियों में लौटने में सहायता मिल सकती है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063